डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

# दैनिक रॉयल पत्रिका

वर्ष :13 | अंक : 133 | पेज: 8 | जयपुर, मंगलवार 22 अप्रैल 2025 | मूल्य: 1.50 रुपये

## नवाचार व उत्कृष्ट कार्यों के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लोक सेवकों को किया पुरस्कृत

### -मुख्यमंत्री उत्कृष्टता व राजस्थान संपर्क पोर्टल पुरस्कार का हुआ वितरण




जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। लोक सेवा दिवस के उपलक्ष्य में जयपुर के हरीश चन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान में सोमवार को लोक सेवा दिवस-2025 समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लोक सेवकों को मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार-2025 व राजस्थान संपर्क पोर्टल पुरस्कार से सम्मानित किया। कार्यक्रम में उद्योग विभाग के प्रमुख शासन सचिव अजिताभ शर्मा को दिसंबर 2024 में "राईजिंग राजस्थान" कार्यक्रम का सफल आयोजन करने के लिए, श्री देवराज, निदेशक, पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण विभाग को जीवित प्रमाणपत्र के ऑनलाइन वेरिफिकेशन संबंधित नवाचार के लिए तथा डॉ. विपिन माथुर, प्राचार्य, RNT मेडिकल कॉलेज, उदयपुर को "मेरा अस्पताल मेरी जिम्मेदारी" नवाचार के लिए संस्था/विभाग श्रेणी में मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार-2025 से सम्मानित किया गया।

वहीं, व्यक्तिगत श्रेणी में यह पुरस्कार प्रज्ञा केवलरमानी, संभागीय आयुक्त, उदयपुर को जनजाति बहुल क्षेत्रों में "लक्ष्य ओलंपिक" का आयोजन कर लेक्रोस खेल के कौशल में उत्कृष्टता हेतु प्रेरित करने के लिए, शुभम चौधरी, जिला कलेक्टर, सवाई माधोपुर को शिक्षा के क्षेत्र में नवाचारों के लिए तथा डॉ. धीरज कुमार सिंह, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जोधपुर को निविदा आधारित ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम में नवाचार एवं सफल संचालन के लिए प्रदान किया गया।

इसी क्रम में अनिल कुमार बेनीवाल, पुलिस अधीक्षक, सिरोही को ऑपरेशन परवाज एवं महिला बीट सिस्टम संचालित करने के लिए, मानस सिंह, उप वन संरक्षक, भरतपुर को केवलादेव नेशनल पार्क में ई-व्हीकल शुरु करने एवं BOMA तकनीक का प्रयोग करने के लिए तथा सुमन मालीवाल, जेल अधीक्षक, बीकानेर को कैदियों के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए व्यक्तिगत श्रेणी में मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार-2025 दिया गया।

इन अधिकारियों को मिला राजस्थान संपर्क पोर्टल पुरस्कार— मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लोक सेवा दिवस के अवसर पर प्रमुख शासन सचिव, वैभव गालरिया को वर्ष 2024 में (कृषि विभाग हेतु) तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी, स्टेट हेल्थ एश्योरेन्स ऐजेन्सी, प्रियंका गोस्वामी को वर्ष 2024 में संपर्क पोर्टल पर लोक शिकायतों के प्रभावी समाधान में राहत संतुष्टि प्रतिशत में सर्वाधिक वृद्धि करने के लिए पुरस्कृत किया। साथ ही, मुख्यमंत्री शर्मा ने आयुक्त, सुरेश कुमार ओला को वर्ष 2024 में (निदेशालय स्थानीय निकाय हेतु) व रूकमणी रियार, आयुक्त नगर निगम, जयपुर ग्रेटर को वर्ष 2024 में संपर्क पोर्टल पर लोक शिकायतों के प्रभावी समाधान द्वारा औसत निस्तारण समय में उल्लेखनीय कमी सुनिश्चित करने के लिए राजस्थान संपर्क पोर्टल पुरस्कार से पुरस्कृत किया।इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संपर्क पोर्टल पर लोक शिकायतों का वर्ष 2024 में प्रभावी समाधान करने के लिए जिला कलक्टर के रूप में आशीष गुप्ता (अलवर), अजय सिंह राठौड़ (झालावाड), गौरव अग्रवाल (जोधपुर), चिन्मयी गोपाल (झुन्झुनू), कमर उल जमान चौधरी (सीकर), बाल मुकुन्द असावा (डीडवाना-कुचामन), डॉ. निशांत जैन (बाड़मेर), अंजलि राजोरिया (प्रतापगढ़) तथा डॉ. इंद्रजीत यादव (बांसवाडा) को राजस्थान संपर्क पोर्टल पुरस्कार प्रदान किया गया।

## बिहार विधानसभा के नवंबर 2025 में हो सकते हैं चुनाव

### -नीतीश के नेतृत्व में एनडीए की हो सकती है वापसी





जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की संभावनाओं का आकलन करना जटिल है, क्योंकि यह गठबंधनों, नेताओं की लोकप्रियता, जातिगत समीकरणों, और हाल के राजनीतिक घटनाक्रमों पर निर्भर करता है। उपलब्ध जानकारी और हाल के विश्लेषणों के आधार पर, कई बिंदुओं से स्थिति का अनुमान लगाया जा सकता है।

**एनडीए:** नीतीश कुमार की जनता दल यूनाइटेड (JDU) और भारतीय जनता पार्टी (BJP) के नेतृत्व वाला एनडीए गठबंधन मजबूत स्थिति में दिखाई देता है। नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री चेहरा घोषित किया गया है, और JDU ने "मिशन 225" के तहत 225 सीटें जीतने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। NDA को पिछले प्रदर्शन (2020 में 125 सीटें) और नीतीश कुमार की विकास योजनाओं के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में समर्थन मिल सकता है। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के चिराग पासवान को कुछ नेता मुख्यमंत्री चेहरा के रूप में प्रोजेक्ट कर रहे हैं, जिससे गठबंधन के भीतर नई गतिशीलता दिख सकती है। एनडीए नेताओं ने दावा किया गया है कि NDA 205 सीटें जीत सकता है, लेकिन यह अनुमान अतिशयोक्तिपूर्ण हो सकता है।

**महागठबंधन:** राष्ट्रीय जनता दल (RJD) के नेतृत्व में महागठबंधन तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री चेहरा बनाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन गठबंधन के भीतर सीट बंटवारे और नेतृत्व पर एकरूपता की कमी दिख रही है। RJD को यादव और मुस्लिम वोट बैंक (MY समीकरण) का समर्थन मिल सकता है, लेकिन कुछ विश्लेषकों का मानना है कि यह समीकरण कमजोर पड़ रहा है। कांग्रेस बिहार में अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश कर रही है, खासकर राहुल गांधी के लगातार दौरे और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर फोकस के साथ। फिर भी, कांग्रेस का वोट आधार सीमित है, और पिछले चुनावों में इसका प्रदर्शन कमजोर रहा (2020 में 19 सीटें)। अनुमान लगाया गया है कि आरजेडी 23-26 सीटें और महागठबंधन कुल 90-110 सीटें जीत सकता है।

**अन्य खिलाड़ी और जातिवाद:** प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा कर चुकी है, जिसमें 40 सीटों पर महिला उम्मीदवार होंगी। यह नया प्रयोग वोटों का बंटवारा कर सकता है, लेकिन इसकी जीत की संभावना अभी स्पष्ट नहीं है।RCP सिंह की नई पार्टी और अन्य छोटे दल भी कुछ क्षेत्रों में प्रभाव डाल सकते हैं।
जातिगत गणित: बिहार की राजनीति में जाति महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उच्च जातियों (15%) का वोट BJP की ओर झुक सकता है, जबकि महादलित और पासवान वोटों पर चिराग पासवान और पशुपति पारस के बीच टकराव है।

**सीमांचल और अन्य क्षेत्र:** सीमांचल में पप्पू यादव जैसे नेताओं के प्रभाव से कांग्रेस को कुछ लाभ हो सकता है।
**MY समीकरण:** RJD का पारंपरिक यादव-मुस्लिम वोट बैंक अब उतना मजबूत नहीं माना जा रहा, क्योंकि युवा वोटर और विकास के मुद्दे प्रभावी हो रहे हैं।
नीतीश कुमार की स्थिति: नीतीश कुमार की छवि और स्वास्थ्य को लेकर विवाद छिड़ा हुआ है, लेकिन उनके समर्थक उन्हें स्थिर और अनुभवी नेता मानते हैं।

**JDU में अस्थिरता:** वक्फ कानून समर्थन और मुजाहिद आलम जैसे नेताओं के इस्तीफे से JDU को नुकसान हो सकता है।
**महागठबंधन की रणनीति:** तेजस्वी यादव की लोकप्रियता युवाओं में है, लेकिन गठबंधन के भीतर सीट बंटवारे पर असहमति उनकी संभावनाओं को कमजोर कर सकती है।
**विकास बनाम सामाजिक न्याय:** NDA विकास और नीतीश की योजनाओं पर जोर दे रहा है, जबकि महागठबंधन सामाजिक न्याय और रोजगार के मुद्दों को उठा रहा है।

वर्तमान रुझानों और संगठनात्मक ताकत के आधार पर, NDA को बहुमत (122+ सीटें) मिलने की संभावना अधिक दिख रही है, संभवतः 130-150 सीटों के बीच। नीतीश कुमार के नेतृत्व और BJP के संसाधनों का संयोजन इसे मजबूत बनाता है।महागठबंधन 90-110 सीटें जीत सकता है, जिसमें RJD सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभर सकती है। हालांकि, गठबंधन के भीतर एकता की कमी इसे बहुमत से दूर रख सकती है। अन्य दलों का प्रभाव: जन सुराज और छोटे दल कुछ सीटों पर उलटफेर कर सकते हैं, लेकिन सरकार बनाने की स्थिति में शायद ही पहुंचें। फिलहाल, एनडीए (JDU-BJP) के जीतने की संभावना अधिक प्रतीत होती है, मुख्य रूप से नीतीश कुमार की स्थापित छवि, NDA की संगठनात्मक ताकत, और महागठबंधन की आंतरिक कमजोरियों के कारण। हालांकि, तेजस्वी यादव की युवा अपील और महागठबंधन की सामाजिक न्याय की रणनीति कुछ क्षेत्रों में कड़ा मुकाबला दे सकती है। अंतिम परिणाम सीट बंटवारे, प्रचार, और मतदाता भावनाओं पर निर्भर करेंगे।

## मुसलमानों का विकास बिना सरकारी योजनाओं के संभव नहीं है!

### -कांग्रेस शासन में मुसलमानों के विकास पर ध्यान नहीं दिया गया तो दूसरी तरफ बीजेपी सरकारी योजनाओं में बजट कम कर रही है

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। देश में मुस्लिम वर्ग को लेकर राजनीति चरम सीमा पर है। केंद्र की भाजपा सरकार बहुसंख्यकों के विकास पर कितना ध्यान दे रही है, कुछ कहा नहीं जा सकता है। लेकिन अल्पसंख्यक वर्ग विशेष कर मुस्लिम वर्ग के बारे में काफी चिंतित दिखाई देने लगी है। यह चिंता मुसलमानों के विकास को लेकर है या मुसलमानों को हाशिए पर ढकेलने के लिए, जानने की जरूरत है। मोदी सरकार के 11 वर्ष के शासन काल में कम से कम 5 प्रमुख विधेयक पेश किये, जो प्रत्यक्ष या परोक्षरूप से मुस्लिम समुदाय से संबंधित हैं। इनमें है- नागरिकता संशोधित विधेयक (CAA),जम्मू कश्मीर पुनर्गठन विधेयक- 2019, मुस्लिम महिला (तीन तलाक विधेयक) 2017-2019 एवं वक़्फ़ संशोधन विधेयक 2024- 2025 और मुसलमान वक़्फ़ (निरसन) विधेयक 2024-25 शामिल है ।
इन विधेयकों को संसद में पेश करने से मुस्लिम समुदाय का कितना लाभ होगा या हुआ है, यह तो नहीं कहा जा सकता। लेकिन इन विधेयकों के संसद में पास करवाने के समय देश के पूरे मुस्लिम समुदाय ने पुरजोर विरोध किया और मुसलमानों के धार्मिक अधिकारों एवं नागरिक अधिकारों में दखल बताया। इसके अलावा भाजपा सरकार ने अल्पसंख्यकों के लिए चल रही विकास योजनाओं के बजट में कमी की और छात्र-छात्राओं को मिलने वाली छात्रवृत्ति में कटौती की है। केंद्र और उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकारों ने अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, जौहर यूनिवर्सिटी और जामिया मिलिया यूनिवर्सिटी सहित विभिन्न विख्यात मदरसों के संचालन में दखल देने की कोशिश की है। देश के विभिन्न भागों में मॉबलिंचिंग हुई, बुलडोजर से मकान ढहाए गए। लेकिन सरकार ने मुस्लिम संरक्षण के लिए कोई विशेष उपाय नहीं किया। जबकि सरकार सबका साथ और सबका विकास समान रूप से करने की बात करती है।

**कांग्रेस का शासनकाल 1947 से लेकर 2014 तक**
देश में मुसलमानों का कितना विकास हुआ, इसकी भी जानकारी जरूरी है। इस समयकाल में जो मुस्लिम आर्थिक एवं व्यावसायिक रूप से सक्षम थे, उन्होंने काफी तरक्की की थी। लेकिन ऐसे लोगों और परिवारों की संख्या काफी कम थी। देश के वैज्ञानिक, राष्ट्रपति, केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री एवं सरकारी अधिकारी बने। लेकिन दूसरी तरफ जो लोग गरीब थे, वे और गरीब होते चले गए। मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में कांग्रेस सरकार ने अच्छे स्कूल, अस्पताल और बैंक खोलने की जरूरत महसूस नहीं की। यही कारण है कि सच्चर कमेटी की रिपोर्ट में मुसलमानों को दलितों से भी पिछड़ा हुआ बताया गया। कांग्रेस शासन में मुसलमानों के युवाओं की गुंडागर्दी, चाकूबाजी, तस्करी एवं गैंगस्टर चलाने में रुचि बढ़ाने लग गई थी। ऐसे लोगों ने कानून हाथ में लेकर पूरे मुस्लिम समुदाय को बदनाम किया।

उन्हीं के कारण मुस्लिम क्षेत्रों में सरकारों को जगह स्कूल, कॉलेज, अस्पताल की जगह पुलिस थाने, पुलिस चौकियां या पुलिस ट्रेनिंग सेंटर खोलने पड़े। ऐसे लोगों के कारण आए दिन दंगे फसाद और लड़ाई- झगड़े की बातें होने लगी। पढ़ाई, रोजगार एवं सामाजिक सुधार की बातें मुस्लिम युवा आज भी नहीं करते हैं। कांग्रेस की तरफ से पूरी छूट दी गई, क्योंकि कांग्रेस को वोट लेकर सत्ता में बने रहना था और मुसलमानों की नाराजगी से डरती थी । मुसलमानों का विकास कांग्रेस की प्राथमिकता में नहीं था।

### अजमेर दरगाह में मंदिर होने के दावे के मामले में सुनवाई टली

अजमेर, (रॉयल पत्रिका)। अजमेर की ऐतिहासिक ख्वाजा गरीब नवाज़ की दरगाह शरीफ में श्री संकट मोचन महादेव मंदिर होने के दावे को लेकर चल रहे विवाद पर शनिवार को सिविल न्यायाधीश अजमेर नगर (पश्चिम) की अदालत में सुनवाई नहीं हो सकी। हिंदू राष्ट्र सेना के अध्यक्ष विष्णु गुप्ता द्वारा दरगाह में "श्री संकट मोचन महादेव मंदिर" होने के दावे पर दायर याचिका की सुनवाई उनके वकील की अनुपस्थिति के चलते टाल दी गई। अब इस मामले में अगली सुनवाई 31 मई 2025 को होगी। वहीं इस मामले में वादी विष्णु गुप्ता की ओर से प्रधानमंत्री, केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा दरगाह में चादर पेश करने के लिए प्रस्तुत स्थगन प्रार्थना पत्र पर प्रतिवादी केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्रालय और ऑर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (एएसआई)

शेष पृष्ठ 2 पर...

## राज्यपाल ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सम्मेलन में भाग लिया

### -चरक और सुश्रुत जैसे विद्वानों से मिलती है हमें प्रेरणा: राज्यपाल




जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने रविवार को छत्रपति संभाजी नगर में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने इस दौरान भारत की महान विरासत की चर्चा करते हुए कहा कि भारत ने जब जीरो का ज्ञान दिया तब दुनिया को गिनती आई।

उन्होंने नालन्दा विश्वविधालय में बख्तियार खिलजी द्वारा भारतीय ज्ञान से जुड़ी पुस्तकें जलाने का जिक्र करते हुए कहा कि चिकित्सा के महान ग्रन्थ इसलिए आग के हवाले कर दिए गए कि भारत रोग निदान में उस समय भी अग्रणी था। राज्यपाल ने प्राचीन भारतीय स्वास्थ्य एवं चिकित्सा से जुड़े ज्ञान के आलोक में भारत को अग्रणी बनाने का आह्वान किया।

उन्होंने तक्षशिला विश्वविद्यालय में अध्ययन करने वाले महान चिकित्सक जीवक और चरक, सुश्रुत जैसे विद्वानों की चर्चा करते हुए कहा कि प्राचीन ज्ञान को सहेजते हुए चिकित्सा सेवाओं को समृद्ध और संपन्न किया जाए।उन्होंने चिकित्सा क्षेत्र में नवाचार, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, और चिकित्सकों को सेवा भाव रखते हुए सस्ती, सुलभ और प्रभावी चिकित्सा को केंद्र में रखकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने आईएमए संगठन के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने और जन-जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वालों को सम्मानित भी किया।

### सोने की कीमत 1 लाख के करीब पहुंची



नई दिल्ली। सोने की कीमत लगातार अपना रिकॉर्ड हाई बना रही है। इसका मुख्य कारण चीन और अमेरिका के बीच चल रही वैश्विक चिताएं बताई गई है। 21 अप्रैल को 24 कैरेट सोने की कीमत 99,800 रुपये प्रति ग्राम पहुंच गई है। अनुमान है 22 अप्रैल तक 24 कैरेट सोने का दाम 1 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंच जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक सोमवार को 24 कैरेट सोने की कीमत में 1650 रुपए प्रति 10 ग्राम बढ़ा है। सराफा बाजार में 24 कैरेट सोने का भाव 99,800 रुपए प्रति 10 ग्राम है। जिसका मतलब है कि इसमें 1 लाख बनने में बस 200 रुपए का ही अंतर है।

## आरएएस अधिकारी अकील अहमद सेवा से बर्खास्त



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राज्य सरकार ने राजस्थान प्रशासनिक सेवा (RAS) के अधिकारी अकील अहमद खान के खिलाफ कड़ा कदम उठाते हुए उन्हें सेवा से बर्खास्त कर दिया है। अकील अहमद पर सेवा से लंबे समय तक अनुपस्थित रहने और इस दौरान किसी अन्य पेशे में लिप्त रहने के आरोप थे। कार्मिक विभाग के संयुक्त सचिव कनिष्क कटारिया द्वारा जारी आदेश के अनुसार, अकील अहमद 5 जून 2022 से बिना स्वीकृत अवकाश के लगातार अनुपस्थित चल रहे थे। इसके बावजूद उन्होंने न तो पदभार ग्रहण किया और न ही विभागीय नोटिसों का कोई संतोषजनक जवाब दिया। अकील अहमद, जो पूर्व में राजस्थान वक्फ बोर्ड के सीईओ भी रह चुके हैं, ने 15 मार्च 2022 को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (VRS) का अनुरोध किया था। हालांकि, 18 माह का असाधारण अवकाश पहले ही लिए जाने के कारण उनकी कुल सेवा 15 वर्षों से कम रह गई, जिससे वे VRS के पात्र नहीं माने गए। इसके बाद उन्होंने 8 जून 2022 को त्यागपत्र स्वीकार करने का अनुरोध करते हुए सेवा से बाहर जाने की मंशा जताई। परंतु बिना आधिकारिक स्वीकृति के सेवा से नदारद रहने के चलते मामला विवादित हो गया।

बार-बार नोटिस, लेकिन पदभार ग्रहण नहीं किया
सरकार ने अकील अहमद का तबादला महिला एवं बाल विकास विभाग, बांसवाड़ा में निदेशक पद पर किया, मगर उन्होंने वहां ज्वॉइन ही नहीं किया।

शेष पृष्ठ 2 पर...

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया मलसीसर डैम का निरीक्षण

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इंदिरा गांधी नहर परियोजना से झुंझुनूं जिले में पेयजल आपूर्ति के लिए बने मलसीसर डैम का सोमवार को निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शेखावाटी क्षेत्र को पर्याप्त पेयजल तथा सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता है और इसके लिए हम प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं।

**यमुना जल समझौते की क्रियान्विति हो रही सुनिश्चित—**
शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के संकल्प को साकार करते हुए जनता से किया हर एक वादा पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि हमने सरकार बनते ही सबसे पहले यमुना जल को शेखावाटी में लाने के लिए हरियाणा सरकार से यमुना जल समझौते पर एमओयू किया। इस समझौते की क्रियान्विति सुनिश्चित हो रही है क्योंकि हमारी सरकार जो कहती है, वह करती है।
उन्होंने शेखावाटी की सांस्कृतिक विरासत पर भी प्रकाश डालते हुए यहां के रणबांकुरों के प्रति श्रद्धा व सम्मान जताया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान कर्म भूमि से मातृभूमि अभियान के तहत जल संचय संरचना का शिलान्यास किया व पूजा अर्चना की।

## जीशान को जान से मारने की मिली धमकी, अलर्ट हुई मुंबई पुलिस

नई दिल्ली। बाबा सिद्दीकी के बेटे और एनसीपी नेता जीशान सिद्दीकी को ईमेल के जरिए जान से मारने की धमकी मिली है। ईमेल में कहा गया है कि उनके पिता की तरह ही उन्हें भी जान से मार दिया जाएगा।
धमकी देने वाले ने जीशान से 10 करोड़ रुपए की मांग की गई है। धमकी देने वाले ने कहा कि वह हर छह घंटे में ऐसे ईमेल भेजेगा।
**तीन हमलावरों ने बाबा सिद्दीकी पर चलाई थी गोलियां**
बता दें कि बाबा सिद्दीकी की बांद्रा पूर्व में निर्मल नगर के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उनके कार्यालय के बाहर कम से कम दो-तीन लोगों ने घात लगाकर उन पर हमला किया था।
जैसे ही वह पार्टी ऑफिस पर पहुंचे हमलावर दौड़ते हुए आए और उन्होंने उनके ऊपर अंधाधुंध कई राउंड गोलियां चलाईं। उन्हें



दो-तीन गोलियां लगीं, जिनमें से एक सीने में लगी। इस हत्याकांड में मुख्य आरोपी सहित कई लोगों की गिरफ्तारी हुई।

# भाजपा सांसद निशिकांत दुबे पर कार्यवाही होगी?

**-दुबे ने कहा कि देश में सभी गृह युद्ध सीजेआई के कारण**
**-साथ ही पूर्व मुख्य निर्वाचन अधिकारी एसवाई कुरैशी को मुस्लिम कमिश्नर बताया**



जयपुर, (रॉयल पत्रिका )। भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे मुस्लिमों के प्रति अपने बयानों के लिए हमेशा से ही चर्चा में रहे हैं। भाजपा में ऐसे फायर ब्रांड नेताओं की कमी नहीं है। दुबे ने एक कदम आगे बढ़ते हुए सी जे आई संजीव खन्ना को देश में सभी धार्मिक गृहयुद्धों के लिए जिम्मेदार ठहरा दिया। सांसद दुबे वक्फ संशोधित कानून पर सुप्रीम कोर्ट के निर्पाय से नाराज दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने संवैधानिक नियमों और मर्यादाओं को भी अपने बयानों में ख्याल नहीं रखा। निशिकांत दुबे के बयान का जब देश में सोशल मीडिया पर विरोध बढ़ने लगा तो भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने अपने ही सांसद के बयान को उनका निजी बयान बता दिया। भाजपा के सांसद पर पार्टी कार्यवाही करेगी या नहीं करेगी सबकी निगाहें लगी हुई है। वैसे संभावना यही है कि भाजपा निशिकांत दुबे के विरुध मामूली कार्यवाही करके इतिश्री कर सकती है। निशिकांत दुबे बिना भड़काऊ बयान दिए रह नहीं सकते हैं। उन्होंने पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी को चुनाव आयोग का मुस्लिम कमिश्नर बता दिया और आरोप लगाया कि झारखंड में बांग्लादेशियों के सबसे ज्यादा वोटर आईडी कुरैशी के समय ही बनाए गए। निशिकांत दुबे के बयानों पर पार्टी ने संज्ञान नहीं लिया। माना जा रहा है कि भाजपा इस बार भी दुबे के बयानों को उनके निजी बयान बताकर पीछा छुड़ा लेगी।

## घर-आंगन कालोनी के निवासियों ने मंडल अध्यक्ष सुनील शर्मा का किया स्वागत



सांगानेर, (रॉयल पत्रिका)। सांगानेर के वार्ड 91 घर-आंगन कालोनीवासियों ने भाजपा सांगानेर मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार शर्मा एवं वार्ड 91 के अध्यक्ष धन कुमार जैन से भाजपा कार्यालय पर सौजन्य भेंट कर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार शर्मा ने उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और शीघ्र समाधान करवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर कॉलोनीवासियों ने सुनील शर्मा का माला एवं साफा पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर सांगानेर मंडल अध्यक्ष सुनील शर्मा ने पूर्व जिला अध्यक्ष आम आदमी पार्टी के मुकेश मीणा को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाई एवं उनका साफा माला पहनाकर स्वागत किया।

## मेहनाज पटेल को दौसा जिले की जिम्मेदारी सौंपी, भाजपा नेताओं का आभार जताया



सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड, कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीणा, प्रदेश संयोजक पूर्व मंत्री कैलाश चौधरी के निर्देश अनुसार अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष हमीद खान मेवाती ने वक्फ जन जागरण अभियान के दौसा जिले की जिला प्रभारी बनाया,प्रभारी की जिम्मेदारी मिलने के बाद पटेल नेशीर्ष नेतृत्व का आभार व धन्यवाद व्यक्त किया।

### ख्यालों की तपिश

हवस इतनी सी के चूम लूं सुलगती हुई आंखें
तुम्हारे साथ पल इतना भी मिल जाए तो अच्छा है

मेरे अरमान के टुकड़े अभी रक्खे हैं सीने में
तुम्हारे प्यार की सुंई से ये सिल जाए तो अच्छा है

खयालों की तपिश से हमको कितना तपाओगे
के फीकी चाय में आकर तू घुल जाए तो अच्छा है

बड़ा ज़िद्दी मगर एहसान भी करता है जो सबपर
तुझे पाने की ज़िद में वो मचल जाए तो अच्छा है

सुनो खामोशियां अच्छी नहीं होती मोहब्बत में
बुरे अंजाम से पहले संभल जाए तो अच्छा है

मेरे मुर्शिद ने चुपके से जो समझा दिया मुझको
मोहब्बत की जुबां में अब तू ढल जाए तो अच्छा है

मेरी पाकीज़गी तो देख शोहरत में बसती है
तेरी बदनामियां तुझसे बिछड़ जाए तो अच्छा है

मेरी बर्दाश्त की हद समंदर से भी बढ़ कर है
नदी-नालों की फितरत भी बदल जाए तो अच्छा है

**तख़लीक़ :- फ़ज़लुर्रहमान**
**सहायक सचिव (सेवा निवृत्त)**
**फ़ोन नं 9828668877**

# सवाई माधोपुर में वक्फ सुधार पर भाजपा की जिला कार्यशाला

**-हमीद खान बोले—वक्फ का सही उपयोग ज़रूरी, हर वर्ग को मिलेगा हक**




जयपुर/सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। भारतीय जनता पार्टी के वक्फ सुधार जनजागरण अभियान के अंतर्गत 19 अप्रैल को सवाई माधोपुर जिले में एक जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में अभियान के सह संयोजक एवं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष हमीद खान मेवाती उपस्थित रहे। हमीद खान मेवाती ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए वक्फ संपत्तियों में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं जनहित में उपयोग की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर वक्फ सुधार के इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने हेतु संकल्पित है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. भरत मथुरिया, मोर्चा के प्रदेश मंत्री उमर गद्दी, मोर्चा के जिला अध्यक्ष तनवीर अहमद सहित कई प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अन्य गणमान्य उपस्थितजनों में मेहनाज पटेल, हाजी सरताज, मोहम्मद इरशाद और जावेद खान शामिल रहे। कार्यशाला के दौरान वक्फ बोर्ड से संबंधित नियमों, संपत्ति प्रबंधन और उनके सही उपयोग की जानकारी भी साझा की गई। साथ ही, स्थानीय कार्यकर्ताओं को इस अभियान को बूथ स्तर तक ले जाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में सुधार लाना, भ्रष्टाचार को समाप्त करना और समुदायों के बीच जागरूकता बढ़ाना रहा।

## वक़्फ़ बिल के खिलाफ सवाई माधोपुर में विरोध प्रदर्शन

**शादाब अली**




सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। पुराने शहर के जामा मस्जिद के सामने जुमे की नमाज के बाद बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग इकट्ठा हुए। शहर के काजी निसार उल्लाह की सदारत में यह एहतिजाज हुआ। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के बैनर तले शहर के लोगों ने अपना एहतिजाज दर्ज करवाया और बोर्ड की गाइड लाइन के बारे में अवाम से खुलासा किया। कड़ी धूप में भी बड़े-बुजुर्ग, नौजवानों ने अपने हुकूक की लड़ाई के लिए हुकूमत के काले कानून का विरोध शांतिपूर्ण तरीके से किया। मंच पर बैठे सभी वक्ताओं ने अपने-अपने तरीके से आवाम को इस बिल के के नुकसान के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि यह एहतिजाज लंबा चलेगा और इसमें हमें जान माल की कुर्बानी भी लग सकती हे। शहर में सप्ताह के सातों दिन ईशा बाद कॉर्नर मीटिंग चल रही हे। आगे एक बड़ी मीटिंग (सभा) जो हमें आगे से बताया जाएगा तब होगी जो कि जिले लेवल पर होगी, जिसमें ज्यादा से ज्यादा तादाद को होगी। कार्यक्रम का समय ओर जगह बता दिया जाएगा। वक्फ बिल प्रदर्शन में काजी मोहम्मद इरफ़ान उल्लाह, मौलवी जमील, रिटायर्ड तहसीलदार जफर अहमद अमीन, मास्टर असलम, अफसार नाशरी, अखलाक हुसैन, हाफिज राशिद, मोहम्मद काशिफ सहित समाज के जिम्मेदार लोग मौजूद रहे।

## 'होश में आओ चुनाव कराओ' नारे के साथ अध्यक्ष लालचंद खानवानी के सामने रखी मांगे

**सादिक हिन्दस्तानी**



जयपुर/सांगानेर, (रॉयल पत्रिका)। सांगानेर विधानसभा के मानसरोवर स्थित अग्रवाल फार्म में सिंधी समाज ने पदाधिकारियों की सद्‌बुद्धि के लिए आयोजित सभा में अध्यक्ष लालचंद खानवानी को चेताया तथा 'होश में आओ चुनाव कराओ' नारों के साथ सिंधी समाज के हित में मांगें रखी। भगवान श्री झूलेलाल मंदिर में आयोजित सभा का मुख्य उद्देश्य अग्रवाल फार्म पंचायत के पदाधिकारीयों में सद्‌बुद्धि के लिए प्रार्थना करना था। मंदिर के बाहर का गंदा माहौल सुधरे और शराब बंदी हो सके। इस सभा में कई महत्वपूर्ण मांगें रखी गई। मंदिर पंचायत के चुनाव जल्द से जल्द कराए जाएं, जिससे समुदाय के सदस्यों को अपने प्रतिनिधियों का चयन करने का अवसर मिल सके, पंचायत से 8 वर्षों का हिसाब किताब देने को कहा, समुदाय के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाए, मंदिर के आसपास शराबबंदी करने और स्वच्छता अभियान चलाने की मांग की गई, मंदिर प्रशासन से पारदर्शिता और जवाब देही निभाने की मांग रखी गई। इस अवसर पर शंकर दुलानी, लीलाराम मनवाणी, काली मामा, अजय डोडवानी, बाबू पुरसनानी, मोतीराम आसान, मूलचंदानी, सरिता कुलकर्णी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## हरसोलिया राज्य स्तर पर "अंबेडकर रत्न सम्मान" से सम्मानित



सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया का पंचशील का दुपट्टा पहनाकर एवं राज्य स्तर पर अंबेडकर रत्न सम्मान से सम्मानित किया।

चौमूं, (रॉयल पत्रिका)। मानव जन जागृति संस्थान द्वारा एक शाम बाबा साहब के नाम, अंबेडकर की 134वीं जयंती की पूर्व संध्या पर राज्य स्तरीय सम्मान समारोह जयपुर मुरलीपुरा स्थित गोयल मैरिज हॉल में आयोजित समारोह में सेवानिवृत भरतपुर संभागीय आयुक्त पी.सी. बेरवाल, सेवानिवृत कमांडेड कजोड़मल बुनकर, संस्था के संरक्षक व सेवानिवृत आईपीएस जी.सी. राय, संस्थान के प्रदेशाध्यक्ष सौदागर कांदेला, लेखिका व उद्यमी डॉ. सुनीता दामिनी गुप्ता, समारोह के अध्यक्ष बाबूलाल बुनकर, संयोजक नेमीचंद पंवार, प्रभारी कालूराम बुनकर, सहसंयोजक घनश्याम कांदेल ने चौमूं तहसील के ग्राम टांकरडा निवासी समाजसेवी

---

पृष्ठ 1 का शेष...

### अजमेर दरगाह में मंदिर...

ने अपना जवाब पेश कर दिया है। वादकर्ता विष्णु गुप्ता द्वारा एक स्थगन प्रार्थना पत्र दायर कर दरगाह में चादर पेश करने पर रोक की मांग की गई थी। इस पर केंद्र सरकार के अल्पसंख्यक मंत्रालय और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग (ASI) ने जवाब दाखिल कर दिया है। उनका कहना है कि यह याचिका सुनवाई योग्य नहीं है और खारिज की जानी चाहिए। दरगाह कमेटी और अंजुमन सैयद ज़गदान ने केंद्र सरकार के रुख का स्वागत किया है। अंजुमन के सैयद सरवर चिश्ती ने कहा कि केंद्र के जवाब से स्पष्ट है कि विष्णु गुप्ता का यह कदम महज़ सस्ती लोकप्रियता पाने का प्रयास है।

---

पृष्ठ 1 का शेष...

### आरएएस अधिकारी....

कार्मिक विभाग ने 31 नवंबर 2022, 7 जुलाई 2022, 16 मार्च 2023 और 27 जुलाई 2023 को नोटिस भेजे, जिनका या तो कोई जवाब नहीं आया या जवाब संतोषजनक नहीं था। अंततः विभाग ने माना कि अधिकारी का सेवा में बने रहने का कोई इरादा नहीं है। उन्होंने 5 जून 2022 से ही खुद को सेवा से अलग मान लिया था और व्यवसाय में सक्रिय हो गए थे।

इसके आधार पर सरकार ने उन्हें सेवा से 'त्यागपत्र दिया हुआ मानते हुए' टर्मिनेट कर दिया।

राजनीतिक कनेक्शन भी चर्चा में

अकील अहमद, AIMIM के राजस्थान अध्यक्ष जमील अहमद खान के भाई हैं। जमील ने 2023 के विधानसभा चुनाव में जयपुर की हवा महल सीट से ओवैसी की पार्टी AIMIM के टिकट पर चुनाव लड़ा था, लेकिन हार गए। उस दौरान यह कयास लगाए जा रहे थे कि अकील अहमद भी AIMIM से चुनाव लड़ सकते हैं, जो बाद में अफवाह साबित हुआ। अकील अहमद ने पूर्व केंद्रीय मंत्री सीपी जोशी के साथ 2010 से 2013 तक केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर भी कार्य किया था। राज्य सरकार की इस कार्रवाई को प्रशासनिक अनुशासन और सेवा की गंभीरता को बनाए रखने की दिशा में एक सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है।वर्तमान में अकील अहमद 'वीकेन' नाम से 8-10 स्कूलों की श्रंखला संचालित करते हैं। 'वीकेन' नाम के ज्यादातर स्कूल, जयपुर के मुस्लिम क्षेत्रों में चलाए जा रहे हैं। दावा किया जाता है कि 'वीकेन' स्कूल इंग्लिश मीडियम की शिक्षा देते हैं जिनमें गरीब बच्चों का प्रवेश आसान नहीं है।

# दौसा में हज यात्रियों के लिए प्रशिक्षण व टीकाकरण शिविर आयोजित




दौसा, (रॉयल पत्रिका)। सेंट हाफ़िज़ स्कूल, शेखान मोहल्ला, दौसा में ज़िला हज कमेटी के सौजन्य से हज-2025 के लिए चयनित यात्रियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं टीकाकरण शिविर आयोजित किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में दौसा ज़िले से हज यात्रा पर जाने वाले 24 ज़ायरीनों को अहम जानकारी और मार्गदर्शन प्रदान किया गया। जयपुर से आए हज प्रशिक्षक हाजी फरीद उद्दीन, हाजी मोहम्मदशहीद, हाजी डॉ. अशफ़ाक नकवी और हाजी अब्दुल नफीस ने हाजियों को हज और उमराह से जुड़ी तमाम धार्मिक व व्यवहारिक पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षकों ने हज के अरकान, यात्रा के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों और ज़रूरी दस्तावेज़ों की जानकारी भी साझा की। वहीं चिकित्सा विभाग की ओर से डॉ. कृष्ण लाल महावर, सुमन महावर, ममता मीणा और सहायक कर्मचारी सीताराम की टीम ने सभी 24 हाजियों का टीकाकरण किया। इसके साथ ही एसएचआई नजमुल हसन ने भी हज प्रक्रिया से जुड़ी तकनीकी जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में हाजी मोहम्मद ज़ाकिर ने संयोजक की भूमिका निभाई, जबकि सह-संयोजक के तौर पर हाजी मोहम्मद मेहराज, हाजी यूसुफ़ खान, मौलवी नसरुद्दीन, सूफ़ी अब्दुल लतीफ, मौलाना तौसीफ, जाबिर खान, पार्षद आसिफ खान, नेता नोमान खान, अब्दुल समद, अयान खान, रेहान हाशमी, हाजी अरकान और अजहर खान जैसे सामाजिक कार्यकर्ता व समुदाय के वरिष्ठजन मौजूद रहे।

## पीएम सूर्य योजना' में बैंकों की मनमानी बनी बाधा

**-पूर्व पार्षद राजेश कुमार वर्मा ने प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेज कर उठाई आवाज**

**एहसान पठान**



चौमूं (रॉयल पत्रिका)। देश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्म निर्भर बनाने और स्वच्छ ऊर्जा को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा प्रारंभ की गई "पीएम सूर्य योजना' एक दूरदर्शी और सराहनीय पहल है। इस योजना के अंतर्गत आम नागरिकों को अपने घरों की छत पर सोलर पैनल हेतु सरकारी अनुदान एवं बैंक ऋण की सुविधा प्रदान की जाती है। किन्तु दुर्भाग्यवश योजना के धरातल पर क्रियान्वयन में अनेक राष्ट्रीयकृत बैंकों की उदासीनता एवं दस्तावेजों की मांग के चलते आमजन को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसी गंभीर जन समस्या को लेकर गुरूवार को नगर परिषद चौमूं के पूर्व पार्षद एवं सक्रिय जनसेवक राजेश कुमार वर्मा ने उपखंड अधिकारी दिलीप सिंह से भेंटकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में वर्मा ने बताया कि 'पीएम सूर्य योजना" में बैंकों द्वारा ऋण आवेदकों से अतिरिक्त भूमि दस्तावेजों जैसे गैर जरूरी कागजात की मांग की जा रही है, जो योजना की शर्तों में अनिवार्य नहीं हैं। कई बैंकों में आवेदन स्वीकार नहीं किए जा रहे या फिर जानबूझकर प्रक्रियाएं लंबित की जा रही हैं। इससे खासकर गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवार योजना का लाभ नहीं ले पा रहे। ज्ञापन के माध्यम से वर्मा ने प्रधानमंत्री से अहम माँगें रखते हुए सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों को पीएम योजना के अंतर्गत प्राप्त ऋण आवेदनों को प्राथमिकता से स्वीकृत करने हेतु निर्देशित किए जाने, ऋण प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाने, बैंकों की मनमानी व देरी पर नियंत्रण हेतु एक निगरानी तंत्र गठित किए जाने व योजना की समय-समय पर समीक्षा कर वास्तविक लाभार्थियों तक इसका लाभ सुनिश्चित करने के साथ ही वर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जन हित से जुड़ी समस्या का शीघ्र संज्ञान लेकर इस क्रांतिकारी योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रभावी कदम उठाने की मांग की।

## रामकिशोर राय व के आर बुनकर बलाई विकास समिति जयपुर के संरक्षक नियुक्त

**-समिति के सभी पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र देकर पद की शपथ दिलाई**



चौमूं, (रॉयल पत्रिका)। शहर के मोरीजा रोड स्थित बलाई समाज-भवन में शुक्रवार को बलाई विकास समिति जयपुर (मुख्यालय-चौमूं) के अध्यक्ष एडवोकेट बद्रीनारायण परिहार की अध्यक्षता एवं समिति के फाउंडर सदस्य रामकिशोर राय व सेवानिवृत एडीएम केआर बुनकर के मुख्य आतिथ्य में बैठक सम्पन्न हुई।समिति के महासचिव सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया व कोषाध्यक्ष घनश्याम कांदेल ने बताया कि समिति अध्यक्ष एडवोकेट बद्रीनारायण परिहार के आदेशानुसार समिति के फाउंडर सदस्य रामकिशोर राय व सेवानिवृत एडीएम केआर बुनकर को संरक्षक पद पर नियुक्त किया गया। नवनियुक्त संरक्षकों का समिति द्वारा नियुक्ति पत्र, पंचशील का दुपट्टा पहनाकर एवं बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर का छायाचित्र भेंटकर सम्मानित किया। इसके पश्चात समिति के नवनियुक्त संरक्षक रामकिशोर राय व सेवानिवृत एडीएम केआर बुनकर ने कार्यकारिणी पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र देकर पद की शपथ दिलाई। समिति के नवनियुक्त संरक्षक रामकिशोर राय, केआर बुनकर एवं समिति के पदाधिकारियों द्वारा समाजसेवी व अंबेडकरवादी रामगोपाल छापोला का पंचशील का दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान उपाध्यक्ष नाथूलाल बराला, कालूराम सामरिया, एडवोकेट राधेश्याम बुनकर, राजपाल सिंह नारनोलिया, शंकरलाल सरावता, सेडूराम बुनकर, उपमहासचिव हनुमान सहाय झाटीवाल, सचिन राजेंद्र प्रसाद काला, गोपाललाल बुनकर, मूलचंद बॉयला, संगठन सचिव गोपीराम मेहरडा, कार्यकारिणी सदस्य घीसालाल बबेरवाल, कालूराम किरोड़ीवाल, गुलाबनाथ बुडगाया, कैलाशचंद लाखीवाल आदि मौजूद थे।

## मवेशियों पर आवारा कुत्तों का हमला, एक बछड़ी की मौत, कई पशु घायल



चौमूं (रॉयल पत्रिका)। पंचायत आलीसर के ग्राम कुंभा के बास स्थित बालू बाबा की ढाणी में बीती देर रात एक दर्दनाक घटना सामने आई। ढाणी निवासी मालीराम यादव के घर के पास बंधे छह-सात मवेशियों पर आवारा कुत्तों ने अचानक हमला कर दिया। इस हमले में एक बछड़ी की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य पशु गंभीर रूप से घायल हो गए। मालीराम यादव ने बताया कि रात को उनके पशु हमेशा की तरह घर के पास ही बंधे हुए थे। सुबह करीब 5 बजे जब वह दूध निकालने के लिए उठे, तो देखा कि पशु तड़प रहे हैं और कई जगह से बुरी तरह घायल हैं। घटना की खबर मिलते ही आस-पास की ढाणियों से लोग मौके पर पहुंचे। मामले की सूचना पशु चिकित्सालय आलीसर बांगा का बास के प्रभारी डॉ. विजय यादव को दी गई। उन्होंने अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर घायल पशुओं का प्राथमिक उपचार किया। इसके बाद डॉक्टर सोहनलाल सैनी की टीम ने मौके पर पहुंचकर सभी पशुओं को एंटी रेबीज वैक्सीन दी। पीड़ित द्वारा इस घटना की सूचना हसतेड़ा पुलिस चौकी को दी गई, लेकिन वहां से जवाब मिला कि चौकी पर कोई मौजूद नहीं है। फिर गोविंदगढ़ थाने को सूचित किया गया, जहां से बताया गया कि पुलिस रास्ते में किसी जप्ती कार्य में व्यस्त है और समय मिलते ही मौके पर टीम भेजी जाएगी। स्थानीय पंचायत को भी घटना की जानकारी दी गई, लेकिन पंचायत की ओर से न तो कोई प्रतिनिधि आया और न ही पीड़ित को कोई आश्वासन मिला। इससे पीड़ित परिवार बेहद निराश है।

पीड़ित मालीराम यादव ने बताया कि यह हमला पड़ोस के पालतू कुत्तों द्वारा किया गया। इस हमले से उन्हें एक लाख रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। एक बछड़ी की मौत हो गई, जबकि अन्य तीन पशुओं की हालत अभी भी गंभीर है और उपचार जारी है। इस घटना के बाद से ही इलाके में डर का माहौल है।

ढाणी वासियों में भय है कि कहीं यह हमला फिर से न दोहराया जाए। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि आवारा कुत्तों पर तुरंत कार्रवाई की जाए और भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जाए।

**सूचना**

समाचार पत्र में प्रकाशित लेखों में लेखक के अपने विचार हैं, इनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# जयपुर में मुफ़्त इंग्लिश सिखा रहे 'अनीस सर'

## -अब तक 3500 से ज़्यादा स्टूडेंट्स को सिखा चुके अंग्रेज़ी, नई पीढ़ी को बना रहे आत्मनिर्भर






जयपुर, (रॉयल पत्रिका) । जयपुर की तंग गलियों में स्थित एक पुरानी हवेली के कमरे से शुरू हुई एक सोच ने आज हज़ारों युवाओं के जीवन की दिशा बदल दी है। हम बात कर रहे हैं 41 वर्षीय मुहम्मद अनीस खान की, जिन्हें छात्र प्यार से "अनीस सर" कहकर बुलाते हैं। अंग्रेज़ी साहित्य में पोस्ट ग्रेजुएट अनीस सर ने 2019 में जयपुर में मुफ्त स्पोकन इंग्लिश क्लासेस की शुरुआत की थी। उनका उद्देश्य था, आर्थिक रूप से कमज़ोर तबके के युवाओं को भाषा और पर्सनालिटी डेवलपमेंट की ट्रेनिंग देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना। "लर्न इंग्लिश" नामक एक पुस्तक भी उनके द्वारा लिखी गई थी, जिसे 2019 में प्रकाशित किया गया था।

**कमज़ोर इंग्लिश नहीं बनेगी रुकावट**

अनीस सर बताते हैं, "मैंने देखा कि कई पढ़े-लिखे युवा सिर्फ इसलिए अच्छी नौकरी नहीं पा पाते क्योंकि उनकी अंग्रेज़ी कमज़ोर होती है।" इसी को ध्यान में रखते हुए उन्होंने यह पहल शुरू की। उनका कहना है कि इंग्लिश कोचिंग क्लास चलाना इतना खर्चीला नहीं होता, और एक शिक्षक 50 तक विद्यार्थियों को पढ़ा सकता है। इसलिए इसे मुफ्त चलाना संभव है, बस लगन और नियत होनी चाहिए। फिलहाल जयपुर में उनके दो सेंटर हैं: पहला सेंटर एम.डी. रोड स्थित नाना जी की हवेली में और दूसरा जालूपुरा के मुकुंदगढ़ हाउस में। ये कोर्स मुस्लिम मुसाफिर खाना कमेटी और मंसूरी पंचायत समिति के सहयोग से चलाया जाता है। नाना जी की हवेली सेंटर पर दो टाइम क्लास होती है: सुबह 9 से 10 और शाम को 4 से 5 बजे तक। दोनों सेंटर मिलाकर फिलहाल करीब 150 स्टूडेंट्स पढ़ाई कर रहे हैं। दोनों केंद्रों में मिलाकर करीब 150 छात्रों को पढ़ाया जा रहा है।

नानाजी की हवेली वाले सेंटर से अब तक लगभग 2600 छात्र निकल चुके हैं, जबकि जालूपुरा सेंटर से करीब 1200 छात्र। 2019 से अब तक दोनों सेंटरों से कुल मिलाकर करीब 3,700 स्टूडेंट्स इंग्लिश सीख चुके हैं। इनमें से कई स्टूडेंट्स मल्टीनेशनल कंपनियों, मेडिकल फील्ड और सरकारी सेवाओं में अपनी जगह बना चुके हैं।अनीस सर का मानना है कि आज के दौर में इंग्लिश सीखना बेहद ज़रूरी हो गया है। हमारी रोज़मर्रा की ज़िन्दगी में 40 प्रतिशत शब्द अंग्रेज़ी के हो गए हैं। मोबाइल और इंटरनेट की दुनिया में बने रहने के लिए अंग्रेज़ी आनी ही चाहिए। इस कोचिंग सेंटर की सबसे खास बात यह है कि यहां दीनी माहौल को भी अहमियत दी जाती है।

"हम कोशिश करते हैं कि बच्चे दीन और दुनिया दोनों में बैलेंस बनाकर चलें।" जिन्हें अनीस सर की क्लास से लाभ हुआ, वे अब विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बना चुके हैं। जयपुर के ही छात्र मोहम्मद आजम कहते हैं, "मैं आज लैब टेक्नीशियन के तौर पर काम कर रहा हूँ। इसकी शुरुआत अनीस सर की क्लास से ही हुई।" वहीं मोहम्मद उमर बताते हैं कि उन्हें राजस्थान पुलिस में चयन होने का आत्मविश्वास वहीं से आया। फरहा नाज़ का कहना है कि जयपुर राजघराने के द पैलेस स्कूल में पढ़ाने का सपना, अनीस सर की क्लास से साकार हुआ।

**17 सालों का अनुभव, एक जुनून**

अनीस सर अब जयपुर के अन्य इलाकों जैसे शास्त्री नगर और करबला क्षेत्रों में भी नए सेंटर खोलने की योजना बना रहे हैं। इसके अलावा वह आरएएस, आईएएस जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग शुरू करने की भी योजना में हैं। सेंटर में हर साल 26 जनवरी और 15 अगस्त जैसे मौके पर शानदार कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इनमें बच्चों को नगद इनाम और मोमेंटो भी दिए जाते हैं। हाल ही में रमज़ान से जुड़ी एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई थी, जिसे फर्स्ट इंडिया न्यूज़ ने लाइव दिखाया था। अनीस सर बताते हैं कि उनकी यात्रा 2006 में शुरू हुई थी जब उन्होंने खुद इंग्लिश सीखना शुरू किया। अब वे "एलीट इंस्टीट्यूट", गणगौरी बाजार में भी पढ़ा रहे हैं। इस पहल का एकमात्र उद्देश्य समाज को सशक्त बनाना और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना है।

# 'आगाज़' का सराहनीय प्रयास, 100 से अधिक युवाओं को मिला प्रशिक्षण और रोजगार



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। आगाज़ एडटेक एकेडमी द्वारा संचालित स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग प्रोग्राम का समापन समारोह रविवार को भव्य रूप से आयोजित किया गया। आमेर रोड पर स्थित होटल रॉयल साँझ में संपन्न इस समारोह में प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए और रोज़गार प्राप्त करने वाले युवाओं को सम्मानित किया गया। आगाज़ संस्था के सचिव मोहम्मद शहजाद खान ने बताया कि वर्ष 2016 से अब तक संस्था ने 1000 से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित किया, जिनमें से 70 प्रतिशत से अधिक को रोजगार प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 में रिटेल, बैंकिंग और कंप्यूटर जैसे क्षेत्रों में 110 युवाओं को प्रशिक्षित किया गया, जिनमें से 80 से अधिक युवाओं को प्रतिष्ठित कंपनियों में नौकरी के अवसर प्राप्त हुए हैं। इस मौके पर संस्थान के डायरेक्टर मोहम्मद शहजाद ने बताया कि आगाज़ एडटेक एकेडमी ने हमेशा से युवाओं को उद्योगों से जोड़ने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्था कई वर्षों से आईटी, बैंकिंग और मल्टीनेशनल कंपनियों के साथ मिलकर संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम चला रही है ताकि युवाओं को न केवल व्यावसायिक कुशलता मिले बल्कि उन्हें बेहतर रोजगार भी मिल सके। संस्था द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाणपत्र देकर उन्हें नई उड़ान दी गई, और प्रशिक्षण के उपरांत 80 से अधिक युवाओं को रोजगार में सफलता मिली। इस पहल को समाज और उद्योग जगत से काफी सराहना मिल रही है। समारोह में डॉ. सुमन भाटिया, प्रो. अजित कुमार सिंह, यासीन मुहम्मद और नईम रब्बानी विशिष्ट अतिथियों के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन आगाज़ स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर सईद अली और सेंटर हेड नकुल महेशवरी ने किया।

# दरगाह नाजिम बिलाल खान को भेंट किया हस्तनिर्मित गुंबद का नक्शा



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। अजमेर दरगाह शरीफ में आरी तारी के मशहूर कलाकार नौशाद ख़ान को उनकी बेहतरीन ज़रदोज़ी कढ़ाई कला के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने अपने हाथों से गुंबद का नक्शा तैयार किया, जो कढ़ाई की इस पारंपरिक कला का शानदार उदाहरण है। इस मौके पर ख्वाजा साहब की दरगाह के नाजिम, पूर्व डीआईजी मोहम्मद बिलाल खान और सहायक नाजिम शादाब अहमद ने नौशाद ख़ान का स्वागत किया और उनके हुनर की सराहना की। इस नक्शे का साइज़ 15"X15" है, जिसे बेहद बारीकी से तैयार किया गया है। नौशाद खान का कहना है कि आजकल मशीनों से बनी चीज़ें आम हो गई हैं, लेकिन हाथ की कढ़ाई और हस्तकला का आकर्षण अब भी बरकरार है। ज़रदोज़ी का काम शादी के लिबास, साड़ियों और सूटों में खूब पसंद किया जाता है। इस अवसर पर उनके साथ वसीम खान भी मौजूद रहे ।

# एम. एच. खान को राजस्थान पेंशनर्स मंच के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा सम्मानित किया गया



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान पेंशनर्स मंच के प्रदेशाध्यक्ष कैलाश क्रांतिकारी द्वारा प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ अब्दुल मन्नान खान पीरजादा को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। मन्नान खान ने प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर कैलाश जैन क्रांतिकारी को जयपुर आकर धन्यवाद देते हुए आशिर्वाद प्राप्त किया एवं राजस्थान स्टेट गंगानगर शुगर मिल बारां के डी. एम. के पद से सेवानिवृत्त हुए मोहम्मद हनीफ (एम.एच.) खान को राजस्थान पेंशनर्स मंच जयपुर का जिलाध्यक्ष नियुक्ति पर खान के घर जाकर माला व साफा पहनाकर सम्मानित किया।इसके साथ ही जल्द अपनी कार्यकारणी बनाकर पेंशनरों की समस्या का ऊपर तन - मन से काम करने की बात कही। बता दें कि एम. एच. खान, राजस्थान गंगानगर शुगर मिल बारां में लम्बे समय तक डीएम रहे।

सेवाकाल के दौरान विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के साथ कार्य किया, तथा विभाग में कर्मचारियों और अधिकारियों के हितों के लिए प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष रहते हुए सदैव आवाज उठाते रहे। राजस्थान अधिकारी कर्मचारी माइनॉरिटी एसोसिएशन (रकमा) का भी प्रदेश स्तर पर प्रतिनिधित्व कर रहे हैं एवं बच्चों को उच्च शिक्षा शिखर पर पहुंचाने व हर संभव मदद हेतु हॉस्टल चलाने, लाईब्रेरी आदि की व्यवस्था में लगे रहते हैं।

उनकी नियुक्ति पर जयपुर सहित बारां शहर के सामाजिक लोगो ने खुशी जाहिर की।

# पूर्वी यूपी दौरे पर रूबी खान 23 अप्रैल से

## -कांग्रेस संगठन को मज़बूती देने की मुहिम



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और उत्तर प्रदेश प्रभारी रूबी खान 23 अप्रैल से संगठन सशक्तिकरण अभियान के दूसरे चरण के अंतर्गत पूर्वी उत्तर प्रदेश के ज़िलों का दौरा करेंगी। इस दौरे की शुरुआत लखनऊ से होगी और इसके बाद रूबी खान उन्नाव, रायबरेली, अमेठी, प्रतापगढ़, फूलपुर और इलाहाबाद जिलों का भ्रमण करेंगी।

उनका यह दौरा 29 अप्रैल तक चलेगा। यह अभियान कांग्रेस पार्टी के संगठन को ज़मीनी स्तर पर मज़बूत करने और कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। दौरे के दौरान रूबी खान स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं, नेताओं और समाज के विभिन्न वर्गों से संवाद करेंगी। कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के निर्देशन में चल रहे इस अभियान के तहत प्रदेश संगठन प्रभारी अनवर अनीस और उनकी टीम भी दौरे में शामिल रहेंगे।

# सिविल सेवा दिवस पर खेल प्रतियोगिताओं में अधिकारियों ने अपना कौशल दिखाया

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। सिविल सेवा दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में सिविल सर्विस कप—2025 का आयोजन हुआ, जिसमें क्रिकेट, रस्साकसी, , चेस, आदि खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का मुकाबला राजस्थान प्रशासनिक सेवा (RAS) एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) की संयुक्त टीम तथा राजस्थान पुलिस सेवा (RPS) एवं भारतीय पुलिस सेवा (IPS) की संयुक्त टीम के बीच खेला गया। आयोजन के मुख्य अतिथि रहे मुख्य सचिव सुधांश पंत ने मैच के अंत में विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की और सभी खिलाड़ियों को सहभागिता प्रमाण पत्र दिए। कार्यक्रम के मुख्य आयोजनकर्ता नीरज के. पवन, शासन सचिव युवा मामले एवं खेल विभाग एवं सुश्री मालती चौहान, वरिष्ठ खेल अधिकारी, कार्मिक विभाग रही।

# हाजियों की पहली उड़ान जयपुर से 1 मई को

## -प्रदेश से कुल 4250 हज यात्री जाएंगे हज यात्रा पर

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। हज 2025 यात्रा के लिए जयपुर से रवाना होने वाली फ्लाइटों की तारीख़ और समय की सूची जारी कर दी गई है। पहला जत्था 1 मई 2025 को शाम 6:10 बजे की फ्लाइट से रवाना होगा। हज यात्रियों की सुविधा के लिए कुल 17 फ्लाइटों की व्यवस्था की गई है, जो 1 मई से 8 मई 2025 तक अलग-अलग समय पर रवाना होंगी। हर दिन एक से तीन फ्लाइट्स तक चलाई जाएंगी, जो हज यात्रियों को सीधे मक्का के सफर पर लेकर जाएंगी। सभी यात्रियों को हिदायत दी गई है कि वे अपनी फ्लाइट के निर्धारित समय से कम से कम 5 घंटे पहले एयरपोर्ट पर पहुँचना सुनिश्चित करें। हज कमेटी की ओर से सभी यात्रियों को आवश्यक दस्तावेज़, पासपोर्ट, टिकट और अन्य ज़रूरी सामान साथ लाने की सलाह दी गई है। जयपुर से हज के इस सफर को लेकर ज़िला प्रशासन, एयरपोर्ट अथॉरिटी और हज कमेटी पूरी तरह तैयार है। यात्रियों के लिए चिकित्सा सुविधा, सहायता डेस्क और विशेष गाइड भी तैनात रहेंगे।

**उड़ानों का पूरा शेड्यूल तय**

जयपुर के सांगानेर स्थित एयरपोर्ट से 1 से 8 मई के बीच हर दिन एक से तीन उड़ानें रवाना होंगी। फ्लाइट्स की सूची के मुताबिक –1 मई को पहली फ्लाइट, 2 व 3 मई को दो-दो उड़ानें, 4 व 6 मई को तीन-तीन फ्लाइट्स,5 व 7 मई को दो और तीन फ्लाइट्स और 8 मई को अंतिम उड़ान रवाना होगी। इस बार राजस्थान से 542 यात्री जयपुर से, जबकि राज्यभर से कुल 4250 यात्री इस साल हज यात्रा करेंगे। वापसी की फ्लाइटें 12 जून 2025 से शुरू होंगी।

**हिदायतें और इंतज़ाम**

हज कमेटी ऑफ इंडिया ने सभी यात्रियों को हिदायत दी है कि वे अपनी फ्लाइट के निर्धारित समय से कम से कम 5 घंटे पहले एयरपोर्ट पहुंचें। हज कमेटी, एयरपोर्ट अथॉरिटी और ज़िला प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष सहायता डेस्क, मेडिकल सुविधा और गाइड की व्यवस्था की है। साथ ही यात्रियों को अपने पासपोर्ट, टिकट और सभी ज़रूरी दस्तावेज़ साथ लाने की अपील की गई है।

**12 साल से कम उम्र के बच्चों की हज यात्रा रद्द**

इस बार सऊदी अरब सरकार ने 12 साल से कम उम्र के बच्चों के हज पर जाने पर रोक लगाई है। इस फैसले के चलते देशभर के 291 बच्चों की हज यात्रा कैंसिल कर दी गई है। हज कमेटी ऑफ इंडिया ने घोषणा की है कि ऐसे सभी यात्रियों को जमा की गई पूरी रकम वापस कर दी जाएगी।

# अपना घर आश्रम में मां-बेटे का भावुक मिलन



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)।आदर्श नगर स्थित 'अपना घर आश्रम' में सोमवार को एक मार्मिक और अविस्मरणीय क्षण सामने आया जब पांच वर्षों से आश्रम में रह रही महिला सुकना प्रभु जी का उनके पुत्र से पुनर्मिलन हुआ। वर्षों बाद मां-बेटे के बीच हुए इस मिलन के दौरान मौजूद हर आंख नम हो गई और भावनाओं का ऐसा ज्वार उमड़ा जिसने सभी को छू लिया। सुकना प्रभु जी को वर्ष 2020 में फुलेरा से रेस्क्यू कर 'अपना घर' लाया गया था। उस समय उनकी मानसिक और शारीरिक स्थिति अत्यंत दुर्बल थी। आश्रम की समर्पित सेवा टीम ने लगातार चिकित्सा, सेवा और स्नेह से उन्हें पुनः सामान्य जीवन में लौटाने का प्रयास किया। जब उनकी स्मृति कुछ हद तक लौटी, तब उन्होंने अपने परिवार से जुड़े कुछ संकेत दिए। इन सीमित जानकारियों के आधार पर अपना घर टीम ने परिजनों को ढूंढने की हरसंभव कोशिश की। ठाकुर जी की कृपा और टीम के अथक प्रयासों से वर्ष 2025 में उनका पुत्र मिल गया, और फिर वह बहुप्रतीक्षित दिन आया जब मां-बेटे एक बार फिर गले मिले। इस पुनर्वास प्रक्रिया में मां और बेटे की आंखों से बहते आंसू सबकी भावनाएं अपने साथ बहा ले गए। इस हर्षभरे अवसर पर आश्रम की संरक्षक मंजू जैन, शिखर चंद जैन, सलोनी पटनी, विष्णु दत्त गोयल, अनुज लालवानी, तथा प्रबंधक खुशबु सिंह सहित अन्य अनेक पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे। आश्रम प्रबंधन ने हर्षोल्लास के साथ सुकना प्रभु जी को उनके पुत्र के साथ ससम्मान और स्नेहपूर्वक घर के लिए विदा किया।

# वक्फ कानून 2025 के खिलाफ वेलफेयर पार्टी का विरोध, जयपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)।वेलफेयर पार्टी ऑफ इंडिया ने सोमवार को जयपुर के सी-स्कीम स्थित ग्रांड इंडियाना रेस्टोरेंट में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 का कड़ा विरोध जताया। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस का विषय था "वक्फ की प्रासंगिकता के परिदृश्य में वक्फ संशोधन अधिनियम 2025"। प्रेसवार्ता को पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रविशंकर त्रिपाठी, राष्ट्रीय महासचिव शीमा मोहसिन, और राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष वक़ार अहमद ने संबोधित किया। ज़िलाध्यक्ष फ़िरोज़ुद्दीन ज़ोरावर ने कार्यक्रम की जानकारी साझा की। पार्टी नेताओं ने आरोप लगाया कि यह नया संशोधन मुस्लिम समुदाय की ज़मीनी और धार्मिक विरासत पर एक सोची-समझी रणनीति के तहत हमला है। उन्होंने कहा कि यह कानून भूमाफिया, निजी व्यक्तियों और खुद सरकार को वक्फ संपत्तियों पर कब्जा जमाने की छूट देता है। वेलफेयर पार्टी का कहना है कि अगर वक्फ बोर्ड में कोई गड़बड़ी थी, तो सरकार को चाहिए था कि वह मुस्लिम समाज के बुद्धिजीवियों, धार्मिक नेताओं और क़ानूनी विशेषज्ञों से सलाह-मशविरा कर पारदर्शी सुधार लाती। लेकिन इसके बजाय एकतरफा फैसला लेकर समुदाय के अधिकारों को कमजोर किया जा रहा है। प्रेसवार्ता में सुप्रीम कोर्ट पर सरकार की टिप्पणियों की भी निंदा की गई। पार्टी नेताओं ने कहा –

"अगर हम सुप्रीम कोर्ट का अपमान करेंगे तो लोकतंत्र कैसे बचेगा?" उन्होंने सवाल किया कि अगर सरकार वाकई मुस्लिम समाज की हितैषी है, तो शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे मुद्दों पर ध्यान क्यों नहीं दिया गया? वक्फ संपत्तियों को लेकर लाया गया यह कानून जनविरोधी और संविधान विरोधी है। प्रेसवार्ता के साथ-साथ वेलफेयर पार्टी ने एक बुद्धिजीवी परिचर्चा का आयोजन भी किया, जिसमें कई सामाजिक कार्यकर्ता और वरिष्ठ अधिवक्ता शामिल हुए। इसमें पार्टी की वरिष्ठ नेता गजाला परवीन, नासिर जुबेरी, हसीन अहमद, प्रेम किशन शर्मा एडवोकेट, सुमित्रा (सीपीएम), बसंत हरियाणा, मोहनलाल बैरवा, दशरथ हिंगोनिया और राम माधव जैसे अनेक गणमान्य जनों ने हिस्सा लिया।

सभी प्रतिभागियों ने एक स्वर में वक्फ एक्ट संशोधन 2025 के खिलाफ विरोध प्रकट किया और आशा जताई कि सुप्रीम कोर्ट 5 मई तक इस कानून पर रोक लगाएगा और संविधान व लोकतंत्र की रक्षा करेगा। जयपुर जिलाध्यक्ष फ़िरोज़ुद्दीन ने कहा कि 5 मई को सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई के बाद आगे की रूपरेखा तैयार करेगी। तब तक पार्टी 27 अप्रैल तक लगातार अभियान चलाकर लोगों को वक्फ कानून के ख़तरों से जागरूक करेगी।

# मनिहार विकास समिति की नवगठित कार्यकारिणी गठित

## -इस्लामुद्दीन खान अध्यक्ष हाजी इकरामुद्दीन सचिव निर्वाचित



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। मनिहार विकास समिति के 5 अप्रैल 2025 को दिवार्षिक चुनाव संपन्न हुए। जिसमें रिटायर्ड चीफ इंजीनियर आईडी खान अध्यक्ष एवं हाजी इकरामुद्दीन सचिव सर्वसम्मति से चुने गए। कार्यकारिणी के दूसरे पदाधिकारीयों एवं सदस्यों का चुनाव भी सभी समाज बंधुओ की सहमति से किया गया। इस्लामुद्दीन खान लगातार दूसरी बार समाज के अध्यक्ष चुने गए हैं। नवनिर्वाचित अध्यक्ष इस्लामुद्दीन खान राजस्थान सरकार के जलदाय विभाग में चीफ इंजीनियर के पद से रिटायर्ड हुए हैं। इस्लामुद्दीन खान ने समाज के शिक्षा के स्तर के उच्च स्तर पर ले जाने के लिए सीकर में हॉस्टल बनाने की पहल की थी। उन्होंने हॉस्टल बनाने के वायदे को पूरा करने के लिए समाज के कर्मठ और समाज को समर्पित लोगों की टीम बनाई और मात्र एक वर्ष में समाज के छात्रों के लिए तीन मंजिला हॉस्टल बनकर तैयार कर दिया। हॉस्टल में छात्रों का एडमिशन शुरू हो गया है। दूसरी तरफ दूसरी बार अध्यक्ष बनने पर अध्यक्ष इस्लामुद्दीन खान के नेतृत्व ने मनिहार विकास समिति में समाज सुधार के लिए कुछ महत्वपूर्ण फैसले लिए जिसमें किसी के इंतकाल में बड़े खाने पर पाबंदी लगाने और निकट संबंधियों को और मदरसे के 10-11 बच्चों को बुलाकर कुरानख्वानी करवाने पर भी गुजारिश की। समाज की बैठक सीकर में मनिहार विकास समिति द्वारा संचालित हॉस्टल में हुई और जिसमें निर्वाचित संपूर्ण कार्यकारिणी इस प्रकार है –

संरक्षक: हाजी बदरूदीन (खेड़ी राड़ान), हाजी इस्माइल कुरैशी (नीमकाथाना)

पदाधिकारी: इस्लामुद्दीन ख़ान (अध्यक्ष), हाजी इकरामुद्दीन सैयद (सचिव), एडवोकेट मो. हनीफ़ (उपाध्यक्ष), हाजी रसूल बक्श (उपाध्यक्ष), हाजी रफीक मोहम्मद (उपाध्यक्ष), जमील कुरैशी (संयुक्त सचिव), मोहम्मद इक़बाल (उप सचिव), हाजी नानू ख़ान (कोषाध्यक्ष), इब्राहिम ख़ान (उपकोषाध्यक्ष), हाजी सदीक मोहम्मद (मुख्य प्रवक्ता), अजीज मोहम्मद सैयद (आई.टी./प्रवक्ता), एड. सदीक मोहम्मद (सलाहकार), हाजी जाकीर मोहम्मद (संगठन मंत्री - जयपुर), अजीज मोहम्मद टीटनवाड़ (संगठन मंत्री), हाजी यासीन अली (संगठन मंत्री), जब्बार ख़ान (संगठन मंत्री - गंगानगर ब्लॉक), रफीक मोहम्मद (संगठन मंत्री), सिकंदर अली सैयद (शिक्षा प्रकोष्ठ प्रभारी)

सदस्य: हाजी फजलुर्रहमान (जयपुर), रफीक शेख सी.आई. (जयपुर), हाजी मोहम्मद मुस्तफा (जयपुर), हाजी निजामुद्दीन (खंडेला), सिराज खान (मुकुन्दगढ़), अब्दुल हमिद (जयपुर), शमसेर खान (सुल्ताना), नजीर मोहम्मद (चौमूं), गुलाब खान (पचलंगी), इकबाल मोहम्मद (सुदरपुरा), अकबर अली (नंगली सलेदीसिंह), मुमताज अली (चनाना), तोफीक मोहम्मद (गुढ़ा गोंडजी), सरवर खान (जाखल), सलीम मोहम्मद (उदयपुरवाटी), यूनुस अली (उदयपुरवाटी), हबीब मोहम्मद (नवलगढ़)।

# आदर्श नगर की कई कॉलोनियों में पानी सप्लाई में बाधा

**सलीम अली**

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। जयपुर शहर के आदर्श नगर स्थित साकेत कॉलोनी एवं आस-पास की कुछ कॉलोनियों में पिछले दो दिनों से पानी की सप्लाई नहीं हो रही है।भीषण गर्मी में लोगों का बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यहां पर पहले पानी सुबह सप्लाई किया जाता था, लोगों की कम प्रेशर से पानी की शिकायत आने पर शाम को पानी सप्लाई करना शुरू कर दिया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि उनको पानी सुबह ही सप्लाई किया जावे।यहां मौजूद सहायक अभियंता के अनुसार पंपिंग स्टेशन का वॉल्व खराब हो गया था, जिसके कारण पानी की सप्लाई नहीं हो पाई।

## आवश्यक नम्बर

रॉयल पत्रिका

| बिजली फॉल्ट के लिए | |
|---|---|
| टोल फ्री नंबर | 18001806507 |
| वॉट्सएप नंबर | 9414037085 |
| कस्टमर केयर | 2203000 |
| आईवीआरएस | 1912 |
| **कचरा गाड़ी के लिए** | |
| ग्रेटर | 2747400 |
| सीवरेज लीकेज | 2607500 |
| हेरिटेज | 2607500 |
| टोल फ्री नंबर | 14420 |
| **पुलिस की मदद के लिए** | |
| साइबर क्राइम | 1930/2360094 |
| कंट्रोल रूम | 2388435/36/37/38 |
| ट्रैफिक कंट्रोल रूम | 2565630 |
| चाइल्ड हेल्पलाइन | 1098 |
| महिला हेल्पलाइन | 1090 |
| मुख्यमंत्री पोर्टल | 181 |

| पानी के लिए | |
|---|---|
| जलदाय कार्यालय | 2706624 |
| फायर ब्रिगेड | 2747400 |
| **मेडिकल इमरजेंसी के लिए** | |
| एंबुलेंस | 102/108 |
| एसएमएस इमरजेंसी | 2518333 |
| महिला चिकित्सालय | 22610616 |
| जनाना हॉस्पिटल | 22378721 |
| SDMH | 22574189 |
| SMS ब्लड बैंक | 22518222 |
| कल्याण ब्लड बैंक | 22721771 |
| **घायल पशुओं के लिए** | |
| नगर निगम | 2747400 |
| बर्ड बाइक | 9887345580 |
| हेल्प इन सफरिंग | 8107299711 |
| जनमंच ट्रस्ट | 7230055800 |
| पशु चिकित्सालय | 2747400 |

रॉयल पत्रिका

## संपादकीय...

# क्या सभी अल्पसंख्यक वर्गों को डराया जा रहा है?

मुंबई के विले पार्ले में पार्शवनाथ दिगम्बर जैन मंदिर पर बुलडोजर चलाए जाने की विरोध में जैन समुदाय के लोगों ने शनिवार को मोर्चा निकाला। इस विरोध प्रदर्शन में हजारों लोगों ने हिस्सा लिया। प्रदर्शन में कांग्रेस सांसद वर्षा एकनाथ गायकवाड़ भी शामिल हुई। बीएमसी ने अवैध निर्माण बता कर बुधवार को 90 साल पुराने इस मंदिर को ढहा दिया था। जैन समाज देश में एक धार्मिक अल्पसंख्यक वर्ग है। जनसंख्या कम होने के बावजूद जैन अल्पसंख्यक वर्ग आर्थिक, सामाजिक एवं राजनीतिक रूप से देश का शक्तिशाली वर्ग है। देश में भाजपा को सत्ता तक पहुंचाने में और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में जैनियों का बड़ा योगदान है। देश के गृहमंत्री अमित शाह स्वयं जैन समाज से हैं। जैन समाज देश में सबसे सशक्त व्यापारी वर्ग है। जैन समाज का ज्यादातर आर्थिक संसाधनों पर कब्ज़ा है। जैन समाज के लोग सरकार के उच्च पदों पर जैसे आईएएस, आईपीएस पदों पर बड़ी संख्या में पाए जाते हैं। जैन समाज देश का एकमात्र ऐसा वर्ग है जिसके विधायक सांसद जनसंख्या के प्रतिशत से कहीं ज्यादा जीतकर आते हैं। राजस्थान की गहलोत सरकार में शांति धारीवाल और प्रमोद जैन भाया कैबिनेट मंत्री थे। भाजपा को मजबूत बनाने में तो जैन समाज का काफी योगदान है। ऐसी स्थिति में देश के कई भागों से खबरें आती रहती है कि जैन समुदाय का मंदिर तोड़ दिया गया। आश्चर्य की बात यह है कि यह सब भाजपा की सरकार में हो रहा है। क्या अब यह सोचा जाए कि भाजपा धार्मिक जैन समुदाय को भी अब मुस्लिम, ईसाई एवं सिख, समुदाय की तरह देखने लगी है? क्या भाजपा जैनियों को भी हिंदू धर्म के लिए खतरा मानती है। वैसे जैन धर्म एक धार्मिक अल्पसंख्यक वर्ग है जो हिंदू धर्म के लोगों द्वारा बनाया गया है। जैन धर्म हिंदुओं के व्यापारी वर्ग में अपने अनुयायी लगातार बढ़ा रहा है। जैन धर्म के लोग वैसे तो हिंदू जैसे लगते हैं। लेकिन उनका धार्मिक व्यवहार हिंदुओं से बिल्कुल अलग होता है इसलिए हिंदुओं के विद्वान लोग समझते हैं कि जैन समुदाय हिंदू धर्म को कमजोर कर रहा है और करेगा। ऐसे में हिंदू धर्म के अनुयायी जैनियों पर विभिन्न प्रकार से अपना आक्रामक व्यवहार दिखाते रहते हैं। लेकिन यह भी सही है कि जैन धर्म के अनुयायी आर्थिक, राजनीतिक एवं शैक्षणिक रूप से बहुत सशक्त हैं यदि जैन वर्ग ने भाजपा को समर्थन देना बंद कर दिया तो भाजपा आर्थिक संकट में आ जाएगी। भाजपा की एकता और मजबूती नहीं बचेगी। इसलिए माना जा रहा है कि भाजपा जैन समाज को नाराज नहीं कर पाएगी। यदि ऐसा किया तो भाजपा सत्ता में नहीं रह पाएगी। देश में कुछ अल्पसंख्यक वर्ग ऐसे हैं जिनको भाजपा नाराज नहीं रख सकती है। जिनमे जैन और बोद्ध अल्पसंख्यक वर्ग हैं, सभी जानते हैं कि दोनों ही वर्ग तेजी से देश में बढ़ रहे हैं। दोनों ही वर्गों में हिंदु वर्ग से आकर जैन या बोद्ध बनते हैं। बौद्ध धर्म में ज्यादातर देश के दलित वर्ग के लोग आते हैं बोद्ध धर्म देश का सबसे बढ़ता हुआ धार्मिक अल्पसंख्यक समूह है। बौद्ध धर्म के अनुयायी या बोद्ध धर्म के लोगों के सपोर्ट के बिना बीजेपी चुनाव नहीं जीत सकती है। इसलिए भविष्य में चाहते हुए भी भाजपा की सरकारें जैन धर्म और बौद्ध धर्म के लोगों को ज्यादा नाराज नहीं रख सकती है।

# डॉ. ज़ाकिर हुसैन: जामिया से राष्ट्रपति भवन तक का सफ़र

## -पहले मुस्लिम राष्ट्रपति की कहानी, जिसने तालीम को इबादत माना



भारत के इतिहास में अबतक 15 राष्ट्रपति हो चुके हैं। आपको देश के पहले और मौजूदा राष्ट्रपति के नाम तो याद होंगे, लेकिन इस लिस्ट के नामों को याद करने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ेगी। देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद थे तो वहीं मौजूदा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि देश के पहले मुस्लिम राष्ट्रपति डॉ. जाकिर हुसैन थे। डॉ. जाकिर हुसैन स्वतंत्रता सेनानी एवं भारत के तीसरे राष्ट्रपति थे। उनकी गिनती देश के प्रथम मुस्लिम राष्ट्रपति के तौर पर होती है। जाकिर हुसैन ने 13 मई 1967 को भारत के तीसरे राष्ट्रपति के तौर पर शपथ ली थी। राष्ट्रपति बनने से पहले जाकिर हुसैन उप राष्ट्रपति के पद पर नियुक्त थे। जाकिर हुसैन ने 13 मई साल 1967 को भारत के तीसरे और पहले मुस्लिम राष्ट्रपति के तौर पर शपथ ली थी। डॉक्टर जाकिर हुसैन को एक सफल राष्ट्रपति होने के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए भी जाना जाता है। कैरियर और पढ़ाई डॉक्टर जाकिर ने अपनी अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी जो उस समय एंग्लो-मुहम्मदन ओरिएंटल कॉलेज के नाम से जानी जाती थी वहां से उच्च शिक्षा हासिल की। जाकिर कॉलेज के दिनों में ही छात्र संघ नेता के तौर पर पूरे देश में लोकप्रिय हो चुके थे। हालांकि, राजनीति के अलावा शिक्षा हमेशा से उनके लिए एक प्रखर मुद्दा रही थी। कॉलेज से निकलने के बाद जाकिर एक युवा समूह के नेता बन गए जिसने बाद में मिलकर 29 अक्टूबर, 1920 को अलीगढ़ में नैशनल मुस्मिल यूनिवर्सिटी की स्थापना की। 1925 में यह यूनिवर्सिटी नई दिल्ली के करोल बाग में आ गई। 10 सालों बाद यूनिवर्सिटी का स्थान एक बार फिर बदला और ये स्थायी रूप से नई दिल्ली के जामिया नगर में स्थापित हो गई। ये वही यूनिवर्सिटी है जिसे आज सेंट्रल यूनिवर्सिटी जामिया मिलिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी के नाम से जाना जाता है। इस यूनिवर्सिटी को आज भारत में उच्च शिक्षा के लिए प्रमुख संस्थानों में गिना जाता है। जाकिर ने अपना पूरा जीवन देश की एकता, सामाजिक न्याय और सभी के लिए शिक्षा को समर्पित कर दिया था। उनका मानना था कि शिक्षा समाज का स्तर ऊपर उठाने में सबसे शक्तिशाली हथियार है। उन्होंने साक्षरता और ज्ञान को फैलाने में जीतोड़ प्रयास किए। जामिया मिलिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी उनके इसी इरादे की जीती जागती मिसाल है। जाकिर उस समय महज 23 साल के थे जब उन्होंने संस्थान की शुरुआत की थी। जाकिर आगे इकनॉमिक्स में पीएचडी करने के लिए जर्मनी गए थे, लेकिन उन्हें यूनिवर्सिटी का अकादमिक और प्रशासनिक नेतृत्व संभालने के लिए जल्द भारत वापस लौटना पड़ा।

यूनिवर्सिटी तो 1927 में बंद होने की कगार पर थी लेकिन उनके प्रयासों की बदौलत ये आज भी युवाओं को शिक्षित कर रही है। ये उनके प्रयास ही थे जिनकी बदौलत भारत को अंग्रेजों के चंगुल से आजाद कराने में यूनिवर्सिटी का अहम योगदान माना जाता है। 1930 के दौरान भारत में हुए कई शैक्षणिक सुधारों में डॉक्टर जाकिर सक्रिय सदस्य रहे थे। भारत जब आजाद हुआ तो उन्हें अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी का वाइस चांसलर बना दिया गया। वहां उनका कार्यकाल पूरा होने के बाद उन्हें राज्यसभा के लिए नामित किया गया और इस तरह वो 1956 में सांसद बन गए। हालांकि, वो एक साल तक ही राज्यसभा के सदस्य रह पाए। उसके बाद उन्होंने बिहार का गवर्नर बना दिया गया। जाकिर 1957 से 1962 तक इस पद पर बने रहे। शिक्षा और राजनीति के क्षेत्र में गवर्नर के पद से सेवानिवृत्त होने के बाद 1962 में ही उन्हें भारत का उप राष्ट्रपति बना दिया गया। जाकिर आजाद भारत के दूसरे उप राष्ट्रपति थे। 1967 में उनका कार्यकाल पूरा हो रहा था।

जैसा कि ऊपर बताया गया प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष के कामराज के बीच उन्हें आगे की भूमिका देने को लेकर असहमति थी। इंदिरा चाहती थीं कि उन्हें राष्ट्रपति बनाया जाए जबकि कामराज चाहते थे कि चाहते थे कि जाकिर दोबारा से उप राष्ट्रपति बन जाएं और डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन को दोबारा से राष्ट्रपति। हालांकि इंदिरा गांधी अपने प्रयासों में सफल रहीं और 1967 में जाकिर हुसैन को देश का तीसरा और पहला मुस्लिम राष्ट्रपति बनाया गया। राष्ट्रपति पद संभालने के दो साल बाद ही 3 मई, 1967 को उनकी मृत्यु हो गई। मृत्यु के बाद उन्हें 1983 में पद्म विभूषण से भी सम्मानित किया गया।

# हदीस-ए-जिब्रील (जिब्रील अलैहिस्सलाम की हदीस)



हज़रत उमर बिन अल-खत्ताब (रज़ि.) से रिवायत है: "हम एक दिन हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम (□) के साथ बैठे हुए थे कि एक आदमी हमारे पास आया। हज़रत उमर इब्न अल-खत्ताब रज़ि. कहते हैं: "एक दिन हम अल्लाह के रसूल (□) के साथ बैठे हुए थे कि एक अजनबी आदमी आया। उसके कपड़े बहुत सफेद और बाल बहुत काले थे। उस पर सफ़र का कोई निशान नहीं था और हममें से कोई भी उसे पहचानता नहीं था। वह सीधा नबी (□) के सामने बैठ गया, घुटनों को उनके घुटनों से मिला दिया और हाथ अपनी जांघों पर रखकर कहने लगा – 'मोहम्मद, मुझे बताओ कि इस्लाम क्या है?'" रसूल अल्लाह (□) ने फ़रमाया: "इस्लाम यह है कि तुम गवाही दो कि अल्लाह के सिवा कोई माबूद नहीं और मोहम्मद (□) अल्लाह के रसूल हैं, नमाज़ अदा करो, ज़कात दो, रमज़ान में रोज़ा रखो और यदि क़ाबिल हो तो हज करो।" अजनबी ने कहा, "आपने सच कहा।" हमें (सहाबा को) हैरानी हुई कि सवाल भी कर रहा है और फिर खुद ही जवाब की तस्दीक भी कर रहा है! फिर उसने पूछा, "अब मुझे बताइए ईमान (faith) क्या है?" अल्लाह के रसूल (□) ने कहा: "ईमान यह है कि तुम अल्लाह पर, उसके फ़रिश्तों पर, उसकी किताबों पर, उसके रसूलों पर, क़ियामत के दिन पर और तक़दीर – चाहे भली हो या बुरी – पर यक़ीन रखो।" उसने फिर कहा, "आपने सच कहा।" फिर पूछा, "अब मुझे एहसान (खूबसूरती से अमल करना) के बारे में बताइए।" रसूल (□) ने जवाब दिया:"एहसान यह है कि तुम अल्लाह की इबादत ऐसे करो जैसे तुम उसे देख रहे हो, और अगर तुम उसे नहीं देख सकते तो यह जानो कि वह तुम्हें देख रहा है।" उसने पूछा, "क़यामत कब आएगी?" रसूल (□) ने फरमाया: "इसका जवाब न सवाल करने वाला जानता है न जिससे पूछा गया।" फिर उसने कहा, "तो उसके निशानात बताइए।" रसूल (□) ने कहा: "गुलाम औरत अपनी मालकिन को जन्म देगी, और तुम देखोगे कि नंगे पाँव, नंगे बदन, ग़रीब बकरियों के चरवाहे ऊँची-ऊँची इमारतों की होड़ करेंगे।" फिर वह आदमी चला गया। कुछ देर बाद रसूल (□) ने मुझसे पूछा, "उमर, जानते हो यह शख्स कौन था?" मैंने कहा, "अल्लाह और उसका रसूल बेहतर जानते हैं।" तब रसूल (□) ने फ़रमाया: 'वो जिब्रील (अलैहिस्सलाम) थे, जो तुम्हें तुम्हारा दीन सिखाने आए थे।'

### इस वाक़ये की अहमियत और पृष्ठभूमि

अब सोचिए, यह सब एक छोटे रेगिस्तानी शहर मदीना में हो रहा था, जहाँ हर किसी को हर किसी का पता होता था। वहाँ कोई अजनबी आए और किसी को पता न चले, यह नामुमकिन सी बात थी। लेकिन यह अजनबी न तो थका हुआ था, न धूल से भरा, और न ही सफ़र के कोई निशान उसके जिस्म पर थे। वह सीधे रसूल (□) के पास जाकर उनके घुटनों से घुटने मिलाकर बैठता है – जो बहुत नज़दीकी और आत्मीयता का इज़हार होता है। इतना ही नहीं, वह उन्हें "मोहम्मद" कहकर बुलाता है, जबकि सभी उन्हें "रसूलुल्लाह" कहकर बुलाते हैं। और फिर ऐसे सवाल पूछता है जैसे कोई इम्तिहान ले रहा हो। रसूल (□) पूरी तसल्ली से उसके जवाब देते हैं और सहाबा हैरान होकर देख रहे हैं। और अंत में पता चलता है कि यह कोई आम आदमी नहीं बल्कि जिब्रील (अलैहिस्सलाम) थे, जो इंसानी शक्ल में आकर इस्लाम की बुनियादी बातें सहाबा को सिखाने आए थे।

# इस्लाम में पानी की अहमियत और उसका संरक्षण



पानी इंसानी जिस्म के तमाम अहम हिस्सों की बुनियाद है, जैसे खून, स्पाइनल फ्लुइड (रीढ़ की हड्डी में मौजूद तरल), लार और जोड़ो का लुब्रिकेशन (चिकनाई)। यह जिस्म के दो-तिहाई वज़न का हिस्सा बनाता है और जिस्म का दर्जा-ए-हरारत कंट्रोल करता है। अगर इंसान को कुछ दिन भी पानी न मिले तो ज़िंदगी खत्म हो सकती है। सेहतमंद रहने, सफ़ाई और ज़ाती हाइजीन के लिए पानी बेहद ज़रूरी है। इसके अलावा, खेती-बाड़ी और इंडस्ट्री में भी पानी की बहुत अहमियत है। साफ़ है कि पानी पूरी धरती और उसके बाशिंदों के लिए एक बुनियादी ज़रूरत है। इसी वजह से इस्लाम में भी पानी और उसके बचाव की बहुत ज़्यादा अहमियत दी गई है।

### अरब की सरज़मीं और पैग़म्बर मुहम्मद (स.अ.)

पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम अरब के रेगिस्तान में पैदा हुए। जहाँ पानी हमेशा से ही चिंता का विषय रहा है। पानी की अहमियत ने अरबी अदब, शायरी, इस्लामी फ़न और तामीरात को बहुत प्रभावित किया। इस्लामी शहरों की तामीर अक्सर मस्जिद के इर्द-गिर्द होती थी और उनमें वुज़ू के लिए बहता पानी, पीने के लिए फव्वारे और जानवरों के लिए पानी के हौज़ मौजूद होते थे। इन फव्वारों और हौज़ों पर अक्सर कुरआनी आयतें लिखी होती थीं जो पानी की पवित्रता और उसकी अहमियत बयान करती थीं।

कुरआन कहता है: "हमने हर ज़िंदा चीज़ को पानी से पैदा किया।" (सूरह अल-अंबिया 21:30)। मुसलमान यक़ीन रखते हैं कि पानी अल्लाह की तरफ़ से एक नेमत और उसके वजूद व कुदरत का सबूत है। कुरआन में अल्लाह तआला हमें बारिश, नदियों, मीठे और खारे पानी पर ग़ौर व फ़िक्र करने को कहता है, ये सब उसकी रहमत और बख़्शिश की निशानियाँ हैं। "क्या वह (अल्लाह) बेहतर नहीं जिसने आसमान व ज़मीन पैदा की और तुम्हारे लिए आसमान से पानी बरसाया, जिससे खूबसूरत बाग़ात उगाए जिन्हें तुम कभी उगा नहीं सकते थे? क्या अल्लाह के साथ कोई और माबूद है? नहीं, बल्कि ये लोग बराबरी ठहराते हैं।" (सूरह अन-नम्ल 27:60)

### पानी की हिफाज़त और इसकी पाकी

पानी एक साफ़, बे-रंग, बे-बू और ख़ुशज़ायक चीज़ है, लेकिन अफ़सोस के साथ कहना पड़ता है कि इंसानी लापरवाही की वजह से अब पानी हर जगह गंदा होता जा रहा है। बारिश का पानी हवा की गंदगी से, नदियाँ और झीलें कूड़े-कचरे और रासायनिक ज़हर से, समंदर सीवेज और फैक्ट्रियों के कचरे से गंदा हो चुके हैं।

करोड़ों लोग साफ़ पानी से महरूम हैं और गंदा पानी बीमारियाँ फैला रहा है। पैग़म्बर मुहम्मद (स.अ.) ने 1400 साल पहले ही इस बारे में चेतावनी दी थी। आपने पानी के स्रोतों के पास गंदगी करने, पेशाब-पाखाना करने से सख़्त मना फ़रमाया था। आप (स.अ.) ने फरमाया: "कोई शख़्स नींद से उठने के बाद बर्तन में हाथ न डाले जब तक कि उसे तीन बार न धो ले, क्योंकि वह नहीं जानता कि उसका हाथ रात को कहां-कहां लगा।" (अबू दाऊद)। आप (स.अ.) ने यह भी हिदायत दी कि खाने-पीने की चीज़ों को ढक कर रखा जाए और पानी के मटकों को बंद किया जाए ताकि उन्हें कोई गंदा न कर दे।

### इस्लामी क़ानून और पानी का हक़

इस्लामी शरीअत में पानी को इंसानियत की साझा नेमत माना गया है। इसके दो अहम उसूल हैं:

हक़्क़े-अतश (Right of Thirst) – हर इंसान और जानवर को प्यास बुझाने का हक़ है।

हक़्क़े-सक़ी (Right of Irrigation) – फसलों की सिंचाई का हक़, ताकि ज़रूरतमंद किसान ज़मीन को ज़िंदा रख सकें।

पैग़म्बर मुहम्मद (स.अ.) की कई हदीसों में ये भी बताया गया है कि पानी पर किसका हक़ पहले है, कौन कितना पानी ले सकता है और पानी की फुज़ूलखर्ची से कैसे बचा जाए — यहाँ तक कि तब भी जब पानी भरपूर मौजूद हो।

पानी एक अज़ीम नेमत है। जब बारिश होती है और सूखी धरती में जान आती है तो अल्लाह की रहमत हर क़तरे में महसूस होती है। लेकिन अल्लाह तआला अगर चाहे तो ये नेमत छीन भी सकता है: "और हमने आसमान से मीयारी (नियोजित) पानी बरसाया, फिर उसे ज़मीन में महफ़ूज़ किया, और बेशक हम उसे वापस लेने की भी क़ुदरत रखते हैं।" (सूरह अल-मु'मिनून 23:18)। इस्लाम ये सिखाता है कि इंसान धरती पर अल्लाह का ख़लीफ़ा (custodian) है और उसे हर चीज़ की हिफ़ाज़त करनी है, चाहे वो जंगल हों, जानवर हों या पानी। कुरआन और हदीस हमें बार-बार याद दिलाते हैं कि हमें पानी की कद्र करनी चाहिए, उसे गंदा नहीं करना चाहिए और हर इंसान को उसका हक़ मिलना चाहिए।

# जब अमानतदारी उठ जाएगी...

रसूलुल्लाह □ ने फरमाया: "जब अमानतदारी (ईमानदारी) खो जाएगी, तो फिर क़यामत का इंतज़ार करो।"

(बुख़ारी)। ये लफ़्ज़ नबी-ए-अकरम □ के हैं — जो उस दौर की तस्वीर पेश करते हैं, जहाँ सच्चाई की जगह झूठ, धोखा और फरेब ने ले ली होगी। और आज, इक्कीसवीं सदी में, हम उसी दौर में जी रहे हैं जहाँ लोग ज़बानी तो ईमानदारी की क़द्र करते हैं, लेकिन अमली ज़िंदगी में अक्सर उसे नजरअंदाज़ करते हैं।

### हम बच्चों को क्या सिखा रहे हैं?

जब हम अपने बच्चों से फ़ोन पर झूठ बुलवाते हैं: "कहो अब्बू घर पर नहीं हैं," जब हम किसी दावत से बचने के लिए झूठा बहाना बनाते हैं, तो हम अपने बच्चों को झूठ और फरेब की तालीम दे रहे होते हैं — भले ही हमें इसका एहसास न हो। हम कहते हैं कि बच्चों को झूठ नहीं बोलना चाहिए, लेकिन उनके सबसे पहले उस्ताद तो हम ही हैं। और जब बच्चों का दिल सच्चाई से खाली होने लगे, तो समझिए कि क़ौम की बुनियाद हिल चुकी है।

### ईमानदारी का मतलब

ईमानदारी सिर्फ़ सच बोलना नहीं — ये एक अंदरूनी सफ़ाई है। इसमें होता है: दिल से सच्चा होना, बातों में सच्चाई,

मुआमलात में साफ़गोई, और अल्लाह और उसके बन्दों के साथ बेईमानी से बचना। कुरआन कहता है: "ऐ ईमान वालों! अल्लाह से डरो और सच्चों के साथ हो जाओ।" (सूरत तौबा 9:119)

इब्न कसीर रह. इस आयत की तफ्सीर में कहते हैं:"सच्चाई पर डटे रहो, यही तुम्हें मुसीबतों से बचाएगी और हल निकाल देगी।"

### अल-अमीन और अस-सादिक़ □

रसूलुल्लाह □ को लोग उनके नबी बनने से पहले ही अल-अमीन (ईमानदार) और अस-सादिक़ (सच्चे) कहा करते थे। एक बार आपने मक्का के लोगों से पूछा: "अगर मैं कहूं कि इस पहाड़ के पीछे से एक फ़ौज आ रही है, तो क्या तुम मान लोगे?" लोगों ने कहा: "हां! क्योंकि हमने आपको कभी झूठ बोलते नहीं देखा।" यह एक दुश्मन, अबू सुफ़यान, तक ने कुबूल किया कि: "वो ना कभी झूठ बोलते हैं और ना किसी की अमानत में खयानत करते हैं।"

# टीपू सुल्तान: एक सुल्तान जो धर्म से पहले इंसानियत का हामी था






भारत के इतिहास में कुछ नाम ऐसे हैं जो वक़्त के साथ और भी रौशन हो जाते हैं। टीपू सुल्तान ऐसा ही एक नाम है, 'शेर ए मैसूर' जो अपने दौर में अंग्रेज़ हुकूमत के लिए खौफ़ का दूसरा नाम था। वो ना सिर्फ़ एक बहादुर योद्धा थे, बल्कि एक क़ाबिल प्रशासक, तकनीक-दोस्त नवाचारी, और मज़हबी रवादारी के हामी भी थे। टीपू सुल्तान के वालिद हैदर अली एक मामूली सिपाही थे, लेकिन अपनी क़ाबिलियत और जंग के हुनर से उन्होंने मैसूर की गद्दी हासिल की और खुद को सुल्तान घोषित किया। फ्रांसीसी फ़ौजियों से उन्होंने यूरोपीय जंग की तरकीबें सीखीं और एक नई तरह की फ़ौज खड़ी की। टीपू ने अपने वालिद के नक्शे-क़दम पर चलते हुए न सिर्फ़ अंग्रेज़ों से दो-दो हाथ किए बल्कि 1780 की पोलिलूर की लड़ाई में अंग्रेज़ों को उनकी सबसे बड़ी शिकस्त दी। इतनी बड़ी कि ब्रिटिश इतिहासकारों ने भी इस हार को "सबसे शर्मनाक" कहा।

### एक हुकूमत जो तरक्की की मिसाल बनी

1782 में जब टीपू सुल्तान तख़्त पर बैठे, उस वक़्त मैसूर तक़रीबन 80,000 वर्ग मील में फैला हुआ था। उसके भीतर 60 लाख से ज़्यादा लोग रहते थे। टीपू सुल्तान ने इसे सिर्फ़ एक हुकूमत नहीं, बल्कि एक 'ख़ुदा की दी हुई जिम्मेदारी' समझा और इसे "सरकार-ए-ख़ुदादाद" नाम दिया। उन्होंने हर विभाग पर खुद निगरानी रखी। चाहे वो खज़ाना हो, फ़ौज, खेती या तिजारत। उन्होंने कइयों को हैरत में डालते हुए नई फैक्ट्रियां खोलीं। हथियार, सिल्क, मिठाइयाँ, बारूद, यहाँ तक कि कैंडी और कटलरी तक बनाई जाती थी। उन्होंने सिल्क के लिए चीन से कीड़े और मोती निकालने वाले गोताखोर अरब से मंगवाए। टीपू सुल्तान ने बड़े-बड़े ज़मींदारों की मनमानी खत्म कर दी। उन्होंने वंशानुगत ज़मींदारी हटाकर ज़मीन गरीबों को दिलाई, जिससे खेती में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई। शहर आबाद हुए, कारोबार फला-फूला। अंग्रेज़ तक मान गए कि "मैसूर सबसे अच्छी तरह से खेती किया गया और सबसे समृद्ध इलाक़ा था।"

### मज़हबी एकता का पैग़ाम

जहाँ टीपू एक पक्के मुसलमान थे, वहीं उन्होंने कभी मज़हबी तंगनज़री को बढ़ावा नहीं दिया। उनके दरबार में कई ऊँचे पदों पर हिंदू अफसर थे। उन्होंने मंदिरों को ज़मीनें दीं, दान किया, और पूजा स्थलों को संरक्षण दिया। टीपू सुल्तान के नाम कई ऐसे ऐतिहासिक दस्तावेज़ मौजूद हैं, जिनमें उनके द्वारा मंदिरों को दिए गए तोहफों का ज़िक्र है। इतिहास की पुस्तकों और लेखों में जो तथ्य निकलकर आते हैं उनके अनुसार टीपू सुल्तान न सिर्फ एक वीर शासक था बल्कि उसने अपने शासन काल में कृषि-व्यवस्था में बड़े सुधार किए। यही नहीं, कई हिन्द मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया जिसमें श्रृंगेरी मठ का नाम खासतौर पर लिया जाता है। इतिहास के जानकारों के मुताबिक, टीपू सुल्तान को न सिर्फ वीर योद्धा और राष्ट्रभक्त शासक के तौर पर जाना जाता है बल्कि धार्मिक सहिष्णुता के प्रतीक के तौर पर भी याद किया जाता है। सरकारी दस्तावेजों और ऐतिहासिक साक्ष्यों पर नजर डालें तो टीपू ने श्रृंगेरी, नांजनगुंडा, श्रीरंगपट्टनम, कोलूर, मोकंबिका के मंदिरों को सरकारी खजाने से काफी धन और जेवरात दान दिए और इन्हें सुरक्षा मुहैया कराई थी। टीपू के साम्राज्य में हिंदू बहुमत में थे और शायद अपने इन्हीं कार्यों के चलते वह काफी लोकप्रिय भी था। टीपू एक इल्म पसंद शख़्स थे। उनके पास हज़ारों किताबों का कुतुबख़ाना था, जिसमें ख्वाब और ज्योतिष पर उनकी खुद की दो किताबें भी थीं। वो शायरी, तामीरात और फन के बड़े सरपरस्त थे। उन्होंने बाघ को अपनी सल्तनत का निशान बनाया और अपने तख़्त तक को सोने का बनवाया जिसमें बाघ की आकृतियाँ थीं।

### दूरदर्शी सियासत और तकनीकी इनोवेशन

टीपू सुल्तान ने एक ऐसी चीज़ ईजाद की जिससे आज के ज़माने की मिसाइल तकनीक की बुनियाद मानी जाती है -रॉकेट। उनके बनाए रॉकेट अंग्रेज़ों के लिए नया खतरा बने। ब्रिटिश आर्मी ने बाद में उनके रॉकेट का मॉडल अपने पास रखा और उसी से प्रेरणा लेकर आगे के हथियार बनाए। टीपू ने अपनी हुकूमत के लिए तुर्की, ईरान और फ्रांस से राजनयिक संबंध बनाए। उन्हें खिलाफ़त-ए-उस्मानिया (ऑटोमन खलीफा) की तरफ से आधिकारिक मान्यता मिली कि वो खिलाफ़त की तरफ़ से हुकूमत कर सकते हैं।

### आख़िरी लड़ाई और शहादत

1792 में अंग्रेज़ों ने मराठों और हैदराबादी निज़ाम के साथ मिलकर हमला किया। टीपू की आधी रियासत छीन ली गई। लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। 1799 में जब अंग्रेज़ों ने एक बार फिर हमला किया, तब उन्होंने श्रीरंगपट्टनम में आख़िरी सांस तक लड़ाई लड़ी और लड़ते-लड़ते शहीद हो गए। अंग्रेज़ों के हाथ में उनकी तलवार और खज़ाना तो आया, लेकिन उनका जज़्बा कभी नहीं जीत पाए। ब्रिटेन में टीपू की मौत पर जश्न मनाया गया। उनकी यादगार चीज़ें आज भी ब्रिटिश म्यूज़ियम में रखी हैं। जिनमें बाघ वाला ऑटोमेटिक खिलौना सबसे मशहूर है। कई लेखकों और शायरों ने टीपू से प्रेरणा ली। आज के दौर में देश में टीपू सुल्तान की विरासत पर सियासत होने लगी है। बीजेपी और हिंदुत्व संगठनों द्वारा उन्हें हिंदू-विरोधी कहा जा रहा है, जबकि वही बीजेपी 2015 तक उनकी जयंती मनाती थी और 2017 में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने उन्हें "आज़ादी के लिए लड़ने वाला पहला सच्चा हीरो" कहा था। अब उनके नाम पर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, ट्रेन, स्टैच्यू सब पर बवाल हो रहा है, नाम बदले जा रहे हैं। जबकि असलियत ये है कि टीपू ने कभी मज़हबी भेदभाव नहीं किया। उनका इतिहास दस्तावेज़ों में आज भी दर्ज है।टीपू सुल्तान सिर्फ़ एक योद्धा नहीं थे, वो उस दौर का विज़नरी थे। जब बाकी रियासतें अंग्रेज़ों से समझौते कर रही थीं, टीपू अकेले उन्हें ललकार रहे थे। वो आख़िरी सांस तक अपनी मातृभूमि के लिए लड़े और शहीद हो गए।

मुस्लिम रिश्ते

रॉयल पत्रिका साप्ताहिक में मुस्लिम रिश्तों में विज्ञापन देने हेतु संपर्क करें -

मोबाइल: 9772552446, 9799559096

Sunni Muslim Girl 32/5.3"/B. Tech in Electronics & Communications/Working in Semi Govt. Deptt./Deeni Taleem yafta/Homely girl. Father retd. from Indian Railway. Well educated and reputed family of Jaipur. Need religious, well educated and settled boy from well reputed family. Contact: 9828453954

Muslim Qureshi Caste Girl 34/5.6"/ Ph.D (Business Management)/MBA (HR & Marketing)/At present an Assistant Professor/Namazi and well versed in Quran. Jaipur based reputed family. Father Businessman. Seeking an educated Sunni Muslim religious boy from reputed family. Interested person contact: 9314966151

चूरू (राजस्थान) निवासी सुन्नी मुस्लिम पठान खान, दीनी तालीम याफ़्ता लड़की 24/5.2"/ एम एस सी (फिजिक्स)/ रंग फेयर, बैंक एग्जाम की तैयारी कर रही है, हेतु सुयोग्य पढ़े - लिखे, सेटल्ड मुस्लिम युवक को प्राथमिकता। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करे - मोबाइल: 97851 62654

30/5.3"/ पोस्ट ग्रेजुएट व 27/5.3"/ ग्रेजुएट / दीनी तालीम याफ़्ता, नमाज़ी/ जयपुर निवासी रेप्यूटेड फैमिली। दोनों बैंक में कार्यरत मुस्लिम सैयद युवकों के लिए खूबसूरत, ग्रेजुएट , घर के काम में दक्ष अच्छे घराने की लड़कियां चाहिए। इच्छुक व्यक्ति लड़कियों का बायो डाटा व्हाट्सएप करें - 97995 59096

सैयद मुस्लिम युवती 23/5.5"/ बी ए/खूबसूरत, गृह कार्य में दक्ष व दीनी तालीम याफ़्ता सवाई माधोपुर की प्रतिष्ठित फैमिली हेतु खूबसूरत, दीनदार, नौकरीपेशा/बिजनेसमैन प्रतिष्ठित फैमिली के युवक की आवश्यकता है। संपर्क करें - +91 96369 22143

29 Years Old MBBA Doctor, Working in Dehli , Kota Based Family,Needs MBBS Girls. Contact - 9829068455

Kota Based, 31/5.3/B.tech, PG Diploma in Banking, MBA in Finance, BSTC, Experience 3 years in ICICI Bank [Special Officar], Sunni Muslim Rangrez Girl. Father - Princeipal, Mother- House Wife, One Younger brothers. Required Educated, Honest life Partner Contact – 9829068455

Baran Based 27/5.4/B.Tech., M.Tech. Girls, Working as a Civil Enginear With a Private Firm At Gurgaon. Father Bussiness Man, Mother House Wife, Elder Brother is Govt Doctor, Well Settled Family, Required Well honest Settled, Honest Life partner. Contact – 9829068455

## RRB ALP भर्ती 2025: 9970 सहायक लोको पायलट पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

नई दिल्ली, 12 अप्रैल 2025: रेलवे भर्ती बोर्ड (RRB) ने सहायक लोको पायलट (ALP) के 9970 पदों पर भर्ती के लिए आधिकारिक अधिसूचना जारी की है। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार 12 अप्रैल 2025 से 11 मई 2025 तक RRB की आधिकारिक वेबसाइट, www.rrbapply.gov.inके माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।




**पद का विवरण:**
पद नाम: सहायक लोको पायलट (ALP)
कुल पद: 9970

**आवश्यक योग्यता:**
किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री
डिप्लोमा या ITI (औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान) में 2 वर्षीय कोर्स

**आयु सीमा (01 जुलाई 2025 के अनुसार):**
न्यूनतम आयु: 18 वर्ष
अधिकतम आयु: 30 वर्ष
(आरक्षित श्रेणियों के उम्मीदवारों के लिए आयु में छूट)

**आवेदन शुल्क:**
सामान्य / OBC / EWS: ₹500
SC / ST / ESM / महिला / EBC: ₹250
(आवेदन शुल्क ऑनलाइन भुगतान के माध्यम से)

**महत्वपूर्ण तिथियाँ:**
ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ तिथि: 12 अप्रैल 2025
ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि: 11 मई 2025 (रात्रि 11:59 बजे तक)
परीक्षा तिथि: शीघ्र घोषणा की जाएगी

**भर्ती प्रक्रिया:**
उम्मीदवारों का चयन ऑनलाइन परीक्षा और दस्तावेज़ सत्यापन के आधार पर किया जाएगा। परीक्षा की तारीख और अन्य जानकारी जल्द ही जारी की जाएगी।

## एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी में इंजीनियर और एग्ज़ीक्यूटिव पदों पर बंपर भर्ती, 1 मई तक करें आवेदन

नई दिल्ली। एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (NTPC Green Energy Ltd) ने इंजीनियर और एग्ज़ीक्यूटिव के कुल 182 पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की है। इस भर्ती के तहत योग्य उम्मीदवार 11 अप्रैल 2025 से 01 मई 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। भर्ती प्रक्रिया एनटीपीसी की आधिकारिक वेबसाइट www.ngel.in पर संचालित की जा रही है। इस भर्ती के माध्यम से सिविल, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल, आईटी, फाइनेंस और एचआर जैसे विभागों में नियुक्तियां की जाएंगी।

**पदों का विवरण:**
इंजीनियर (RE - इलेक्ट्रिकल): 80 पद
इंजीनियर (RE - सिविल): 40 पद
इंजीनियर (RE - मैकेनिकल): 15 पद
एग्ज़ीक्यूटिव (RE - फाइनेंस): 26 पद
एग्ज़ीक्यूटिव (RE - एचआर): 07 पद
अन्य पद: IT और C&M सहित 14 पद

**योग्यता और आयु सीमा:**
इन पदों के लिए उम्मीदवारों के पास B.E./B.Tech, M.E./M.Tech, MBA, CA/CMA या समकक्ष डिग्री होनी चाहिए। आवेदकों की अधिकतम आयु 30 वर्ष निर्धारित की गई है। आरक्षित वर्गों को नियमानुसार आयु में छूट दी जाएगी।

**आवेदन शुल्क:**
सामान्य, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए ₹500 शुल्क निर्धारित है।
महिला, SC/ST, PwBD और पूर्व सैनिकों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

**आवेदन कैसे करें:**
इच्छुक उम्मीदवार एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी की आधिकारिक वेबसाइट www.ngel.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 01 मई 2025 है।
महत्वपूर्ण सूचना: उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि आवेदन से पूर्व आधिकारिक अधिसूचना को ध्यानपूर्वक पढ़ें ताकि पात्रता, चयन प्रक्रिया एवं अन्य नियमों की पूरी जानकारी प्राप्त हो सके।

## न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन में 400 पदों पर भर्ती; 10 अप्रैल से शुरू आवेदन

न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड में एग्जीक्यूटिव ट्रेनी के पदों पर भर्ती निकली है। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट npcilcareers.co.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस भर्ती के लिए फीस जमा करने की आखिरी तारीख 30 अप्रैल तय की गई है।

**पोस्ट :** 400

**आवेदन शुरु :**
10 अप्रैल से 30 अप्रैल 2025 तक

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**
संबंधित क्षेत्र में बीई, बीटेक की डिग्री
गेट 2023, गेट 2024 या GATE 2025 में वैलिड स्कोर प्राप्त किया हो।
GATE 2022 या उससे पहले के स्कोर वैलिड नहीं होंगे।

**एज लिमिट :**
अधिकतम 26 साल
रिजर्व कैटेगरी के उम्मीदवारों को सरकारी नियमों के अनुसार उम्र में छूट दी जाएगी।

**सिलेक्शन प्रोसेस :**
इंटरव्यू के बेसिस पर
इंटरव्यू के लिए शॉर्ट लिस्टिंग GATE स्कोर के आधार पर की जाएगी।

**फीस :**
जनरल, ईडब्ल्यूएस, ओबीसी के मेल कैंडिडेट्स : 500 रुपए
एससी, एसटी, दिव्यांग, पूर्व सैनिक, फीमेल कैंडिडेट्स और NPCIL कर्मचारी: नि:शुल्क

**सैलरी :**
56,100 रुपए प्रतिमाह

**ऐसे करें आवेदन :**
ऑफिशियल वेबसाइट npcilcareers.co.in पर जाएं।
करियर बटन पर क्लिक करने के बाद Registration Form लिंक पर क्लिक करें।
GATE 2023/2024/2025 डिटेल्स के साथ रजिस्ट्रेशन करें।

## राजस्थान लोक सेवा आयोग में जूनियर केमिस्ट के 13 पदों पर भर्ती, ऑनलाइन आवेदन 8 मई तक

जयपुर। राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) ने जूनियर केमिस्ट (Junior Chemist) के 13 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी है। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार 09 अप्रैल 2025 से 08 मई 2025 तक आयोग की आधिकारिक वेबसाइट rpsc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस भर्ती प्रक्रिया के तहत अभ्यर्थियों का चयन लिखित परीक्षा और दस्तावेज़ सत्यापन के आधार पर किया जाएगा।

**पद का विवरण:**
पद का नाम: जूनियर केमिस्ट
कुल पद: 13
शैक्षणिक योग्यता: M.Sc (रसायन विज्ञान या संबंधित क्षेत्र)
आयु सीमा: 21 से 40 वर्ष (01-01-2026 को आधार मानते हुए)
आयु में छूट: नियमानुसार मान्य

**आवेदन शुल्क:**
सामान्य / अन्य राज्य: ₹600
OBC / MBC / SC / ST: ₹400
संशोधन शुल्क: ₹500
भुगतान मोड: ऑनलाइन माध्यम

**महत्वपूर्ण तिथियाँ:**
ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ: 09 अप्रैल 2025
ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि: 08 मई 2025

**आवेदन कैसे करें:**
RPSC की आधिकारिक वेबसाइट rpsc.rajasthan.gov.in पर जाएं।
"Recruitment Portal" सेक्शन में जाकर संबंधित विज्ञापन संख्या 02/2025-26 को चुनें।
रजिस्ट्रेशन कर आवेदन पत्र भरें और सभी जरूरी दस्तावेज़ अपलोड करें।
आवेदन शुल्क का भुगतान कर सबमिट करें और भविष्य के लिए प्रिंटआउट सुरक्षित रखें।

## रेलवे में अप्रेंटिस के 933 पदों पर निकली भर्ती; बिना एग्जाम के सिलेक्शन

साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे (SECR) की ओर से आरआरसी नागपुर डिवीजन में अप्रेंटिस पदों पर भर्ती निकली है। उम्मीदवार अप्रेंटिसशिप पोर्टल apprenticeshipindia.gov.in पर जाकर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। यह भर्ती कॉन्ट्रैक्ट बेस के लिए की जाएगी।

**आवेदन शुरु :**
5 अप्रैल से 4 मई 2025 तक

**डिवीजन वाइस वैकेंसी :**
नागपुर डिवीजन : 858
वर्कशॉप मोतीबाग : 75
कुल पदों की संख्या : 933

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**
10वीं पास
संबंधित विषय में आईटीआई डिप्लोमा

**एज लिमिट :**
न्यूनतम : 15 साल
अधिकतम : 24 साल
एससी, एसटी को 5 साल की छूट दी जाएगी
ओबीसी को 3 साल की छूट दी जाएगी

**स्टाइपेंड**
एक वर्ष आईटीआई कोर्स करने वाले उम्मीदवारों को 7700 रुपए प्रतिमाह सैलरी मिलेगी।
दो वर्षीय आईटीआई करने वाले उम्मीदवारों को 8050 रुपए प्रतिमाह सैलरी मिलेगी।

**ऐसे करें आवेदन** :
ऑफिशियल वेबसाइट www.apprenticeshipindia.gov.in पर जाएं।
संबंधित भर्ती लिंक पर क्लिक करें।

## शिवाजी कॉलेज, डीयू में असिस्टेंट प्रोफेसर की भर्ती; सैलरी 1 लाख 82 हजार तक

दिल्ली विश्वविद्यालय के शिवाजी कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों पर भर्ती निकली है।उम्मीदवार कॉलेज की ऑफिशियल वेबसाइट www.shivajicollege.ac.in या डीयू पोर्टल www.du.ac.in पर जाकर अप्लाई कर सकते हैं।

**आवेदन शुरू :**
4 अप्रैल से 26 अप्रैल 2025 तक

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**
न्यूनतम 55% अंकों के साथ मास्टर्स की डिग्री
यूजीसी/सीएसआईआर द्वारा आयोजित NET परीक्षा पास
पीएचडी उम्मीदवार भी आवेदन कर सकते हैं।

**एज लिमिट :**
जारी नहीं

**सैलरी :**
57,700 - 1,82,400 रुपए प्रतिमाह

सिलेक्शन प्रोसेस :
मेरिट बेसिस पर

**फीस :**
अनारक्षित/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस : 500 रुपए
एससी/एसटी/पीडब्ल्यूडी, महिला : नि:शुल्क

**ऐसे करें आवेदन :**
ऑफिशियल वेबसाइट www.shivajicollege.ac.in पर जाएं।
होमपेज पर "Work With DU" के ऑप्शन पर क्लिक करें।
"Jobs and Opportunities" के विकल्प को चुनें।
आवेदन फॉर्म भरें।
साथ ही जरूरी डॉक्यूमेंट्स अपलोड करें।

## राजस्थान में कॉन्स्टेबल की 9617 भर्ती का नोटिफिकेशन जारी

राजस्थान पुलिस में कॉन्स्टेबल के 9000 से ज्यादा पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया गया है। इस भर्ती के लिए आवेदन की शुरुआत 28 अप्रैल 2025 से की जाएगी। आवेदन शुरू होने के बाद उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट police.rajasthan.gov.in पर जाकर अप्लाई कर सकेंगे।

**पद :** कॉन्स्टेबल

**आवेदन शुरु :**
28 अप्रैल से 17 मई 2025 तक

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**
मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं पास।
राजस्थान 12वीं लेवल CET परीक्षा पास होना चाहिए

**शारीरिक योग्यता :**
हाइट : पुरुषों की हाइट 168 सेमी और महिलाओं की हाइट 152 सेमी होनी चाहिए।
छाती : पुरुषों की सीना 81 सेमी और फूलने के बाद 86 सेमी होना चाहिए।
दौड़ : पुरुषों को 25 मिनट में 5 किमी और महिलाओं को 35 मिनट में 5 किमी दौड़ना होगा।

**एज लिमिट :**
जन्मतिथि की न्यूनतम तारीख 1 जनवरी 2008 और पुरुषों के लिए अधिकतम तारीख : 2 जनवरी 1999 और महिला ड्राइवरों के लिए 2 जनवरी 1994 होनी चाहिए।

**अन्य सभी पद :**
न्यूनतम जन्मतिथि 1 जनवरी 2008 और अधिकतम जन्मतिथि पुरुषों के लिए 2 जनवरी 2002, महिलाओं के लिए 2 जनवरी 1997 होनी चाहिए।
उम्र की गणना 1 जनवरी 2026 के आधार पर की जाएगी।

**सिलेक्शन प्रोसेस :**
लिखित परीक्षा
फिजिकल टेस्ट
स्किल टेस्ट
डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन
मेडिकल टेस्ट

**फीस :**
सामान्य व क्रीमीलेयर के पिछड़ा वर्ग/ अति पिछड़ा वर्ग/ राजस्थान से बाहर के आवेदक : 600 रुपए
राजस्थान के नॉन क्रीमीलेयर के पिछड़ा वर्ग/ अति पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर/ एससी/ एसटी : 400 रुपए

**सैलरी :**
मैट्रिक्स लेवल - 5 के अनुसार

**एग्जाम पैटर्न :**
लिखित परीक्षा ओएमआर बेस्ड होगी।
प्रश्न पत्र 150 अंकों का होगा।
इसमें 150 ऑब्जेक्टिव टाइप प्रश्न होंगे।
हर प्रश्न का सही उत्तर देने पर 1 अंक दिया जाएगा।
गलत उत्तर देने पर 25% अंक काटा जाएगा

**ऐसे करें आवेदन :**
ऑफिशियल वेबसाइट police.rajasthan.gov.in पर जाएं।
Recruitment सेक्शन में जाकर "Constable Recruitment 2025" लिंक पर क्लिक करें।
जरूरी डिटेल्स भरकर डॉक्यूमेंट्स अपलोड करें।
फीस जमा करके फॉर्म सब्मिट करें।
इसका प्रिंटआउट लेकर रखें।

## 309 एयर ट्रैफिक कंट्रोलर (JE ATC) पदों पर भर्ती हेतु अधिसूचना जारी

नई दिल्ली। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (AAI) ने 07 अप्रैल 2025 को एक आधिकारिक अधिसूचना जारी कर 309 जूनियर एग्जीक्यूटिव (Air Traffic Controller) पदों पर भर्ती की घोषणा की है। इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवार 25 अप्रैल 2025 से 24 मई 2025 तक www.aai.aero पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**पद का विवरण:**
पद नाम: JE (Air Traffic Controller)
**कुल पद:** 309

**शैक्षणिक योग्यता:**
B.Sc (Physics and Mathematics विषयों के साथ) या
B.Tech / B.E किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से

**आयु सीमा (24 मई 2025 तक):**
अधिकतम आयु: 27 वर्ष
नियमानुसार आरक्षित वर्गों को आयु में छूट प्रदान की जाएगी।

**आवेदन शुल्क:**
सामान्य / ओबीसी / EWS उम्मीदवार: ₹1,000 (GST सहित)
अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / महिला / दिव्यांग / AAI में 1 वर्ष का अप्रेंटिसशिप कर चुके उम्मीदवार: शुल्क में छूट

**महत्वपूर्ण तिथियाँ:**
ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ: 25 अप्रैल 2025
ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि: 24 मई 2025

**चयन प्रक्रिया:**
AAI द्वारा चयन प्रक्रिया में ऑनलाइन परीक्षा, दस्तावेज़ सत्यापन, और वॉयस टेस्ट / मेडिकल टेस्ट शामिल हो सकते हैं। विस्तृत जानकारी हेतु आधिकारिक अधिसूचना पढ़ना अनिवार्य है।सभी इच्छुक अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि आवेदन करने से पहले आधिकारिक अधिसूचना को ध्यानपूर्वक पढ़ें।

**आधिकारिक वेबसाइट:** www.aai.aero

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन राजस्थान में 8256 पदों पर निकली भर्ती; एज लिमिट 40 साल

राजस्थान में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) एवं राज्य मेडिकल एजुकेशन सोसाइटी के तहत 8256 पदों पर भर्ती निकली है। उम्मीदवार ऑनलाइन माध्यम से RSSB की ऑफिशियल वेबसाइट rssb.rajasthan.gov.in या SSO पोर्टल sso.rajasthan.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

**आवेदन शुरु :**
2 अप्रैल से 1 मई 2025 तक
पोस्ट : 8256 पदों पर

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**
पदानुसार ग्रेजुएशन/ बीकॉम/ बीएससी/ बीटेक/ बीई/ संबंधित क्षेत्र में डिप्लोमा/ 12th/ BAMS/ GNM/ CA/ DML की डिग्री।

**एज लिमिट :**
न्यूनतम : 18 साल
अधिकतम : 40 साल
आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों को नियमानुसार छूट दी जाएगी।
उम्र की गणना 1 जनवरी 2026 को ध्यान में रखकर की जाएगी।

**फीस :**
सामान्य, ओबीसी (क्रीमीलेयर) : 600 रुपए
राजस्थान राज्य के पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमीलेयर), एससी/ एसटी और सभी वर्ग के दिव्यांग : 400 रुपए

**सिलेक्शन प्रोसेस :**
रिटन एग्जाम के बेसिस पर

**सैलरी :**
जारी नहीं

**ऐसे करें आवेदन :**
rssb.rajasthan.gov.in पर जाएं।
SSO पोर्टल sso.rajasthan.gov.in से लॉग इन करें।
सिटीजन एप्स G2C पर उपलब्ध रिक्रूटमेंट पोर्टल का चयन करें।
फीस जमा करके फॉर्म सब्मिट करें।
इसका प्रिंटआउट निकालकर रखें।

## रेलवे में 9900 पदों पर निकली भर्ती; 10 अप्रैल से शुरू आवेदन, 10वीं पास करें अप्लाई

रेलवे में असिस्टेंट लोको पायलट के 9900 पदों पर भर्ती निकली है। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट indianrailways.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

**पोस्ट :** 9900 पदों पर
**पद :** असिस्टेंट लोको पायलट

**आवेदन शुरु:**
10 अप्रैल से 9 मई 2025 तक

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**
10वीं पास
संबंधित ट्रेड में आईटीआई की डिग्री
अन्य पदों के लिए इंजीनियरिंग में डिप्लोमा या डिग्री

**एज लिमिट :**
न्यूनतम : 18 वर्ष
अधिकतम : 30 वर्ष
आयु की गणना 1 जुलाई 2025 को आधार मानकर की जाएगी।
सभी आरक्षित वर्गों को सरकारी नियमों के अनुसार अधिकतम उम्र में छूट दी गई है

**फीस :**
सामान्य, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस : 500 रुपए
अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, दिव्यांग, भूतपूर्व सैनिक, सभी महिला : 250 रुपए

**सैलरी :**
19,900 रुपए प्रतिमाह

सिलेक्शन प्रोसेस :
सीबीटी फर्स्ट और सीबीटी सेकेंड एग्जाम
सीबीएटी
डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन
मेडिकल एग्जाम

**एग्जाम पैटर्न :**
कंप्यूटर बेस्ड एग्जाम सीबीटी फर्स्ट में मैथ्स, मानसिक योग्यता, सामान्य विज्ञान और सामान्य जागरूकता से संबंधित 75 प्रश्न पूछे जाएंगे।
हर प्रश्न एक अंक का होगा जिसे सॉल्व करने के लिए 60 मिनट दिए जाएंगे।
सीबीटी सेकेंड एग्जाम पार्ट 1 में गणित, जनरल इंटेलिजेंस व रीजनिंग, बेसिक साइंस और इंजीनियरिंग से संबंधित 100 प्रश्न पूछे जाएंगे।
इसे सॉल्व करने के लिए 90 मिनट का टाइम मिलेगा।
पार्ट 2 में टेक्निकल से संबंधित 75 प्रश्न पूछे जाएंगे। इसे सॉल्व करने के लिए 60 मिनट का समय दिया जाएगा।
सीबीटी एग्जाम में नेगेटिव मार्किंग एक तिहाई रहेगी।

**ऐसे करें आवेदन :**
ऑफिशियल वेबसाइट indianrailways.gov.in पर जाएं।
संबंधित भर्ती लिंक पर क्लिक करें।
अपना नाम, ईमेल पता, मोबाइल नंबर और अन्य जानकारी दर्ज करें।
बर्थ सर्टिफिकेट सहित जरूरी डाक्यूमेंट्स की स्कैन कॉपी अपलोड करें।
रजिस्ट्रेशन फीस जमा करें।
फाइनल सब्मिट कर सेव कर लें या प्रिंटआउट ले लें।

## राजस्थान में जूनियर केमिस्ट की भर्ती; एज लिमिट 40 साल, पीजी फाइनल ईयर स्टूडेंट को भी मिलेगा मौका

राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) ने जूनियर केमिस्ट भर्ती 2025 के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है। 9 अप्रैल को आवेदन शुरू होने के बाद उम्मीदवार वेबसाइट rpsc.rajasthan.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकेंगे।

**आवेदन शुरु :**
9 अप्रैल से 8 मई 2025 तक

**कैटेगरी वाइस वैकेंसी डिटेल्स :**
सामान्य (यूआर) : 06
ईडब्ल्यूएस : 01
अनुसूचित जाति : 02
अन्य पिछड़ा वर्ग : 03
अति पिछड़े वर्ग : 01
कुल पदों की संख्या : 13

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**
मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी या संस्थान से केमिस्ट्री में एमएससी की डिग्री
राजस्थान के कल्चर का नॉलेज
संबंधित विषय से पीजी फाइनल ईयर डिग्री के छात्र-छात्राएं भी अप्लाई कर सकते हैं। उम्मीदवारों को आरपीएससी की ओर से कंडक्ट कराए जाने वाले इंटरव्यू से पहले डिग्री हासिल करने का प्रूफ देना होगा।

**एज लिमिट :**
न्यूनतम : 21 वर्ष
अधिकतम : 40 वर्ष
आरपीएससी नियमों के अनुसार आयु में छूट दी जाएगी।

**सिलेक्शन प्रोसेस :**
रिटन एग्जाम
इंटरव्यू

**सैलरी :**
पे मैट्रिक्स लेवल - 12 के अनुसार

**फीस :**
सामान्य : 600 रुपए
ओबीसी/बीसी : 400 रुपए
एससी/एसटी : 400 रुपए

**जरूरी डॉक्यूमेंट्स :**
शैक्षणिक योग्यता की मार्कशीट
उम्मीदवारों का आधार कार्ड
जाति प्रमाण पत्र
मूल निवास प्रमाण पत्र
उम्मीदवार की पासपोर्ट साइज फोटो
उम्मीदवार के सिग्नेचर
मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी

**ऐसे करें आवेदन :**
ऑफिशियल वेबसाइट rpsc.rajasthan.gov.in पर जाएं।
रिक्रूटमेंट पोर्टल में जूनियर केमिस्ट के लिए अप्लाई लिंक पर क्लिक करें।
आवेदन फॉर्म में पूछी गई सभी जानकारी दर्ज करें।
जरूरी डॉक्यूमेंट्स अपलोड करें।
अपनी कैटेगरी के अनुसार फीस का भुगतान करें।
फॉर्म सब्मिट करें। इसका प्रिंटआउट लेकर रखें।

## राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड (RSMSSB) भर्ती विज्ञप्ति 2025

**पद नाम:** कंडक्टर (परिचालक)
**कुल पदों की संख्या:** 500 पद
**विभाग:** राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड
**आवेदन का माध्यम:** ऑनलाइन
**आधिकारिक वेबसाइट:** rssb.rajasthan.gov.in

**महत्वपूर्ण तिथियाँ:**
ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ: 27 मार्च 2025
ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि: 25 अप्रैल 2025
शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि: 25 अप्रैल 2025
फॉर्म सुधार की तिथि: 26 अप्रैल 2025 से 02 मई 2025

**शैक्षणिक योग्यता:**
अभ्यर्थी ने माध्यमिक परीक्षा (10वीं) या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की हो।

**आयु सीमा (01.01.2026 के अनुसार):**
न्यूनतम आयु: 18 वर्ष
अधिकतम आयु: 40 वर्ष
(आरक्षण श्रेणी के अभ्यर्थियों को नियमानुसार आयु में छूट प्राप्त होगी)

**आवेदन शुल्क:**
सामान्य वर्ग एवं क्रीमीलेयर ओबीसी/एमबीसी: ₹600/-
नॉन-क्रीमीलेयर ओबीसी/ एमबीसी, ईडब्ल्यूएस, एससी/ एसटी, दिव्यांग: ₹400/-

**भुगतान माध्यम:** ऑनलाइन (डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/नेट बैंकिंग आदि)

हेल्थ टिप्स

# करेला: कड़वाहट में छुपा सेहत का राज़



करेला का नाम आते ही लोगों का मुंह कड़वा होने लगता है। करेले का स्वाद कड़वा होता है, लेकिन इसके बावजूद बड़ी संख्या में लोग करेला की सब्जी बनाकर खाते हैं। इतना ही नहीं, कई लोग तो करेला का रोज जूस भी पीते हैं। यह बात सही है कि करेला कड़वा होता है, लेकिन इसमें औषधीय गुणों का खजाना होता है। शरीर को स्वस्थ रखने में करेला बेहद असरदार हो सकता है। यह हरी सब्जी कई परेशानियों से राहत भी दिला सकती है। गजब के हेल्थ बेनिफिट्स के कारण करेला को सुपरफूड माना जाता है। इसके कुछ फायदे जानकर आप हैरान रह जाएंगे। हेल्थलाइन की रिपोर्ट के मुताबिक करेले में कई महत्वपूर्ण पोषक तत्व होते हैं जो इसे स्वास्थ्यवर्धक सब्जी बनाते हैं। इसमें विटामिन C, विटामिन A और विटामिन K की भरपूर मात्रा होती है। करेले में फोलेट, पोटेशियम और मैंगनीज जैसे मिनरल्स भी होते हैं, जो शरीर की फंक्शनिंग के लिए जरूरी होते हैं। करेले में हाई फाइबर कंटेंट होता है, जो पाचन स्वास्थ्य को बेहतर बना सकता है। इसमें शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो कई बीमारियों से बचाने में मददगार हो सकते हैं। इसके कड़वे स्वाद के बावजू करेले के अनगिनत पोषक तत्व इसे एक सुपरफूड बनाते हैं।

– करेला डायबिटीज के मरीजों के लिए देसी दवा से कम नहीं है। करेला में चारेंटिन नामक कंपाउंड होता है, जो ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में मदद करता है। यह इंसुलिन सेंसिटिविटी को बढ़ाता है, जिससे शरीर में शुगर लेवल नॉर्मल करने में मदद मिल सकती है।

– अगर आप वजन घटाने की कोशिश कर रहे हैं, तो करेला खाना शुरू कर दें। करेला वेट मैनेजमेंट के लिए अच्छा विकल्प है। इसमें कैलोरी की मात्रा कम होती है और फाइबर की मात्रा अधिक होती है, जिससे भूख कंट्रोल होती है।

– पेट की सेहत के लिए करेला को रामबाण माना जा सकता है। इसमें उच्च फाइबर कंटेंट होता है, जो कब्ज, गैस और अपच जैसी समस्याओं को दूर करने में मदद करता है। करेले का जूस पीने से पाचन क्रिया में सुधार होता है और आंतों की हेल्थ में सुधार हो सकता है

– करेले के एंटीऑक्सीडेंट गुण त्वचा और बालों के लिए भी फायदेमंद होते हैं। यह त्वचा को निखारता है और उम्र बढ़ने के लक्षणों को कम करता है। करेले का जूस पीने से त्वचा की समस्याएं जैसे- मुंहासे, दाग-धब्बे और सूजन में कमी आती है

– करेला तमाम विटामिन और मिनरल्स से भरपूर होता है, जो इम्यून सिस्टम को मजबूत कर सकते हैं। करेला का सेवन करने से शरीर की बीमारियों से लड़ने की क्षमता बढ़ सकती है। करेले में मौजूद विटामिन C और एंटीऑक्सीडेंट्स कई बीमारियों से बचाने में मदद करते हैं। कई रिसर्च की मानें तो करेले में एंटीकैंसर गुण होते हैं।

# मांगरोल में इज्तिमाई निकाह सम्मेलन में 23 जोड़े बने हमसफर

**शब्बीर हुसैन**




मांगरोल,(रॉयल पत्रिका)। इज्तिमाई शादी कमेटी पंचायत अंसारियान बड़ी हथाई संस्थान के तत्वावधान में मुस्लिम समाज का 20 वां सामूहिक विवाह सम्मेलन रविवार को आयोजित किया गया। सामूहिक विवाह सम्मेलन कमेटी के जनरल सेकेट्री मास्टर मोहम्मद रफीक ने बताया कि सम्मेलन बावड़ी ग्राउंड बारां रोड़ मांगरोल में आयोजित किया गया। जिसमे 23 जोड़ों का निकाह पढ़ाया गया। सुबह 9 बजे से शुरू होने वाले सम्मेलन में बारां, पांडोला, श्योपुर, खातोली, इटावा, मांगरोल सहित अन्य जगह से जोड़े शामिल हुए। निकाह होने के बाद लोगों ने दुल्हा-दुल्हन को मुबारकबाद दी। इज्तिमाई शादी सामूहिक विवाह सम्मेलन में आए हुए मेहमानों ने कहा कि बदलते समय में सामूहिक विवाह सम्मेलन फिजूलखर्ची से बचने के लिए बेहतरीन जरिया है। मेहमानों ने विचार प्रकट करते हुए कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन निर्धन लोगों के लिए काफी मददगार साबित हो रहे हैं। लोगों को फिजूल खर्च रोकने के लिए सामूहिक विवाह सम्मेलन में विवाह करना चाहिए।

सुबह से ही निकाह कार्यक्रम शुरू हो गए थे। एक ओर निकाह कार्यक्रम चलते रहे तो दूसरी ओर भोजन व दुल्हनों की विदाई कार्यक्रम जारी रहे। मांगरोल के बाहर से पहुंचने वाले अधिकांश जोड़े दोपहर तक विदा हो गए थे। कार्यक्रम में राजस्थान स्टेट हज कमेटी के पूर्व सदस्य हाजी मोहम्मद अशफाक, ईदगाह सदर मोहम्मद अशफाक, अब्दुल रज़ाक मेहमानों वाईस चेयरमैन, इक़बाल भाई लाइट वाले, उस्मान सेठ पलायथा, पंचायत बारह गाँव के पटेल, कांग्रेस जिला अध्यक्ष रामचरण मीणा, पूर्व अध्यक्ष अमित चोपड़ा, सत्यनारायण पारेता, पीयूष विजय, भाजपा नगर अध्यक्ष जयप्रकाश सुमन, प्रहलाद सिंह सोलंकी पूर्व पार्षद, एडवोकेट अंसार इंदौरी, थानाधिकारी महेंद्र कुमार मीणा आदि मेहमानों ने भी भाग लिया। आए हुए मेहमानों का सरपरस्त पटेल अब्दुल हकीम, सदर मोहम्मद अकरम ड्राइवर, नायब सदर जाकिर हुसैन अंसारी, जनरल सेकेट्री मास्टर मोहम्मद रफीक, खजांची इकबाल हुसैन बकरे वाले, मुख्य सलाहकार हाजी सलीम भाई बीड़ी वाले, मोहम्मद सादिक कानूनगो, संगठन मंत्री फारूक अहमद बाजे वाले सहित अन्य सदस्यों ने साफा बांधकर व माला पहनाकर स्वागत किया। इसके अलावा बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता व्यवस्थाओं में जुटे रहे।

# नर्सिंग ऑफिसर शमा बी का एमसीएच विंग में किया स्वागत

## -हज मेडिकल टीम में चयन होने पर मक्का-मदीना में 3 महीने करेंगी भारतीय हाजियों की खिदमत

**शब्बीर हुसैन**





बारां, (रॉयल पत्रिका)। हज 2025 के मुकद्दस सफर पर जाने वाले हाजियों की सेहत की देखभाल के लिए हज कमेटी ऑफ इंडिया भारत सरकार द्वारा भेजी जानी वाली मेडिकल टीम जिनमें 12 पैरा मेडिकल और 5 डॉ. शामिल हैं। उसमें बारां जिले से पहली बार मेडिकल टीम ऑफ इंडिया में भारत सरकार की ओर से चयन हुआ है। बारां मेडिकल कॉलेज से नर्सिंग ऑफिसर शमा बी का हज डेप्यूटेशन के तहत हज मेडिकल टीम में चयन हुआ है,ये मेडिकल टीम भारतीय हाजियों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान रखेगी। इसी के तहत शनिवार को मातृ एवं शिशु चिकित्सालय एमसीएच विंग में नर्सिंग ऑफिसर शमा बी का माला पहनाकर मुंह मीठा करवाकर पूरे स्टॉफ की ओर से स्वागत कर मुबारकबाद पेश की गई। इस दौरान प्रमुख चिकित्सा अधिकारी पीएमओ डॉ. नरेंद्र मेघवाल, डॉ. वीनू कटियाल, एमसीएच विंग प्रभारी डॉ. रवि प्रकाश मीणा, डॉ. गिरधर गोपाल नागर सहित मेडिकल और नर्सिंग स्टॉफ मौजूद रहा।

# हिन्दुस्तान जिंक डिजिटल रूप से सक्षम जिंक फ्रेट बाजार के साथ मेटल लॉजिस्टिक्स में लाया क्रांति



उदयपुर, (रॉयल पत्रिका)। भारत की एकमात्र और विश्व की सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक, हिन्दस्तान जिंकलिमिटेड ने डिजिटल-फर्स्ट लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट सिस्टम, जिंक फ्रेट बाजार की शुरूआत के साथ महत्वपूर्ण कदम उठाया है। यह अग्रणी पहल हिन्दस्तान जिंकको भारत में नॉन फैरस मेटल कंपनियों में से एक के रूप में स्थापित करती है, जिसने ग्राहकों को सशक्त बनाने, अनुभव को बढ़ाने और लॉजिस्टिक्स प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए इनोवेटिव लॉजिस्टिक्स प्लेटफॉर्म डिजाइन कर प्रस्तुत किया है। इस प्लेटफॉर्म में लाइव ट्रैकिंग, लॉजिस्टिक्स प्लानर, बिडिंग टूल और संबधित लॉजिस्टिक्स सर्विस पार्टनर्स जैसे फीचर्स है। पूर्व में जिंक खरीद प्रक्रिया के लिए ग्राहकों को लॉजिस्टिक्स तालमेल और शिपमेंट ट्रैकिंग के लिए कई प्रणालियों के बीच आवागमन की आवश्यकता होती थी, जिससे अक्सर आपरेशनल असुविधा होती थीं। यह प्लेटफॉर्म एक सुव्यवस्थित, एंड-टू-एंड डिजिटल समाधान प्रदान करता है जो व्यवसायिक टीमों को आसानी से महत्वपूर्ण मेटल्स की खरीद करने में सक्षम बनाता है। जिंक गैल्वनाइजेशन, स्टील को जंग से बचाने और इंफ्रास्ट्रक्चर, ऑटोमोटिव, रिन्यूएबल एनर्जी, इलेक्ट्रॉनिक्स, हाई टेक मैनयूफेक्चरिंग, डिफेन्स और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी जैसे महत्वपूर्ण उद्योगों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जिंक फ्रेट बाजार उपयोगकर्ता अनुभव पर फोकस के साथ डिजाइन होने से मजबूत उत्पादन योजना की सुविधा देता है और ग्राहकों को सही निर्णय लेने में सक्षम बनाता है। इसे ग्राहकों की सभी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है। लॉन्च के अवसर पर हिन्दस्तान जिंक लिमिटेड के सीईओ अरुण मिश्रा ने कहा कि, "हिन्दस्तान जिंक में, हमने हमेशा महत्वपूर्ण मेटल्स की खरीद अनुभव को बढ़ाने के लिए कस्टमर फस्र्ट दृष्टिकोण को प्राथमिकता दी है। डिजिटलीकरण के एकीकरण के साथ, हम एक सहज, तकनीक-सक्षम अनुभव प्रदान करने की दिशा में एक निर्णायक कदम उठा रहे हैं। यह प्लेटफार्म खरीद को सरल बनाता है और भविष्य के लिए तैयार आपूर्ति श्रृंखला के निर्माण के लिए हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। हिन्दस्तान जिंक द्वारा प्रस्तुत इस प्लेटफार्म में लंदन मेटल एक्सचेंज (एलएमई) पंजीकृत विश्व स्तरीय उत्पाद स्पेशल हाई-ग्रेड जिंक, हाई ग्रेड जिंक, एशिया का पहला कम कार्बन वाला ग्रीन जिंकइकोजेन, प्राइम वेस्टर्न जिंक, कंटीन्यूअस गैल्वनाइजिंग ग्रेड जिंक, स्पेशल हाई ग्रेड जंबो जिंक, हाई ग्रेड जंबो जिंक, हिन्दस्तान जिंकडाई कास्टिंग एलॉय 3, हिन्दस्तान जिंकडाई कास्टिंग एलॉय 5, स्पेशल हाई-ग्रेड लीड आदि शामिल हैं। पूरी तरह से एकीकृत माइन-टू-मेटल उत्पादक के रूप में, हिन्दस्तान जिंक सस्टेनेबल और विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित करता है, जो वैश्विक बाजारों में महत्वपूर्ण मेटल्स की निर्बाध डिलीवरी की गारंटी देता है। हिन्दस्तान जिंकविश्व के सबसे बड़े जिंक उत्पाद पोर्टफोलियो में से एक प्रदान करता है, जो ग्राहक नवाचार पर मजबूत फोकस के साथ 40 से अधिक देशों को सेवा प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त, कंपनी के पास यूरोप में अपने उत्पादों के निर्यात के लिए आरईएसीएच क्वालिटी सर्टिफिकेशन भी है। वेदांता समूह की कंपनी हिन्दस्तान जिंक लिमिटेड विश्व की सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक और तीसरी सबसे बड़ी चांदी उत्पादक है। कंपनी भारत में प्राथमिक जिंकबाजार का लगभग 75 प्रतिशत हिस्सा रखती है। हिन्दस्तान जिंकको एसएंडपी ग्लोबल कॉरपोरेट सस्टेनेबिलिटी असेसमेंट 2024 द्वारा लगातार दूसरे वर्ष मेटल और माइनिंग श्रेणी में विश्व की सबसे सस्टेनेबल कंपनी के रूप में मान्यता दी गई है, जो इसकी परिचालन उत्कृष्टता, नवाचार और अग्रणी ईएसजी प्रथाओं को दर्शाता है। कंपनी ने इकोजेन भी लॉन्च किया, जो एशिया का पहला कम कार्बन ग्रीन जिंक ब्रांड है।

# राजस्थान स्टेट हज कमेटी की ओर से हज प्रशिक्षण एवं टीकाकरण शिविर आयोजित

शब्बीर हुसैन



कोटा,(रॉयल पत्रिका)। राजस्थान स्टेट हज़ कमेटी की ओर से रविवार 20 अप्रैल को बाबा जंगलीशाह में इस साल हज पर जाने वाले हाजियों के लिए टीकाकरण व प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। जिसमें कोटा जिले के 188 हाजियों का टिकाकरण किया गया। शिविर में हाजियों के ब्लड ग्रुप, वजन और शुगर की भी जांच की गई।

हज कमेटी के संयोजक हाज़ी अब्दुल गफ्फार मिर्ज़ा और सूफी जहीर ने सभी हाजियों का इस्तक़बाल किया।

कार्यक्रम के मेहमाने खुसूसी शहर काजी ज़ुबैर अहमद ने सभी हाजियों को मुबारकबाद पेश की और हाजियों से मुल्क की तरक्की और अमन शान्ति के लिये दुआ की गुजारिश की।

सर्वोदया एजुकेशन ग्रुप के डायरेक्टर डॉ अज़हर मिर्ज़ा ने प्रोजेक्टर पर हाजियों को प्रशिक्षण दिया, जिसमें हज यात्रा से संबंधित व टिकट वीज़ा सहित ज़ियारत की सभी जानकारी से रूबरू कराया। इस मौके पर वक़्फ़ कमेटी कोटा के सदर सरफराज अंसारी, डॉ. मजीद मलिक कमांडों, निज़ामुद्दीन बबलू, बबलू पठान, आरिफ नागरा, रज़िया पठान सहित शहर के सभी मोअज़्ज़िज़ लोगो ने शिरकत की।

शिविर में अल-फ़लाह ट्रस्ट की और से हाजियों को इमरजेंसी मेडिकल किट भी दिया गया जिसमें सभी जरूरी दवाइया, लोशन, सनक्रीम आदि रखा गया। कार्यक्रम में वक़्फ़ कमेटी की टीम व अन्जुमन इस्लामिया स्कूल की टीम ने भी भरपूर सहयोग किया।

# शाह समाज द्वारा ऑल मुस्लिम इज़्तिमाई निकाह सम्मेलन सम्पन्न




बारां (रॉयल पत्रिका)। पंचायत शाह समाज द्वारा आयोजित ऑल मुस्लिम इज़्तिमाई निकाह सम्मेलन रविवार 20 अप्रैल 2025 को केजीएन कॉलेज ग्राउंड परिसर मांगरोल रोड़ पर सम्पन्न हुआ। पंचायत के पूर्व सदर डॉक्टर वसीम अहमद शाह ने बताया कि सम्मेलन में कुल 6 जोड़ो का निकाह काजियों द्वारा पढ़ाया गया। सम्मेलन में आए मेहमानों के लिए रुकने, खाने व पीने के पानी की बेहतरीन व्यवस्था की गई थी। सम्मेलन में मेहमान के रूप में तशरीफ़ लाए जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष जाकिर मंसूरी व अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष शाहिद कुंडी का कमेटी द्वारा इस्तकबाल किया गया। इस दौरान पंचायत के सदर माशूक अली, सेकेट्री शकील अहमद शेखू, खजांची गुलजार शाह, सम्मेलन सदर शफी भाई अल्लारख्खा, सम्मेलन सेकेट्री छुट्टन भाई, खजांची रहीम भाई, सरपरस्त डॉ. हाजी अब्दुल रशीद, अब्दुल शकूर केमिस्ट, मंगू मोहम्मद, हुसैन भाई, हाजी मोहम्मद खालिद, बूंदू चाचा, डॉ. उमर फारूक, फिरोज इलेक्ट्रिशल, खुर्शीद आलम, जाकिर भाई गढ़ वाले, लईक अहमद उर्फ गुड्, राशिद अली अल्वी, रईस भाई, एजाज वकार, पप्पू भाई, मास्टर शाहिद हुसैन , जुगनू भाई, नन्हा फ्रूट, वसीम, अकील अहमद आदि उपस्थित रहे।

# ईडी भी पिंजरे का तोता बन गया - गोयन्दा

**डॉ. तोहिद**



सुकेत, (रॉयल पत्रिका)। रामगंजमंडी में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ बदनीयती से ईडी द्वारा दाखिल की गई चार्जशीट के खिलाफ रामगंजमंडी विधानसभा क्षेत्र की ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ए और बी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित प्रदर्शन को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह गोयंदा ने कहा केंद्र सरकार ईडी, सी बी आई, इनकम टेक्स आदि संस्थाओं को अपने राजनीतिक उद्देश्यों को पूरा करने और विपक्ष को दबाव में लेने के लिए कर रही है। ईडी को भी पिंजरे का तोता बना दिया गया है, जैसे ही किसी मुद्दे पर विपक्ष मजबूत दिखता है, या किसी राज्य में चुनाव होते है, ईडी की कार्यवाहियां शुरू हो जाती है।

यह संयोग नहीं योजना से किया जाता है, कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता सोनिया गांधी और राहुल गांधी के साथ खड़ा है। हम ईडी की कार्यवाहियों की निंदा करते है ब्लॉक ए अध्यक्ष हेमंत तिवारी ने कहा कांग्रेस नेताओं पर दुर्भावनापूर्ण ईडी कार्यवाहियों को देश देख रहा है और इससे आमजन के अंदर संवैधानिक संस्थाओं के प्रति सम्मान में कमी आ रही है। यह देश के लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत नहीं है, इस अवसर पर पूर्व उपप्रधान राजेंद्र सिंह सिसोदिया ने कहा विपक्ष की मजबूती से सत्तापक्ष डरा हुआ है और आमजन का ध्यान बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी से हटाने के लिए इस प्रकार की कार्यवाहियां की जाती है।

कांग्रेस कार्यकर्ता इसका सड़क पर उतरकर विरोध करेगा आज प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां लिए केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते रहे वही संविधान को बचाने के लिए आवाह्न करते दिखे जहां ब्लॉक अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह गोयंदा, हेमंत तिवारी के साथ ही पूर्व उपप्रधान राजेंद्र सिंह सिसोदिया, ब्लॉक कांग्रेस के संघटन महामंत्री कमल गुर्जर, युवा कांग्रेस अध्यक्ष विक्रम सिंह भदौरिया, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष टिंकू राठौर, ब्लॉक उपाध्यक्ष सईददुद्दीन भैय्या, जहांगीर खान, जगदीश पोरवाल, लक्ष्मण सिंह, बबलू महासचिव नारायण मेघवाल, श्याम आचार्य, पंचायत समिति सदस्य रेखा बामी, पूर्व सरपंच सुकेत प्रहलाद राठौर, शांति अहिंसा विभाग के संयोजक सत्यनारायण खटीक, ब्लॉक सचिव अशरफ अली, मनीष पारेता, इरफान सैयद रंगरेज, ब्लॉक प्रवक्ता चतुर्भुज अहीर, रजनीश मेहरा, असंगठित मजदूर यूनियन अध्यक्ष सुनील मेहरा, जसवंत मीणा खैराबाद, सुरेश माली, पृथ्वीशाइजा, सुरेश बागरी, रईस एवन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन में भाग लिया।

# रामगंज मंडी नगरपालिका वार्डों में 10 ट्यूबबेल और 2 हैंडपंप लगेंगे



रामगंजमंडी, (रॉयल पत्रिका)। गर्मी में पानी की किल्लत को देखते हुए शहर के जल संकट से प्रभावित वार्ड में 10 ट्यूबवेल, दो हैंडपंप लगेंगे। पालिका अध्यक्ष अखिलेश मेडतवाल ने बताया कि शीघ्र प्रभावित वार्ड का दौरा कर वहां हैंडपम्प व ट्यूबवेल लगाने का कार्य होगा। सुकेत रोड पर स्थित गुरुद्वारे में सिख समाज की ज़मीन सुखमनी निवास पर बोरिंग ट्यूबवेल मोटर सहित लगाकर इसकी रविवार से शुरुआत की गई। प्रधान अमरजीत सिंह सलूजा ने पालिका अध्यक्ष मेडतवाल का मुंह मीठा कराया। सिख समाज के पूर्व प्रधान रणजीत सिंह सलूजा, युवा नेता उमेश माहेश्वरी, राजकुमार धाकड़, पीयूष बाबेल, महेश नामदेव, विशाल जैन, दौलत यादव सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

# शहर में पेयजल एवं सफाई व्यवस्था का निरीक्षण – जिला कलक्टर एवं विधायक ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**शब्बीर हुसैन**



बारां,(रॉयल पत्रिका)। जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर एवं बारां-अटरू विधानसभा क्षेत्र के विधायक राधेश्याम बैरवा द्वारा रविवार प्रातः शहर की पेयजल आपूर्ति एवं सफाई व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता, उपखंड अधिकारी, अधिशाषी अभियंता, सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता एवं नगर परिषद बारां के अधिशाषी अभियंता एवं सफाई निरीक्षक उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान आमापुरा, तेल फैक्ट्री, न्यू नाकोड़ा बस्ती, बाबजी नगर, नगरपालिका कॉलोनी एवं मांगरोल रोड स्थित गणेश मेटल वाली गली क्षेत्रों की स्थिति का जायजा लिया गया। आमापुरा एवं न्यू नाकोड़ा में जलापूर्ति संतोषजनक पाई गई, जबकि बाबजी नगर में अंतिम छोर के उपभोक्ताओं को कम दबाव से जल आपूर्ति की शिकायत मिली। इस पर सहायक अभियंता को नियमित जांच करते हुए पर्याप्त दबाव से जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

नगरपालिका कॉलोनी के निवासियों द्वारा पिछले तीन दिनों से जलापूर्ति में कमी की जानकारी दी गई, जिस पर मौके पर ही टैंकर से जलापूर्ति की गई एवं भविष्य में पर्याप्त मात्रा में जल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। मांगरोल रोड गणेश मेटल गली में बंद जल लाइन को चालू कर उपभोक्ताओं को नल कनेक्शन प्रदान करने के आदेश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान हाउसिंग बोर्ड के सामने राधेश्याम सेन को रोड धोकर व्यर्थ जल बहाने पर 1512 रुपये का दण्ड वसूला गया एवं भविष्य में पुनरावृत्ति न करने की चेतावनी दी गई।

जिला कलक्टर ने अवैध जल कनेक्शन धारकों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाने तथा वाहन धुलाई केन्द्रों पर जल कनेक्शन की जांच करने के निर्देश दिए। अवैध कनेक्शन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए गए। साथ ही आमजन से जल संरक्षण की अपील की गई।

सफाई व्यवस्था की समीक्षा के दौरान आमापुरा, बाबजी नगर, न्यू नाकोड़ा कॉलोनी एवं नगरपालिका कॉलोनी में सफाई व्यवस्था असंतोषजनक पाई गई। इस पर नगर परिषद के अधिशाषी अभियंता को इन क्षेत्रों सहित पूरे शहर में सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश प्रदान किए गए।

# देश का अगला औद्योगिक पावरहाउस बनने की ओर राजस्थान: अनिल अग्रवाल



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक प्रेरणादायक संदेश जारी करते हुए राजस्थान को भारत का अगला औद्योगिक पावरहाउस बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाने का आह्वान किया। उन्होंने राज्य की अपार खनिज संपदा, ऊर्जा संसाधनों और उद्यमशीलता की परंपरा को उजागर करते हुए कहा कि यदि इनका समुचित दोहन किया जाए तो राजस्थान जल्द ही आर्थिक रूप से देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो सकता है।

**खनिजों से समृद्ध लेकिन जीडीपी में पिछड़ता राज्य**

अनिल अग्रवाल ने आंकड़ों के ज़रिए बताया कि राजस्थान की जीडीपी फिलहाल लगभग 196 बिलियन डॉलर है, जबकि गुजरात, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे राज्य 300 बिलियन डॉलर से ऊपर हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि "जब राजस्थान के पास देश के सबसे समृद्ध खनिज भंडार हैं, तो वह पीछे क्यों है?" उन्होंने इस दिशा में औद्योगिक विकास को तेज़ करने और खनिजों को मूल्यवर्धित उत्पादों में बदलने की ज़रूरत बताई।

**प्राकृतिक संपदा और ऊर्जा का संगम**

अग्रवाल ने अपने पोस्ट में लिखा कि तेल, गैस, स्टोन, तांबा, चांदी, सोना, जिंक, पोटाश, रॉक फॉस्फेट जैसे तत्व राज्य को समृद्धि की नई दिशा में ले जा सकते हैं। साथ ही, उन्होंने रिन्यूएबल एनर्जी और ऑयल एंड गैस की प्रचुर संभावनाओं को रेखांकित करते हुए कहा कि "यह शक्तिशाली संयोजन राजस्थान को भारत का नंबर एक राज्य बना सकता है।" उन्होंने सुझाव दिया कि राज्य को चाहिए कि वह खनिज संसाधनों के पूर्ण उपयोग और उन्हें मूल्यवर्धित उत्पादों में बदलने के लिए हजारों निर्माण इकाइयाँ स्थापित करे। इससे राजस्व और जीडीपी में उछाल के साथ-साथ भारी मात्रा में रोजगार भी सृजित किया जा सकता है। अनिल अग्रवाल ने राजस्थान की बिज़नेस स्पिरिट की तारीफ करते हुए कहा कि देश और दुनिया में नाम कमाने वाले कई महान उद्यमी राजस्थान से हैं। उनके अनुसार, राज्य की यही परंपरा इसे भविष्य में उद्यमिता और नवाचार का केंद्र बना सकती है। वेदांता समूह, हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड और केयर्न ऑयल एंड गैस के माध्यम से राजस्थान में बड़े पैमाने पर खनन और ऊर्जा क्षेत्र में सक्रिय है। अग्रवाल ने कहा कि वेदांता राज्य में जिंक, चांदी और तेल-गैस उत्पादन को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने में अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने राजस्थान को अपनी "कर्मभूमि" बताते हुए राज्य के साथ अपनी दीर्घकालिक साझेदारी और प्रतिबद्धता दोहराई।

# अंसारी वेलफेयर सोसाइटी कोटा द्वारा हज गाइड का विमोचन



कोटा,(रॉयल पत्रिका) । विज्ञान नगर स्थित अंसारी वेलफेयर सोसाइटी कोटा के कार्यालय में शनिवार 19 अप्रैल को रिज़वानुद्दीन अंसारी द्वारा संपादित हज गाइड तरीक़ा-ए-हज का विमोचन किया गया।

सोसाइटी के मीडिया प्रभारी अशफ़ाक अहमद के अनुसार प्रोग्राम के मुख्य अतिथि ज़ाकिर हुसैन एजूकेशनल सोसाइटी कोटा के अध्यक्ष हकीम बख़्श थे। अध्यक्षता इंजीनियर सिराज अहमद अंसारी ने की। इसके अलावा सोसाइटी के जनरल सेक्रेट्री ज़हूर अहमद, ट्रेज़रर अब्दुल मजीद अंसारी, लेक्चरर आरिफ, फ़ख़रुद्दीन अंसारी, अब्दुल सलीम, अब्दुल हकीम, गुलाम रसूल, समाज सेवी नूर अहमद पठान, अनवार अहमद, इंजीनियर सईद, अब्दुल सत्तार, समीना, रेशमा, शबीना, रूबीना तथा तबस्सुम, नसीम आदि मौजूद रहे।

इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी बेरिस्टर सैयद हसन इमाम की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई और उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला गया।

दारुल उलूम रज़ा-ए-मुस्तफा विज्ञान नगर कोटा के एक नन्हे छात्र को सिर्फ एक वर्ष में कुरआन मजीद हिफ्ज़ करने पर माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। प्रोग्राम का संचालन अब्दुल मजीद अंसारी ने किया।

# सातल खेड़ी में एक पौधा मां के नाम



सातलखेड़ी, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान को हरित प्रदेश के रूप में विकसित करने के लक्ष्य को लेकर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर की पहल पर पिछले सत्र में लगाए पौधों को वृक्ष बनाने के लिए भीषण गर्मी में शिक्षकों के साथ ग्रामीण भी सहयोगी बन रहे है। "एक पौधा मां के नाम" अभियान में कुदायला के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय द्वारा गत वर्ष 500 पौधे लगाए थे। भीषण गर्मी में पौधों को जीवित रखना शिक्षकों के लिए चुनौती बना हुआ है।

इससे निपटने के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य सत्यप्रकाश जोशी व एसडीएमसी प्रभारी वरिष्ठ अध्यापिका कृष्णा मेहरड़ा ने एसडीएमसी सदस्यों व ग्रामीणों के साथ बैठक कर पौधों को गर्मी से बचाने के लिए चर्चा की। इस पर एसडीएमसी सदस्य व ग्रामीण मदद के लिए आगे आए।

इस रविवार छुट्टी के दिन ईको क्लब प्रभारी विष्णुप्रकाश आचार्य, शिक्षक नीरजसिंह व महेन्द्रसिंह भाटी ने एसडीएमसी सदस्यों पूनमचंद सुमन, वार्डपंच रामचंद्र मीणा व राजेश मीणा के साथ मिलकर कुएं की मोटर से पौधों को पानी दिया। उन्होंने बताया कि प्रदेश को हरा भरा करने के एक पौधा मां के नाम अभियान को लेकर प्रत्येक रविवार या अवकाश के दिन पौधों को पानी दिया जाएगा।

# मदर्स डे पोस्टर का भव्य विमोचन समारोह

उदयपुर,(रॉयल पत्रिका)। गीतांजली मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में आगामी 10 मई 2025 को आयोजित होने वाले मदर्स डे समारोह के उपलक्ष्य में आज एक भव्य पोस्टर विमोचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन शनिवार को प्रातः 11:30 बजे, एडमिन ब्लॉक के प्रथम तल स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित हुआ। इस विशेष अवसर पर कई विशिष्ट अतिथियों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। अतिथि के रूप में हिमांशु सिंह राजावत (सर्कल इंस्पेक्टर, वर्तमान में CID-CB क्राइम ब्रांच, उदयपुर), कुलदीप सिंह राव (पूर्व भारतीय टीम कप्तान, तीन बार के स्वर्ण पदक विजेता एवं जिला आइकन), तथा दीपक शर्मा (राष्ट्रीय पिस्टल



शूटर एवं राष्ट्रीय बाइक रेसिंग चैंपियन) उपस्थित रहे। इनके साथ ही प्रेक्षा एंटरटेनमेंट्स की निदेशक श्रीमती दीपमाला मेवाड़ा, गीतांजली हॉस्पिटल से स्त्री व प्रसूती रोग विभाग की प्रोफेसर एंड हेड डॉ. अंजना वर्मा व उनकी टीम व आई.वी.ऍफ़ से डॉ. पूजा गाँधी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया व अपने विचार साझा किये।
कार्यक्रम का संचालन कल्पेश चंद रजबार (हेड मार्केटिंग) एवं सुश्री हरलीन गंभीर (हेड पीआर) द्वारा किया गया।

यह आयोजन न केवल मदर्स डे की भव्य शुरुआत थी, बल्कि मातृत्व के सम्मान में समर्पित एक प्रेरणास्पद पहल भी रही। आयोजन का उद्देश्य महिलाओं के योगदान को सम्मान देना और समाज में उनके महत्व को उजागर करना है।

# चूरू जिला मुख्यालय पर हज प्रशिक्षण एवं हज टीकाकरण शिविर सम्पन्न हुआ

**मोहम्मद अली पठान**

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर राजस्थान स्टेट हज कमेटी जयपुर की ओर से चूरू जिला मुख्यालय स्थित तेलियान बाडी में चुरू जिले से हज यात्रा पर सऊदी अरब जाने वाले हाजियों के लिए हज प्रशिक्षण एवं हज टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया । इस वर्ष चूरू जिले से 30 हज यात्री हज यात्रा पर मक्का जा रहे है हज प्रशिक्षण शिविर को राजस्थान हज कमेटी के ट्रैनर हाजी युसुफ खान चौहान, हाजी फखरूद्दीन छिम्पा, हाजी नियामत अली कुरैशी, हाजी मोहम्मद असफीन, मास्टर मुख्तियार अली, मोहम्मद खालिद गोरी, स्टेट हज इंस्पेक्टर सलामुद्दीन खान ने संयुक्त रूप से हज प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर चूरू से हज यात्रा पर सऊदी अरब जाने वाले हाजियों ने कहा कि वो मक्का की पवित्र सर- ज़मीन से मुल्क में अमन और खुशहाली के लिए दुआ करेंगे। हज टीकाकरण शिविर में अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी चूरू डॉ. अहसान गौरी, पूर्व पी एम ओ डॉ.एफ.एच.गौरी, चिकित्सक अधिकारी डॉ. अब्बास खान,



चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरन्नुम बानों, इसब खॉ, नर्सिंग ऑफिसर तौफीक हुसैन, नर्सिंग ऑफिसर सुलेमान खान, शरीफ खान, जावेद सौंलकी, प्रियंका भूरिया, विजय कुमार, वाहिद अली इत्यादि चिकित्सा विभाग के अधिकारी एंव कर्मचारीगणों ने हज टीकाकरण शिविर में अपना सहयोग प्रदान किया ।

हज टीकाकरण शिविर में हाजियों के सीजनल एन्फ्लून्जा, एंव मैनिनगोकोकल मैनिनजाइटिस व पोलियो इत्यादि के टीके लगाएं गये। टीकाकरण पश्चात हाजियों को " अन्तर्राष्ट्रीय प्रमाण पत्र सील सहित हस्ताक्षर कर जारी किये गयें । हज प्रशिक्षण एवं टीकाकरण शिविर में हज ट्रैनर हाजी युसुफ खां चौहान, एडवोकेट सद्दाम हुसैन, सिराज खान जोईया, मोहम्मद अली पठान, उस्मान अन्सारी, मोईनुद्दीन खान मोयल, रसीद खान मोयल, मास्टर शमशाद काजी, रमजान खान जाईया, अय्यूब खां गोड, असलम खान मोयल, गुलाम नबी, इब्राहिम गोरी एडवोकेट, शफीक खान, आवेश कुरैशी, निसार खान, आरिफ खान दोलतखानी, इदरीश छीम्पा, अल्ताफ रंगरेज, मोहम्मद आसिफ, मोहम्मद याकूब, मोहम्मद फारूक, मोहम्मद जाकिर, मोहम्मद मुमताज, इकबाल तेली सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे। जिले भर से आए हुए हाजियों के रहने एवं खाने पीने की व्यवस्थाएं की गई थी । कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट सद्दाम हुसैन ने किया तथा राजस्थान हज कमेटी के हज प्रशिक्षक हाजी युसूफ खान चौहान की ओर से सभी का आभार व्यक्त किया गया ।

# दिव्यांगजनों ने अपने हितों को लेकर जिला कलेक्टर को दिया ज्ञापन

चूरू,(रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर जनसुनवाई में रॉयल विकलांग विकास संस्थान प्रदेशाध्यक्ष अख्तर खान रूकनखानी के नेतृत्व में दिव्यांग जनों ने जिला कलेक्टर महोदय को ज्ञापन सौंपा गया- 1. आरटीई में दिव्यांग माता-पिता के बच्चों को पात्रता दी जाए जैसे विधवा बीपीएल के बच्चों को दी जाती है 2. खाद्य सुरक्षा व बीपीएल में दिव्यांग जनों को जोड़कर राहत प्रदान की जाए 3. सभी निजी विद्यालयों में एनसीईआरटी की किताबों से पढ़ाई करवाई जाए ताकि अभिभावकों को किताबों का अतिरिक्त शुल्क न देना पड़े। 4. प्रत्येक निजी शिक्षण संस्थानों की किताबें व ड्रेस प्रत्येक दुकानों पर उपलब्ध होनी चाहिए जिससे अभिभावकों को खरीदने



में आसानी हो 5. सभी निजी व सरकारी कार्यालय में दिव्यांग जनों के साथ शालीनता का व्यवहार किया जाए
6. जिला मुख्यालय पर दिव्यांग जन हेतु कान की जांच के लिए कान की मशीन उपलब्ध करवाई जाए जिससे दिव्यांग जनों को राहत प्रदान हो सके
7. सभी जिला मुख्यालय पर अलग से विशेष योग्यजन कार्यालय खोला जाए जिससे दिव्यांग जनों की समस्याओं का समाधान आसानी से हो सके
8. जिला मुख्यालय पर दिव्यांग जनों हेतु अलग से विद्यालय खोला जाए। इस अवसर पर मिडिया प्रभारी सफिक कुरेशी, जाहिर अब्बास, नबी अगवान, आदिल खान आदि दिव्यांग मौजूद थे।

# ईडी की कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

**मोहम्मद यासीन**

पाली (रॉयल पत्रिका) । शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी की कार्रवाई के खिलाफ कॉंग्रेसजनों ने प्रधान डाकघर मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जीवराज बोराणा के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता धरना स्थल पर पहुंचे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीज दर्द ने कहा कि ईडी ने नेशनल हेराल्ड की संपत्ति को गैर-कानूनी तरीके से सीज किया है। प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि महावीर सिंह सुकरलाई ने कहा कि केंद्र सरकार विपक्ष को निशाना बनाने के लिए ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग कर रही है।

पाली शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जीवराज बोराणा ने कहा कि भाजपा सरकार कांग्रेस को नुकसान पहुंचाने की साजिश कर रही है। नेशनल हेराल्ड देश की आजादी की लड़ाई के समय से प्रकाशित होता रहा है। कांग्रेस नेताओं ने मांग की है कि जांच एजेंसियां निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से काम करें।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लगातार दूसरे दिन भी प्रदर्शन किया।




धरना प्रदर्शन के दौरान संगठन महामंत्री भंवर राव, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मेहबूब टी , प्रकाश सांखला, मदनसिंह जागरवाल, रंगराज मेहता, संतोखसिंह बाजवा, ओमा चौधरी, रफीक गोरी, डॉ. रमेश चावला, मांगूसिंह दुदावत, ताराचन्द चन्दनानी, विनोद मोदी, संतोष दुबे, रघुनाथ सिंह मंडली, अमराराम पटेल, अजीज लीडर, रतन उदेश, शहजाद शेख, मण्डल अध्यक्ष राजू सोलंकी, शकील नागोरी, अशोक गोड़, चेलाराम रारबड़ा, आमीन अली रंगरेज, दिनेश दवे, सुनील रामावत, सेवादल जिलाध्यक्ष प्रकाश चौधरी, कमरुद्दीन पठान, सज्जन बी राज, ताराचन्द टांक, जुगराज चौहान, लक्ष्मण कच्छवाह, बाबू भाई कीर, रफीक चौहान, असगर अली कुरेशी, रमेश परिहार, राजेंद्र मेघवाल, दरिया देवी आर्य, रमेश तुंगारिया, अशोक कुलदीप, राहुल घावरी, वजीर खान खेरवा, भंवर मेघवाल, चांद रंगरेज, संजय परमार, धनराज आर्य, मोहम्मद इकबाल शेख, खीमाराम मेघवाल, रोशनसिंह सोलंकी, कानाराम मेघवाल, वासुदेव बैरवा, हिमताराम मेघवाल, मांगीलाल सोलंकी, बंशीलाल कुलदीप, रामनिवास खटीक, मनु पेंटर, रामलाल रेगर, भवरलाल मकवाना, शानू मोयल, नूर अली रंगरेज, चिमनलाल वर्मा सहित कई कॉंग्रेसजन उपस्थित थे।

# हमारी ख्वाहिश एनजीओ द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया

राजगढ़/चूरू, (रॉयल पत्रिका)। kविधानसभा स्थित स्काई सिटी होटल राजगढ़ में हमारी ख्वाहिश एनजीओ द्वारा सिलाई का कोर्स पूर्ण किया उन बालिकाओं और महिलाओं को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रेहाना पठान ने की। मुख्य अतिथि राजस्थान के मुख्य खेल अधिकारी द्रोणाचार्य अवार्डी कोच वीरेंद्र पूनिया थे। पुनिया ने कहा कि हमारी ख्वाइश NGO राजगढ़ में समाज सेवा के क्षेत्र में बहुत सराहनीय कार्य कर रही है । विशिष्ट अतिथि जयवीर पूनिया, गुलपुरा पार्षद हाजी सुलेमान,




पार्षद हैदर अली, पूर्व नगर पालिका चेयरमैन हबीब नाई, यासीन खान PTI, डॉ. मकसूद चिश्ती, तिरंगा मैन शहनाज अहमद, कलम मैन मोहसिन शेख, कयूम गहलोत पूनम चंद स्वामी सरवन सोनी, जाफर सैय्यद आदि उपस्थित रहे। एनजीओ संचालक रेहाना पठान ने NGO द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला और संचालन इंजीनियर गफार कायमखानी ने किया।

# गीष्मकालीन विशेष अभियान के तहत पानी पैकेजिंग यूनिट पर खाद्य विभाग की कार्यवाही

पाली, (रॉयल पत्रिका)। प्रदेशभर में गीष्मकालीन विशेष अभियान में शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत मिलावटखोरों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही को अंजाम देते हुये पाली खाद्य सुरक्षा विभाग ने एक पानी पैकेजिंग यूनिट कैलाश एक्वा पुनायता पर कार्यवाही की। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण एच गुईटे के निर्देशन में मिलावट पर वार करते हुये खाद्य सुरक्षा टीम ने पुनायता जोधपुर रोड स्थित पर कार्यवाही कर 04 पानी के नमूने लेकर जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला भिजवाये गये।
अभिहीत अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विकास मारवाल ने बताया की पानी पैकेजिंग यूनिट में आईएसआई का सर्टीफिकेट एवं पानी रिपोर्ट नही मिली। जो की



भारतीय खाद्य मानक अधिनियम 2006 व विनियम 2011 के नियमो का उल्लंघन पाया गया, जिस पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेशचन्द्र शर्मा एवं दिलीप सिहं यादव मय टीम द्वारा कार्यवाही करते हुये फर्म से पानी के नमूने लेकर खाद्य प्रयोगशाला जोधपुर भिजवाये गए। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। मौके पर रखी एक लीटर पानी की 4164 बोतलो को जब्त कर जांच रिपोर्ट प्राप्त होने तक बिक्री नहीं करने के निर्देश दिये गये। गीष्मकालीन विशेष अभियान 02 मई तक जारी रहेगा। कार्यवाही में खाद्य सुरक्षा विभाग के खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिलीप सिहं यादव, सुरेशचन्द्र शर्मा, कंप्यूटर ऑपरेटर ओम प्रकाश प्रजापत मौजूद रहे।

# कांग्रेस प्रभारी ने ली पाली शहर कलाम बाजार मंडल की संगठनात्मक बैठक



पाली, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार पाली शहर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीवराज बोराणा के निर्देश पर पाली शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, कलाम बाज़ार मंडल कांग्रेस की बैठक केरिया दरवाजा, लोढा मार्केट, पाली में अध्यक्ष शक़ील अहमद नागौरी की अध्यक्षता में एवं विधानसभा क्षेत्र पाली प्रभारी हिमपाल सिंह देवल के मुख्य आतिथ्य में सम्पन हुई। जिसमें पाली शहर कांग्रेस बाजार कलाम मंडल द्वारा बैठक में मौजूद पाली विधानसभा प्रभारी हिमपाल सिंह देवल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीज दर्द, शहर कांग्रेस अध्यक्ष जीवराज बोराणा, पीसीसी सदस्य महावीर सिंह राजपुरोहित, कांग्रेस सेवादल प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन हटेला, पाली शहर ब्लॉक कांग्रेस संगठन महामंत्री भंवर राव का मंडल अध्यक्ष शक़ील अहमद नागौरी के नेतृत्व में मंडल क्षेत्र के पार्षद, वार्ड अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, वार्डो के वरिष्ठ कांग्रेसजनों द्वारा राजस्थानी परम्परागत रूप से साफा व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कलाम बाजार मंडल अध्यक्ष शक़ील अहमद नागौरी ने मंडल क्षेत्र में संगठन द्वारा कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए की जा रही गतिविधियों से अवगत कराते हुए प्रदेश प्रभारी, जिला अध्यक्ष, शहर अध्यक्ष, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यो को मंडल की जानकारी देते बताया की। मंडल की कार्यकारिणी के गठन से पूर्व मंडल के 18 वार्डो में 37 बूथ स्तर पर कार्यकर्ता नही होने के कारण संगठन में खोखलापन आ गया था। जिस पर प्रदेश, जिला, शहर, अध्यक्ष के निर्देशानुसार मंडल के सदस्यों ने हर बूथ पर अच्छे और सच्चे कांग्रेस व नए कांग्रेस विचारधारा से प्रेरित कार्यकर्ताओं की पहचान कर उनको पार्टी से जोड़ने के साथ बूथ एवं वार्ड लेवल के संगठन को मजबूत करने का काम जारी है, जिससे आगामी नगर निगम के चुनावों में वार्डो में बाहरी व धनबल से कांग्रेस का टिकट लाकर कांग्रेस का बेड़ा गर्क करने वाले लोगों से मुक्ति दिलाने के साथ कांग्रेस के बेदाग स्वच्छ छवि एवं मजबूत जनाधार वाले स्थानीय वरिष्ठ एवं मजबूत कार्यकर्ताओं को चिन्हित कर चुनावी मैदान में उतारने के लिए प्रदेश हाईकमान को अवगत कराने के साथ मंडल द्वारा चयनित कांग्रेस कार्यकर्ताओं को टिकट दिलाने की सिफारिश करके साथ कांग्रेस पार्टी का विजय परचम लहराने का प्रयास मजबूती से किया जा रहा है।

जिससे ज्यादा से ज्यादा वार्डो से कांग्रेस के पार्षद चुनाव जीतकर वर्तमान भाजपा सरकार के कुशासन व दमनकारी नीतियों का विरोध कर आम जनता को सड़क, नाली, सीवरेज लाइन के साथ मंडल क्षेत्र के पानी से भराव से त्रस्त लोगों को राहत दिलाने के साथ आम जनता के जरूरी कार्य पूरा कराया जा सके व आमजन में कांग्रेस की छवि को मजबूत किया जा सके।

प्रदेश प्रभारी हिमपाल सिंह देवल ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा की आपके मंडल पदाधिकारियों द्वारा बताई गई समस्याओं के निवारण के लिए प्रदेश कांग्रेस द्वारा लगातार महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे है पूरे प्रदेश में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बायोडाटा को ऑन लाइन कर उनकी कांग्रेस के समपर्ण की मॉनिटरिंग की जा रही है जिससे बूथ वार्डो व मंडल स्तर पर कार्यकर्ताओं को पार्टी व आमजन के लिए किए गए कार्यो का मूल्यांकन किया जाएगा व धनबल के आधार पर पार्टी का टिकट लाकर चुनाव लड़ने वाले लोगो पर लगाम लगाने के साथ ऐसे कार्यकर्ताओं जिससे कांग्रेस पारी में रह कर कर कांग्रेस को कमजोर करने वाले लोगो को कांग्रेस से विदा किया जाकर पार्टी को समर्पित कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सुपर्द की जाएगी जिससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मनोबल ऊंचा बना रहे व आगामी नगर निगम, परिषद,पालिका, पंचायत चुनावों में जमीन से जुड़े मजबूत कार्यकर्ताओं को अवसर मिलेगा।इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष अजीज दर्द, शहर कांग्रेस अध्यक्ष जीवराज बोराणा, पीसीसी सदस्य महावीर सिंह राजपुरोहित, सेवादल प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन हटेला, शहर कांग्रेस संगठन महासचिव भंवर राव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं हक अधिकार के लिए सदैव कार्यकर्ताओं से साथ खड़ा रहने का भरोसा दिलाया।

इस अवसर पर मंडल क्षेत्र के पूर्व पार्षद मोइनुद्दीन भाटी, आमीन अली रंगरेज, हाजी इंसाफ मोयल, मांगूसिंह दुदावत, रईस अली रँगरेज, जिला प्रवक्ता रफ़ीक चौहान, महेश परिहार, ओमप्रकाश रांकावत, रमेश परिहार, असगर कुरेशी, राजेश बलाई, मुनाजिर अली, रजा अली, जमाल खान घोसी, मोहम्मद सत्तार पठान, कमरुद्दीन पठान, निखिल बारिया, सरवन कंसारा, हाजी अनवर अली सिरोहा, गोपाल शर्मा, फारूक रंगीला, मूलचंद राठौड़, यासीन शबावत, मोइन नागौरी, अयूब अली रंगरेज, भावेश मेवाड़ा, तुलसीदास गरीब बाजार मंडल क्षेत्र समस्त पार्षदगण कांग्रेस के साथ संगठन के सभी बूथ व वार्ड अध्यक्ष पदाधिकारी समस्त ब्लॉक मंडल कांग्रेस के कार्यकर्ता बैठक में रहे व पाली शहर में कांग्रेस को मजबूती प्रदान करने के लिए विचार विमर्श किया व संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए दिशा निर्देश व उपयोगी सुझावों पर विचारों विमर्श कर अमल करने का आह्वान किया अध्यक्ष नागौरी ने सभी आगन्तुकों का आभार जताया।

# कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष व प्रतिपक्ष नेता के पाली पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने किया उत्साहपूर्वक स्वागत



**मोहम्मद यासीन**

पाली, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीका राम जूली के पाली आगमन पर सर्किट हाउस में प्रदेश कांग्रेस सेवादल उपाध्यक्ष मोहन हटेला एवं सेवादल जिलाध्यक्ष प्रकाश चौधरी के नेतृत्व में पाली जिला कांग्रेस सेवादल कार्यकर्ताओं द्वारा सेवादल संगठन की ओर से केप व सूत की माला पहनाकर सेवादल परम्परागत भव्य स्वागत किया गया ।
इस दौरान विधायक भीमराज भाटी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष अजीज दर्द, लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व राज्य मंत्री श्रीमती संगीता बेनीवाल, पूर्व सांसद बद्री राम जाखड़, पीसीसी सदस्य महावीर सिंह राजपुरोहित, पाली प्रभारी हिमपाल सिंह देवल, पाली शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीवराज बोराणा भी मौजूद रहे। इस अवसर पर घनश्याम भाटी, गुलाब सोडा, आमीन अली रंगरेज, धनराज आर्य, गिरधारी लाल मीणा, धन्नाराम सरगरा, सोहनलाल पालीवाल, नेमाराम सुथार, इब्राहिम शाह सहित सेवादल पदाधिकारी ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान डोटासरा ने सभी कार्यकर्ताओं से एक एक करके मुलाकात की वही सेवादल संगठन जिंदाबाद के नारे भी लगाए।

# पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर के.टी.सी. अकादमी स्कूल तेलियान बाडी में एक सम्मान समारोह रखा गया जिसके मुख्य अतिथि अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एहसान गोरी एवं डॉ. अब्बास खान, डॉ. तरन्नुम बानो ने पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी निसार खान व शाहिना खान एवं इसब खान चिकित्सा विभाग का फूल माला व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। ज्ञात रहे आप हज करने के लिए मक्का और मदीना की यात्रा पर जा रहे हैं । आपसे सभी ने मक्का मदीना की यात्रा के दौरान देश के लिए अमन चैन की दुआओं के लिए कहा। डॉ. गोरी ने कहा कि आपने शिक्षा के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कार्य किये। आज के युवाओं को इनसे शिक्षा लेनी चाहिए और इसब खान चिकित्सा विभाग से रिटायर्ड हैं।

इन्होंने चिकित्सा के क्षेत्र में खूब सेवाएं दी हैं और आज भी यह अपनी सेवाएं निस्वार्थ चिकित्सा कैंपों द्वारा दे रहे हैं। समारोह की अध्यक्षता कर रहे शिक्षाविद् हाजी यूसुफ खान चौहान ने सभी का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में एडवोकेट इब्राहिम गोरी, मोहम्मद अली पठान, उस्मान अंसारी, सिराज खान जोईया, रिटायर्ड प्रिंसिपल राशिद खान मोयल आदि उपस्थित रहे। सभी मेहमानों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। जिसमें स्टाफ के युसूफ खान नर्सिंग ऑफिसर, तोफिक हुसैन नसिंग ऑफिसर, सुलेमान खान, शरीफ खान, जावेद सोलंकी, प्रियंका भूरिया, विजय कुमार, वाहिद अली, सफीक खान, आदि ने स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट सद्दाम हुसैन ने किया।

# राज. अधिकारी कर्मचारी माइनॉरिटी एसोसिएशन (रकमा) जोधपुर की बैठक सम्पन्न

**- जिला कार्यकारिणी का हुआ गठन**




जोधपुर, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान अधिकारी कर्मचारी माइनॉरिटी एसोसिएशन (रकमा) जोधपुर की बैठक आज जिलाध्यक्ष मोहम्मद इमरान अंसारी एवं प्रदेश सचिव मोहम्मद मोअज्जम की अध्यक्षता में नागौरी गेट स्थित हैप्पी चाइल्ड स्कूल सभागार में आयोजित की गई। बैठक में संगठन के उद्देश्यों एवं विस्तार पर चर्चा हुई।
प्रदेश सचिव मोअज्जम ने संगठन की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कर्मचारियों और समाजहित में कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। जिलाध्यक्ष इमरान अंसारी ने सदस्य विस्तार व कार्यकारिणी गठन की योजना प्रस्तुत की। पूर्व प्रदेश सचिव शौकत अली लोहिया व पूर्व जिलाध्यक्ष मेहबुब हुसैन ने संगठन की अब तक की उपलब्धियों और भविष्य की दिशा पर अपने विचार रखे।
बैठक में सैयद साकिर अली, इलियास खान, चमन नूर, कफील अहमद, आबाद अली, अनवर फैसल, सद्दाम खान, जुनैद खान, अदनान खान तथा महिला विंग से व्याख्याता आयशा बानो व नर्सिंग ऑफिसर आयशा बानो ने भी विचार रखे और महिला कर्मचारियों की समस्याओं को प्राथमिकता देने की मांग की।
इस अवसर पर जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए नए पदाधिकारियों का गठन किया गया, जिनका शपथ ग्रहण समारोह आगामी दिनों में आयोजित किया जाएगा। बैठक में रकमा पदाधिकारी व वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक आबाद अली को हाजियों की सेवा हेतु राजस्थान राज्य हज कमेटी द्वारा "राज्य हज इंस्पेक्टर" नियुक्त किए जाने पर पारंपरिक मारवाड़ी साफा एवं गुलपोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिलाध्यक्ष मोहम्मद इमरान अंसारी ने किया एवं आभार प्रदेश सचिव मोहम्मद मोअज्जम ने व्यक्त किया।

# आगजनी की घटनाओं से फसलों के नुकसान का किसानों को शीघ्र मिलेगा मुआवजाः नायब

**रॉयल पत्रिका**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किसानों के हित में घोषणा करते हुए कहा कि प्रदेश में पिछले कुछ दिनों में हुई आगजनी की घटनाओं से हुए फसलों के नुकसान की भरपाई सरकार करेगी। अभी तक लगभग 801 एकड़ में नुकसान की जानकारी मिली है। उपायुक्तों को निर्देश दिए गए हैं कि वे इन घटनाओं की रिपोर्ट ले और नुकसान का आकलन करें। इसके अलावा, कुछ स्थानों पर किसानों को पशुधन की हानि या कोई अन्य नुकसान भी हुआ है, उसकी भरपाई भी सरकार करेगी। मुख्यमंत्री ने किसानों से अपील की कि वे उपायुक्त कार्यालय में जाकर अपने नुकसान के सम्बन्ध में आवेदन करें ताकि जल्द से जल्द मुआवजे का पैसा उनके खातों में डाला जा सके। किसानों को किसी प्रकार की चिंता करने की जरूरत नहीं है।

## माधव गौशाला में श्री कृष्ण मंदिर के लोकार्पण उत्सव में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री

गौशाला के लिए 21 लाख रुपये देने की घोषणा, शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा और कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने भी 11-11 लाख रुपये देने की घोषणा की



**मंदिर में पूजा अर्चना की, पौधारोपण किया, गौ माता को चारा खिलाया**

मुख्यमंत्री ने यह घोषणा आज पंचकूला जिले के सुखदर्शनपुर गांव में स्थित श्री माधव गौशाला में श्री राधा कृष्ण मंदिर के लोकार्पण अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए की। इससे पहले, मुख्यमंत्री ने गौशाला परिसर में बने श्री राधा कृष्ण मंदिर का लोकार्पण कर पूजा अर्चना की और पौधारोपण कर गौ माता को चारा भी खिलाया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने अपने कोष से 21 लाख रुपये तथा शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने भी अपनी ओर से 11-11 लाख रुपये माधव गौशाला को देने की घोषणा की।

### गौशालाओं को आत्मनिर्भर बना रहे

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने गौ संरक्षण को प्राथमिकता दी है। इसके लिए गौशालाओं को आर्थिक सहायता, चारा और चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु विशेष योजनाएं लागू की हैं। गौवंश की सुरक्षा के लिए सख्त कानून बनाए गए हैं और निगरानी तंत्र को मजबूत किया गया है। उन्होंने कहा कि माधव गौशाला को गायों के संरक्षण एवं रखरखाव के लिए वर्ष 2022 से लेकर 2024-25 तक लगभग 47 लाख रुपये की अनुदान सहायता दी गई है। सैनी ने कहा कि प्रदेश में गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। इस वर्ष गौशालाओं का बजट 595 करोड़ रुपये किया गया है, जबकि 2014 से पहले यह बजट मात्र 2 करोड़ रुपये था। चारे के लिए जमीन की की व्यवस्था करने हेतु प्रदेश सरकार ने व्यवस्था की है और अब गौशालाएं चारे के लिए गौ चरान की भूमि उपयोग कर सकेंगी। गौ हित को लेकर सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### गोवंश बसाने तीन गौ अभयारण्य बनाए

सीएम सैनी ने कहा कि गौमाता बेसहारा न रहे, इसके लिए तीन गौ अभयारण्य स्थापित किए हैं। इनमें एक गांव नैन, जिला पानीपत में और दूसरा गांव ढंढूर, जिला हिसार में और तीसरा पंचकूला में बनाया गया है। इनमें शैड, पानी व चारे की व्यवस्था की गई है। इनके लिए 8 करोड़ रुपये की राशि जारी की जा चुकी है। इनमें लगभग 6,500 बेसहारा गौवंश को आश्रय दिया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेसहारा गौवंश के पुनर्वास के लिए 200 गौशालाओं को शेड बनाने के लिए 10 लाख रुपये प्रति गौशाला अनुदान दिया जाने की घोषणा की थी। ऐसी 50 गौशालाओं में शेड बनाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 तक हरियाणा में 215 पंजीकृत गौशालाओं में केवल 1 लाख 74 हजार गौवंश था लेकिन, इस समय राज्य में 683 पंजीकृत गौशालाएं हैं। इनमें 4 लाख बेसहारा गौवंश का पालन-पोषण हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने पंजीकृत गौशालाओं को पिछले दस वर्षों में चारे के लिए 270 करोड़ रुपये का अनुदान दिया है। पिछले वित्त वर्ष में 608 गौशालाओं को चारे के लिए 166 करोड़ रुपये की राशि दी गई है।

## खबर संक्षेप

### अमरनाथ यात्राः 2 लाख भक्तों का हुआ पंजीकरण



**जम्मू।** श्री अमरनाथ यात्रा के लिए पांच दिन में करीब दो लाख श्रद्धालु ऑनलाइन और ऑफलाइन अग्रिम पंजीकरण करवा चुके हैं। तीन जुलाई से शुरू होने वाली यात्रा में ज्यादातर शिवभक्त पवित्र हिमलिंग के दर्शन करने को आतुर हैं। इस बार भी यात्रियों में खासा उत्साह है। पिछली यात्राओं में 15 से 20 दिन में ही हिमलिंग अंतर्ध्यान हो गए थे।

### गूगल ने 20.24 करोड़ रुपए में निपटारा किया



**नई दिल्ली।** गूगल ने एंड्रॉइड टीवी खंड में कथित रूप से अनुचित व्यापार व्यवहार से संबंधित करीब चार साल पुराने एक मामले में भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के साथ समझौता किया है। प्रौद्योगिकी कंपनी ने इस संबंध में नियामक को 20.24 करोड़ रुपये की निपटान राशि का भुगतान किया है। मामला खत्म हो गया।

### आंबेडकर को कांग्रेस ने हाशिए पर धकेला



**शिमला।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस पार्टी ने बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर को राजनीतिक हाशिए पर धकेला। वह भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित डॉ. भीमराव आंबेडकर सम्मान अभियान के तहत सभाओं को संबोधित कर रहे थे।

### शाह-बिट्टू के खिलाफ साजिश, दो गिरफ्तार



**मोगा (पंजाब)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ साजिश रचने का खुलासा हुआ है। वहीं केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू भी निशाने पर हैं। मामले की जांच के बाद पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वाट्सएप ग्रुप वारिस पंजाब दे की चैट वायरल हो रही थी। जिसमें नुकसान पहुंचाने की बात थी।

## मुर्शिदाबाद हिंसा पर सुनवाई के दौरान बोले जस्टिस गवई

# हम पर पहले से ही संसदीय कार्यों में दखल देने के आरोप हैं, राष्ट्रपति को आदेश कैसे दें?

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की पीठ कर रही थी। सुनवाई के दौरान ही जस्टिस गवई ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के बयान का जिक्र किया। हालांकि, उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया।

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने और पैरामिलिट्री फोर्स तैनात करने की याचिका पर कोई आदेश जारी करने से इनकार कर दिया। याचिकाकर्ता ने अपील की थी कि वक्फ कानून के विरोध में हुई मुर्शिदाबाद हिंसा के बाद कोर्ट इस पर फैसला ले। इस पर जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने कोई आदेश नहीं दिया। बेंच ने याचिकाकर्ता से पूछा- क्या आप चाहते हैं कि हम राष्ट्रपति को इसे लागू करने का आदेश भेजें? हम पर दूसरों के अधिकार क्षेत्र में दखलंदाजी के आरोप लग रहे हैं। जस्टिस गवई अगले महीने सीजेआई बनने वाले हैं। याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की पीठ कर रही थी। सुनवाई के दौरान ही जस्टिस गवई ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के बयान का जिक्र किया। हालांकि उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया। याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने राज्य में 2021 के चुनाव के बाद हुई हिंसा के मद्देनजर दायर एक लंबित याचिका में कुछ नए तथ्य रिकॉर्ड में लाने के लिए कुछ अन्य दस्तावेज दाखिल करने की अनुमति मांगी है। बता दें कि एक मामले में 8 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि की कार्रवाई को अवैध और गलत करार दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपालों के लिए उनके समक्ष प्रस्तुत विधेयकों पर निर्णय लेने के लिए एक समय सीमा भी निर्धारित की थी। बाद में भाजपा सांसद दिनेश शर्मा ने कहा था, भारत के संविधान के अनुसार, कोई भी लोकसभा और राज्यसभा को निर्देश नहीं दे सकता है और राष्ट्रपति ने पहले ही इस पर अपनी सहमति दे दी है। कोई भी राष्ट्रपति को चुनौती नहीं दे सकता, क्योंकि राष्ट्रपति सर्वोच्च हैं।

**राष्ट्रपति शासन की मांग वाली लगाई थी याचिका**

*केंद्रीय बलों की तैनाती से इनकार किया, वकील के दावों पर भी सवाल उठाए*

*नए तथ्य रिकॉर्ड में लाने के लिए दस्तावेज दाखिल करने की अनुमति मांगी*



### इसलिए लगाई गई थी याचिका

जस्टिस गवई की टिप्पणी दोनों बयानों का संदर्भ देती हुई लग रही है। इस बीच मुर्शिदाबाद हिंसा के संबंध में सोमवार की याचिका में केंद्र सरकार को अनुच्छेद 355 और 356 के तहत शक्तियों का प्रयोग करने का निर्देश देने की मांग की गई है। भारत की संप्रभुता और अखंडता के लिए खतरा पैदा करने वाली बिगड़ती स्थिति को ध्यान में रखते हुए ये याचिका दायर की गई है।

### लंबित याचिका पर आज होगी सुनवाई

संविधान का अनुच्छेद 355 केंद्र सरकार के कर्तव्य से संबंधित है, जो राज्यों को बाहरी आक्रमण और आंतरिक अशांति से बचाता है, जबकि अनुच्छेद 356 राज्य में संवैधानिक तंत्र की विफलता के मामले में प्रावधानों को दर्शाता है। नए आवेदन में बताया गया है कि लंबित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई होनी है। इसमें 2022 से अप्रैल 2025 तक हिंसा, अधिकारों के उल्लंघन, महिलाओं के खिलाफ अपराधों की घटनाओं, विशेष रूप से मुर्शिदाबाद में वक्फ कानून के खिलाफ प्रदर्शन के बाद हुई हिंसा की जांच करने और अदालत को रिपोर्ट सौंपने के लिए 1 सेनि सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश और दो सेवानिवृत्त हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की अध्यक्षता में एक समिति की नियुक्ति की मांग कर एक अतिरिक्त आवेदन दायर करने की अनुमति मांगी।

## मुर्शिदाबाद में हिंसा पीड़ितों से मिले केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार



केंद्रीय मंत्री और बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने सोमवार को हिंसा प्रभावित इलाकों का दौरा किया और वक्फ अधिनियम विरोध के दौरान हुई हिंसा से प्रभावित पीड़ितों से मुलाकात की। पीड़ितों से मिलने के बाद मजूमदार ने कहा कि अगर कलकत्ता हाई कोर्ट राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) को जांच करने की अनुमति देता है तो सरकार को अदालत के आदेशों का पालन करना होगा। सुकांत मजूमदार ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा अधिकारियों पर दबाव बनाने के लिए कटाक्ष किया और सवाल किया कि अब जबकि उनके घर नष्ट हो गए हैं तो वे कहां जाएंगे। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि हम लोगों की मांगों के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग एनआईए जांच के लिए अदालत गए हैं। अब हमारी सारी निगाहें अदालत पर टिकी हैं। अगर कलकत्ता हाई कोर्ट एनआइए जांच की अनुमति देता है, तो सरकार भी ऐसा ही करेगी। ममता बनर्जी अधिकारियों पर पीड़ितों को वापस भेजने का दबाव बना रही हैं, लेकिन वे (हिंसा के पीड़ित) कहां जाएंगे? उनके घर जला दिए गए हैं और नष्ट कर दिए गए हैं।

## राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस पर बोले पीएम



# आप भाग्यशाली, आजादी के अमृतकाल में देश की सेवा करने का अवसर मिला

**रॉयल पत्रिका**

राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिविल सेवा अधिकारियों को संबोधित करते हुए भारत को विश्व गुरु के रूप स्थापित करने तक सभी की जिम्मेदारी तय कर दी। उन्होंने लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार प्रदान किए और सिविल सेवकों की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। यह उनका सातवां अवसर था जब उन्होंने इस समारोह को संबोधित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में सिविल सेवकों को भारत के प्रशासनिक ढांचे की रीढ़ करार दिया और उनकी भूमिका को देश के विकास में महत्वपूर्ण बताया।



मोदी ने कहा, "हम आज जिन नीतियों पर काम कर रहे हैं, जो निर्णय ले रहे हैं, वे एक हजार साल का भविष्य तय करने वाले हैं।" उन्होंने लाल किले से अपने पूर्व भाषण का जिक्र किया, जिसमें उन्होंने भारत को अगले 1000 वर्षों की नींव मजबूत करने की बात कही थी। उन्होंने कहा कि आज की तेजी से बदलती दुनिया में पुरानी प्रणालियों पर निर्भर नहीं रहा जा सकता। 2014 से व्यवस्थागत सुधारों को सक्रिय रूप से आगे बढ़ाया गया है, ताकि नौकरशाही और नीति-निर्माण को और प्रभावी बनाया जाए। सिविल सेवकों से आह्वान किया कि वे नवाचार और प्रौद्योगिकी को अपनाएं, ताकि प्रशासन जन-केंद्रित और कुशल हो। मोदी ने कहा कि भारत का समग्र विकास तभी संभव है जब कोई भी नागरिक पीछे न छूटे।

### नागरिकों के जीवन में सुगमता लाने पर दें ध्यान

प्रधानमंत्री ने सिविल सेवकों से सामान्य नागरिकों के जीवन में सुगमता और बदलाव लाने पर ध्यान देने को कहा। उन्होंने तीन प्रमुख लक्ष्यों की जिम्मेदारी तय करते हुए सिविल सेवा अधिकारियों से कहा कि सामान्य नागरिक के जीवन में बदलाव और सुगमता आए इसकी कोशिश लगातार होनी चाहिए। वैश्विक संदर्भ में नीतियां बनाने में देश की एकता और अखंडता को प्राथमिकता देना है, इस बात का ध्यान सभी को रखना है।

## चाणक्य सेना ने किया ऐलान

# अनुराग का मुंह काला करने पर मिलेगा 1 लाख का इनाम

**एजेंसी ▶▶ जयपुर**

सोशल मीडिया पर ब्राह्मण समाज पर विवादित टिप्पणी को लेकर फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप के खिलाफ समाज में आक्रोश है। चाणक्य सेना ने अनुराग कश्यप के इस बयान की कड़े शब्दों में निंदा की है। इसके साथ ही उनका मुंह काला करने का ऐलान किया है। चाणक्य सेना ने अनुराग कश्यप का मुंह काला करने वाले व्यक्ति को एक लाख रुपए का इनाम देने की घोषणा की है। चाणक्य सेना के संरक्षक और सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा ने कहा, अनुराग कश्यप की टिप्पणी से समाज में जबरदस्त आक्रोश है। उन्होंने बताया कि समाज के विभिन्न संगठनों ने एक सुर में अनुराग कश्यप के बयान पर विरोध दर्ज करवाया है। चाणक्य सेना, सर्व ब्राह्मण महासभा, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा, विश्व ब्राह्मण परिषद, अखिल भारतीय ब्राह्मण संघ की वर्चुअल बैठक हुई।



कांग्रेस का आंतरिक सर्वे बता रहा नये कानून से भाजपा को लाभ

# दिल्ली में विरोध, केरल में असमंजस, वक्फ विधेयक पर दिशा नहीं तय कर पा रहे कांग्रेस और वामदल

**रॉयल पत्रिका**

वक्फ (संशोधन) विधेयक 2025 के विधेयक से लेकर कानून का शक्ल अख्तियार करने तक सदन के अंदर और बाहर कांग्रेस और वामदलों ने जमकर विरोध किया लेकिन नये कानून के आकार लेते ही केरल की बदली सियासी फिजां ने दोनों दलों को बैकफुट पर धकेला है। कांग्रेस पार्टी के एक आंतरिक सर्वे में इस बात का साफ जिक्र है कि आगामी विधानसभा चुनाव में नये वक्फ कानून का लाभ बड़े पैमाने पर भाजपा को मिलने जा रहा है। इस इनपुट से कांग्रेसी रणनीतिकारों के कान खड़े हो गये हैं।

केरल में वक्फ के पुराने कानून की वजह से स्थानीय बहुसंख्यक ईसाई और मुस्लिम समुदायों में पिछले कुछ सालों में विवाद बढ़ा है।

### एर्नाकुलम जिले के मुनंबम में वक्फ बोर्ड ने 404 एकड़ भूमि पर दावा किया

विवाद की जड़ में है मुनंबम भूमि विवाद। केरल के एर्नाकुलम जिले के मुनंबम में वक्फ बोर्ड द्वारा 404 एकड़ भूमि पर दावा किया गया है, जहां 600 से अधिक ईसाई और हिंदू परिवार कागजातों के साथ रहते हैं। यह विवाद विधेयक के आसपास के राजनीतिक और सामुदायिक तनाव का केंद्र रहा है। यही विवाद भाजपा की सियासत को केरल में उर्वर बना रहा है। कांग्रेस और वामदलों की मिलीजुली सरकार के प्रमुख वोटर माने जाने वाले ईसाई पूरी तरह से नये वक्फ कानून का समर्थन करते करते भाजपा समर्थक होते जा रहे हैं। ये बात कांग्रेस, वामदलों को साल रहा है। यही वजह है कि दिल्ली में वक्फ के नये कानून की मुखालफत केरल आते आते ठंडी पड़ती दिखती है।

केरल कैथोलिक बिशप्स काउंसिल और स्यरो-मालाबार चर्च ने विधेयक का समर्थन किया, यह तर्क देते हुए कि मौजूदा वक्फ कानून ने निवासियों के अधिकारों का उल्लंघन किया है इसीलिए हम नये कानून का स्वागत करते हैं। ये केवल कानून को समर्थन देने की बात नहीं, बल्कि सूबे में बड़े सियासी उलटफेर का संकेत है। कांग्रेस के रणनीतिकार भी मानते हैं कि अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में कुछ सीटों पर भाजपा से सीधा मुकाबला होगा। वैसी भाजपा से जिसका न तो प्रदेश में कोई संगठन था न कार्यकर्ता, लेकिन स्थितियां तेजी से बदल रही हैं।

### कांग्रेस की दुविधा में, विरोध नरम रखा

कांग्रेस केरल में हिंदू, ईसाई, और मुस्लिम वोटरों के बीच संतुलन बनाना चाहती है। पार्टी का पारंपरिक सहयोगी इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग विधेयक का कड़ा विरोध कर रहा है और इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की योजना बना रहा है। दूसरी ओर, मुनंबम के ईसाई समुदाय का समर्थन खोने का जोखिम है, जो कांग्रेस की केंद्रीय ट्रावणकोर क्षेत्र में वोट बैंक का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस कारण, कांग्रेस ने केरल में विधेयक के खिलाफ कोई बड़ा सार्वजनिक विरोध या रैली आयोजित नहीं की, जैसा कि कांग्रेस के साथी दल इंडियन मुस्लिम लीग ने ने किया। कांग्रेस ने राष्ट्रीय स्तर पर विधेयक का विरोध करके अपने धर्मनिरपेक्ष और अल्पसंख्यक समर्थक छवि को बनाए रखने की कोशिश की। केरल में, मुनंबम विवाद के कारण पार्टी ने विरोध को नरम रखा ताकि ईसाई और हिंदू वोटरों को नाराज न किया जाए। यह रणनीति स्थानीय निकाय चुनाव (2025) और विधानसभा चुनाव (2026) को ध्यान में रखकर बनाई गई।

## इलाहबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने केंद्र सरकार से पूछा

अगली सुनवाई 5 मई को होगी

# राहुल गांधी भारतीय हैं या नहीं, नागरिकता मामले में केंद्र से 10 दिन में जवाब मांगा

**एजेंसी ▶▶ लखनऊ**

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की दोहरी नागरिकता को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा- 'राहुल गांधी ब्रिटिश नागरिक हैं या नहीं, इस पर 10 दिन में जवाब दें। भाजपा कार्यकर्ता विग्नेश शिशिर की याचिका पर सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने एक स्टेटस रिपोर्ट पेश की। कोर्ट ने इसे अपर्याप्त माना और सरकार को और स्पष्ट जवाब देने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि यह मामला राष्ट्रीय महत्व का है और इसमें देरी स्वीकार्य नहीं होगी।

### ये है नागरिकता का मामला?



1 जुलाई, 2024 को कर्नाटक के वकील और भाजपा नेता एस विग्नेश शिशिर ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की थी। इसमें उन्होंने राहुल गांधी के पास ब्रिटिश नागरिकता होने का भी आरोप लगाया था। याचिकाकर्ता ने ब्रिटिश सरकार के 2022 के गोपनीय मेल का हवाला देते हुए यह आरोप लगाया था।

### ओटीटी एडल्ट कंटेंटः मॉनिटरिंग सरकार का काम

ओटीटी पर एडल्ट कॉन्टेंट को रोकने और पॉलिसी बनाने की मांग को लेकर दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने फिर टिप्पणी की है। जस्टिस बीआर गवई ने कहा, ये तो पॉलिसी मैटर है, यह देखना सरकार का काम है। कोर्ट इसमें दखल दे, हम कैसे करें? कोर्ट ने कहा, हमारी तो आलोचना हो रही है कि दखल देने के आरोप लग रहे हैं।

### जेईई एडवांस्ड में शामिल होने की मांग वाली याचिका खारिज

सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने 2023 में 12वीं पास करने वाले छात्रों को जेईई एडवांस्ड 2025 में भाग लेने की अनुमति देने का निर्देश देने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया। जस्टिस बीआर गवई और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि यह मामला नीतिगत क्षेत्र का है। 2023 में कक्षा 12 की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले 18 आईआईटी के अभ्यर्थियों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी।

### इलाहाबादिया के पासपोर्ट केस में 28 को सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि 'पॉडकास्टर' रणवीर इलाहाबादिया के संबंध में जांच पूरी हो गई है और यूट्यूब कार्यक्रम में अभद्र टिप्पणी के मामले में पासपोर्ट वापस करने के अनुरोध वाली उनकी याचिका पर 28 अप्रैल को सुनवाई की जाएगी। शीर्ष अदालत ने यूट्यूब कार्यक्रम के दौरान टिप्पणियों को लेकर इलाहाबादिया के खिलाफ दर्ज कई प्राथमिकी के संबंध में 18 फरवरी को उन्हें गिरफ्तारी से राहत प्रदान की थी और उन्हें ठाणे के नोडल साइबर पुलिस थाने के जांच अधिकारी के पास अपना पासपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया था।



## महाराष्ट्र में नए सियासी समीकरणों की आहट

# ये क्या हो रहा है? महीनेभर में चार बार मिले शरद और अजित पवार

**एजेंसी ▶▶ मुंबई**

महाराष्ट्र में एक तरफ चर्चा है कि उद्धव और राज ठाकरे दोनों ही सुलह के मूड में हैं। दोनों चचेरे भाइयों के साथ आने से भाजपा की टेंशन बढ़ सकती है। दूसरी ओर शरद पवार और अजित पवार के बीच मुलाकातें बढ़ने लगी हैं। बीते एक महीने में ही शरद पवार और उपमुख्यमंत्री अजित पवार के बीच तीन मुलाकात हो चुकी हैं और चौथी मुलाकात 21 अप्रैल को पुणे के शुगर कमिश्नरेट में हुई। ऐसे में कयास लगाए जाने लगे हैं कि महाराष्ट्र में कोई बड़ा राजनीतिक उलटफेर होने वाला है। दोनों की मुलाकात को लेकर शिवसेना में असंतोष भी देखने को मिला है। कुछ शिवसेना नेताओं ने इस पर नाराजगी जाहिर की। वहीं पुणे के सरसन कॉम्प्लेक्स में कृषि में एआई तकनीक के उपयोग विषय पर आयोजित बैठक में दोनों की मुलाकात हुई।



### पिछले महीने भी हुई थी मुलाकात

इससे पहले 22 मार्च को वसंतदादा शुगर इंस्टिट्यूट में दोनों की मुलाकात हुई थी। इसके बाद 10 अप्रैल जय पवार की सगाई में पूरा परिवार इकट्ठा हुआ था। इसके बाद शरद पवार और अजित पवार रयात शिक्षा संस्थान के कार्यक्रम में भी एक साथ मौजूद थे। शरद पवार ने कहा कि ये दौरे सरकारी या संस्थागत कारणों से थे, लेकिन राजनीतिक गलियारों में चर्चा कुछ और चल रही है। अब देखना होगा कि आगे आने वाले चुनावों से पहले क्या होने वाला है।

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्त्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए श्री राम ऑफसेट, 6, शॉपिंग सेंटर, जोरावर सिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886,